सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 07 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 242, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## किसानों की कीमत पर अमेरिका से समझौता नहीं

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय किसानों के हितों की कीमत पर अमेरिका के साथ कृषि उत्पादों के आयात को लेकर कोई समझौता नही किया जाएगा। } 14

## भारत को बेहतर विपक्षी नेताओं की जरूरत : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी सुधारों को लेकर मोदी सरकार की आलोचना को गलत जानकारी पर आधारित करार देते हुए कहा कि भारत को बेहतर विपक्षी दल और बेहतर विपक्षी नेताओं की जरूरत है। } 16



गणपति बप्पा मोरया अगले बरस जल्दी आ



# भारत-अमेरिका के बीच विशेष संबंध, चिंता की कोई बात नहीं : राष्ट्रपति ट्रंप

एजेंसी

न्यूयॉर्क/वशिंगटन। शुल्क और रूसी तेल खरीद को लेकर अमेरिका और भारत के मध्य मौजूदा तनाव के बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच विशेष संबंध हैं और चिंता की कोई बात नहीं है बस कभी-कभी कुछ ऐसे पल आ जाते हैं।

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में अपने कार्यालय ओवल ऑफिस में शुक्रवार को कहा, मैं हमेशा (नरेन्द्र) मोदी का दोस्त रहूंगा... वह शानदार प्रधानमंत्री हैं लेकिन मुझे इस समय उनके द्वारा किए जा रहे काम पसंद नहीं आ रहे हैं। लेकिन भारत और अमेरिका के बीच विशेष संबंध है, चिंता की कोई बात नहीं है। बस कभी-कभी कुछ ऐसे पल आ जाते हैं। राष्ट्रपति इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या वह भारत के साथ संबंधों को फिर से सुधारने के लिए तैयार हैं, क्योंकि दोनों देशों के बीच संबंध पिछले दो दशकों में संभवतः सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि वह इस बात से बहुत निराश हैं कि भारत रूस से इतना ज्यादा तेल खरीद रहा है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक सवाल के जवाब में कहा मुझे इस बात से बहुत निराशा है कि भारत रूस से इतना तेल खरीदेगा और मैंने उन्हें यह बता दिया है। हमने भारत पर बहुत ज्यादा शुल्क लगाया है, 50 प्रतिशत शुल्क, बहुत ज्यादा शुल्क। मेरे (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी से बहुत अच्छे रिश्ते हैं, वह बहुत अच्छे हैं। वह कुछ महीने पहले यहां आए थे। ट्रंप से पूछा गया था कि क्या अमेरिका ने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। दरअसल ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पोस्ट में कहा था कि लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। ईश्वर करे कि उनका भविष्य दीर्घकालिक और समृद्ध हो। ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के नेता शी चिनफिंग के साथ मोदी की एक पुरानी तस्वीर भी पोस्ट की थी। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का सोशल मीडिया पोस्ट उस समय आया है जब कुछ ही दिन पहले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गर्मजोशी भरे संबंधों ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा। भारत और अन्य देशों के साथ व्यापार वार्ता कैसी चल रही है, इस सवाल पर ट्रंप ने कहा, वे बहुत अच्छी चल रही हैं। अन्य देश भी अच्छा कर रहे हैं। हम उन सभी के साथ अच्छा कर रहे हैं। हम यूरोपीय संघ से नाराज हैं क्योंकि सिर्फ गूगल के साथ ही नहीं, बल्कि हमारी सभी बड़ी कंपनियों के साथ जो हो रहा है, उससे हम नाराज हैं। इस बीच, ट्रंप प्रशासन के व्यापार और विनिर्माण मामलों के वरिष्ठ सलाहकार पीटर नवारो ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के उच्चतम शुल्क से अमेरिकी नौकरियों पर असर पड़ रहा है। नवारो ने कहा, भारत रूस से तेल सिर्फ मुनाफा कमाने के लिए खरीदता ...शेष पृष्ठ 14 पर



### ट्रंप की सकारात्मक राय का समर्थन करता हूं : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वह भारत-अमेरिका संबंधों के सकारात्मक आकलन के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सराहना करते हैं। इससे पहले ट्रंप ने दोनों देशों के विशेष संबंध की सराहना की थी, जिसे दोनों देशों के रिश्तों में आए तनाव को खत्म करने के प्रयास के तौर पर देखा गया। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह हमेशा "मोदी के मित्र रहेंगे, लेकिन मोदी इस समय जो कर रहे हैं, वह उन्हें पसंद नहीं आया। ट्रंप ने हालांकि विस्तार से नहीं बताया कि वह किस बारे में बात कर रहे हैं। मोदी ने कहा हम राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं और हमारे संबंधों को लेकर उनकी सकारात्मक राय की सराहना करते हैं और उसका पूरी तरह से समर्थन करते हैं।

उन्होंने कहा भारत और अमेरिका के बीच बहुत सकारात्मक, दूरदर्शी, व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है। दोनों नेताओं ने 17 जून को फोन पर हुई बातचीत के बाद पहली बार एक दूसरे के बारे में बयान दिए ...शेष पृष्ठ 14 पर



# विकसित यूपी का सारथी बनेगा परिवहन विभाग : योगी

## ❍ मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग की विभिन्न सेवाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास ❍ 400 बसों को दिखायी हरी झंडी



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में परिवहन विभाग की विभिन्न सेवाओं का शुभारंभ और डिजिटल लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने 8 डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस, 16 इलेक्ट्रिक बस, 1 रेट्रोफिट इलेक्ट्रिक बस, 10 सीएनजी बस, दो एसी बस, 20 टाटा बस, 43 आशयर सहित 400 बीएस- सिक्स बसों और सड़क सुरक्षा के लिए 11 इंटरसेप्टर को हरी झंडी दिखायी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाग को बधाई देते हुए कहा कि परिवहन विभाग प्रदेश के पब्लिक ट्रांसपोर्ट का सबसे बड़ा माध्यम है और इसे विकसित भारत की परिकल्पना का सारथी बनना होगा। अब जरूरत है कि शॉर्ट टर्म, मीडियम टर्म और लॉग टर्म प्लानिंग के जरिए विभाग प्रदेश के विकास का सारथी बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, समाज या राष्ट्र यदि समय की गति से पीछे जाता है तो हमेशा के लिए पीछे रह जाता है लेकिन यदि वह समय की गति से दो कदम आगे चलने की क्षमता रखता है, तो विजयश्री का ध्वज फहराता है। उन्होंने परिवहन विभाग से अल्पकालिक (3 वर्ष), मध्यम अवधि (10 वर्ष) और दीर्घकालिक (22 वर्ष) योजनाएं तैयार करने का आह्वान किया। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि फाइल को लटकाने की आदत बंद करनी पड़ेगी। जनसुनवाई को तेजी से आगे बढ़ाना पड़ेगा। विभाग में टीम वर्क को और सशक्त बनाना पड़ेगा तो परिणाम आने में देर नहीं लगेगी।

उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग ने समय-समय पर अपनी सेवाओं से मिसाल पेश की है। 2019 के प्रयागराज कुंभ और 2020 की वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान जब करोड़ों कामगार और श्रमिक अपने-अपने राज्यों और गांवों की ओर लौट रहे थे, तब विभाग ने उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों तक प्रवासियों को सुरक्षित पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। हर संकट की घड़ी में परिवहन विभाग ने समय का सच्चा साथी बनकर प्रदेश और समाज की सेवा की है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रदेश के लिए एक गंभीर चुनौती है। कोरोना काल के तीन वर्षों में जितनी ...शेष पृष्ठ 14 पर

### प्रदेश में हो रहा कई क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण : सीएम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश प्रीमियर टी20 लीग का भव्य समापन शनिवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर फाइनल मैच का टॉस उछालकर शुभारंभ किया। काशी रुद्रास और मेरठ मावेरिक्स के बीच हुए इस रोमांचक मुकाबले ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया। सीएम योगी के आगमन पर दर्शकों का उत्साह चरम पर दिखा। पूरा ...शेष पृष्ठ 14 पर




## संक्षेप

### जीएसटी कटौती पर पीएम मोदी का होगा सम्मान

नयी दिल्ली। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों की दो दिवसीय कार्यशाला रविवार को संसद परिसर में शुरू होगी, जहां जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्मानित किए जाने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक, कार्यशाला की योजना कई दिन पहले ही बना ली गई थी, लेकिन मोदी अब इसमें हिस्सा ले सकते हैं। एक सूत्र ने बताया कि प्रधानमंत्री को नए जीएसटी दर की घोषणा के लिए सांसदों द्वारा सम्मानित किए जाने की उम्मीद है। भाजपा का कहना है कि जीएसटी में बदलाव से लोगों पर कर का बोझ कम होगा और अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। भाजपा और उसके सहयोगी दलों को उम्मीद है कि कई वस्तुओं की कीमतों में गिरावट को लेकर लोगों में सकारात्मक भावना का संचार होने से उन्हें बिहार विधानसभा चुनाव में मदद मिलेगी। बिहार में नवंबर में चुनाव होने की उम्मीद है। भाजपा की कार्यशाला में कई सत्र होंगे, जिनमें पार्टी के इतिहास और विकास के साथ-साथ सांसदों के लिए कार्यकुशलता बढ़ाने के पाठ भी शामिल होंगे।

### जाली प्रमाण-पत्रों से नीट में प्रवेश लेने वाले 11 पर केस

बलिया। जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक काउंसलिंग 2025 में स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों की उप-श्रेणी के तहत फर्जी प्रमाण पत्रों के जरिये प्रवेश लेने वाले 11 अभ्यर्थियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, बलिया शहर कोतवाली में शनिवार को तहसीलदार अतुल हर्ष की शिकायत पर विवेक ठाकुर, ख्याती गुप्ता, सुमित कुमार राय और आशुतोष कुमार के खिलाफ अलग-अलग नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह द्वारा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में चार सदस्यीय जांच समिति गठित कर प्रमाण पत्रों की सत्यापन और जांच कराई गई।

# बिहार के बाद पूरे देश में होगा एसआईआर

## चुनाव आयोग ने 10 सितंबर को बुलायी महत्वपूर्ण बैठक

एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग के शीर्ष अधिकारी अखिल भारतीय स्तर पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के क्रियान्वयन की तैयारियों पर राज्यों के अपने प्रतिनिधियों के साथ अगले हफ्ते चर्चा करेंगे। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि आयोग ने बुधवार को राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक बुलाई है। फरवरी में ज्ञानेश कुमार के मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार संभालने के बाद राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की यह तीसरी बैठक है। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि 10 सितंबर को होने वाली बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें अखिल भारतीय स्तर पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। आयोग ने कहा है कि बिहार के




बाद पूरे देश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जाएगा। ऐसे संकेत हैं कि यह प्रक्रिया इस साल के अंत में और असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु व पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले शुरू कर दी जाएगी। एसआईआर का मकसद अवैध प्रवासियों के जन्मस्थान की जांच करके उन्हें वापस भेजना है। यह कदम विभिन्न राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमा सहित अन्य देशों के अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्वाई के मद्देनजर महत्वपूर्ण है। अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों की शुचिता की रक्षा के अपने संवैधानिक कर्तव्य के निर्वहन के वास्ते पूरे देश में एसआईआर शुरू करेगा। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत चुनाव अधिकारी त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मदद के लिए मतदाताओं से जुड़े आंकड़ों में ...शेष पृष्ठ 14 पर

### गुजरात में माल ढुलाई रोपवे का तार टूटा, छह की मौत

हलोल। गुजरात के पंचमहाल जिले की प्रसिद्ध पावागढ़ पहाड़ी पर शनिवार को एक माल ढुलाई रोपवे का तार टूट जाने से छह लोगों की मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि पावागढ़ पहाड़ी पर यह हादसा अपराह्न करीब तीन बजे हुआ। यह पहाड़ी अपनी चोटी पर स्थित महाकालिका मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरेश दुधात ने हादसे में छह मौतों की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पुलिस और अग्निशमन दल राहत एवं बचाव कार्यों के लिए मौके पर मौजूद हैं। पंचमहल के जिलाधिकारी अजय दहिया ने बताया कि विभिन्न वस्तुओं को ले जाने के लिए बनाया गया रोपवे छह लोगों को लेकर नीचे की ओर जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया।

# जनजातीय परम्पराओं के संरक्षण को प्रतिबद्ध : धामी

## युवाओं को दीं 25 हजार सरकारी नौकरियां, 15 सहायक अध्यापकों को बांटा नियुक्ति पत्र

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार सांस्कृतिक धरोहर और जनजातीय परंपराओं के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने समान नागरिक संहिता लागू की है, लेकिन अनुसूचित जनजातियों की परंपराओं को संहिता से अलग रखा गया है।

यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप आफिस में आयोजित आज जनजाति कल्याण विभाग के आश्रम पद्धति के विद्यालयों में चयनित 15 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 15 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने




वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया।

उत्तराखंड की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में वाली राज्य सरकार ने मात्र चार वर्ष के कार्यकाल में रिकार्ड 25 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान कीं है। इसी क्रम में आज जनजाति कल्याण विभाग के आश्रम पद्धति के विद्यालयों में चयनित 15 ...शेष पृष्ठ 14 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें

❍ बरेली के पौराणिक क्षेत्र अहिच्छत्र का होगा पर्यटन विकास (पृष्ठ-02)
❍ 2047 तक यूपी के बड़े नगर बनेंगे 'सोलरसिटी' (पृष्ठ-02)
❍ सेबी ने फर्जीवाड़े पर निवेशकों को किया आगाह (पृष्ठ-14)
❍ सीमेंट पर जीएसटी में कटौती से लागत घटेगी (पृष्ठ-14)
❍ कर सुधारों से 10 प्रतिशत की वृद्धि हासिल होगी (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब में जनजीवन अस्त-व्यस्त, सड़कों पर रहने को मजबूर लोग

# भारी बारिश के बाद आयी बाढ़ की चपेट में कई राज्य

एजेंसी

नई दिल्ली। राजस्थान में बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। जयपुर में दोपहर बाद तेज बारिश हुई। राजसमंद के रिछेड़ क्षेत्र में तेज बारिश से नेशनल हाईवे-162 (राजसमंद-जोधपुर) का आधा हिस्सा बह गया। उदयपुर में आयड़ नदी का पानी कई कॉलोनियों में घुस गया। कई घर डूब गए हैं, लोग घरों की छतों पर फंसे हुए हैं।

दिल्ली में शनिवार को भी यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मॉनेस्ट्री मार्केट, यमुना बाजार, वासुदेव घाट, निगम बोध घाट, मयूर विहार और कश्मीरी गेट समेत शहर के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हैं। शुक्रवार को सिविल लाइंस के स्वामीनारायण मंदिर परिसर में 5 फीट तक पानी भर गया था। उत्तर प्रदेश के मथुरा में 20 से ज्यादा कॉलोनियों में यमुना का पानी घुस गया है। आगरा में ताज महल की बाउंड्री तक



यमुना का पानी पहुंच गया है। इसके पीछे बना पार्क डूब गया है। शुक्रवार को शहर में तेज बारिश से 50 से ज्यादा सड़कों पर 4 फीट तक पानी भर गया। इससे बाइक-कार डूब गईं। मथुरा के वृंदावन के राधारानी मंदिर के मानसरोवर तक यमुना के बाढ़ का पानी पहुंच गया। पहले जहां यमुना एक से डेढ़ किलोमीटर दूर बहती थीं अब मानसरोवर और यमुना नदी एक हो गए हैं। मंदिर का क्षेत्र पूरी तरह से डूब गया है।

मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले के तोरणमाल में बारिश के चलते भूस्खलन हुआ है। पहाड़ी से बड़ी-बड़ी चट्टानें आकर सड़क पर गिर गई हैं। इसके कारण सड़क जाम हो गई। वहीं, भोपाल के बड़ा तालाब ओवरफ्लो हो गया है। इसके चलते भदभदा डैम के गेट सीजन में पहली बार खुले हैं।

पंजाब के 23 जिलों के 1900 गांव लगभग 12 दिनों से बाढ़ की चपेट में हैं। इससे 3.84 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य में अब तक 43 लोगों की जान जा चुकी है। करीब 1.72 लाख हेक्टेयर में लगी फसल बर्बाद हो गई है। पंजाब में अगले 4 दिनों तक बारिश का अलर्ट नहीं है। इससे बाढ़ से राहत की संभावना है। जम्मू-कश्मीर में लैंडस्लाइड के कारण जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग और सिंथन रोड वाहनों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पीईटी में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते 10 को दबोचा

वरिष्ठ संवाददाता

❍ एआई को आधार बनाकर दे रहे थे परीक्षा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा समूह ग्ग भर्ती के लिए आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) में पहले 10 लोगों को दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ा गया है। पहली पाली में सात और दूसरी पाली में तीन लोगों को दूसरे अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ा गया है। इनके खिलाफ संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

अनधिकृत रूप से प्रतिभाग करने वाले सॉल्वर की पहचान के लिए आयोग ने एआई आधारित फेशियल रिकॉग्निशन सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया जा रहा है। लखनऊ, प्रयागराज, सहारनपुर, गौतमबुद्धनगर, झांसी, मथुरा, अलीगढ़, कानपुर नगर, गाजियाबाद व संत रविदासनगर में एक-एक पकड़े गए हैं। आयोग के अध्यक्ष एनएस साबत के मुताबिक पीईटी के लिए प्रदेश के 48 जिलों में 1479 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में 25.31 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। पहले दिन की परीक्षा 23.79 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी है। पहली पाली के लिए 6,32,999 अभ्यर्थियों में 4,80,918 अभ्यर्थी (75.97 प्रतिशत) उपस्थित रहे और दूसरी ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सीएम योगी ने किया अनेक योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

## परिवहन विभाग ने प्रदेश को दी नयी उड़ान, 1.5 लाख जनसेवा केंद्रों के माध्यम से आमजन को उपलब्ध होंगी परिवहन सेवाएं

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राजधानी लखनऊ से प्रदेशवासियों को परिवहन विभाग की अनेक नई सौगातें दीं। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में सीएम ने विभिन्न सेवाओं, योजनाओं और परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया।

- सीएम ने सरल परिवहन हेल्पलाइन 149 का किया शुभारंभ
- तीन महिला परिचालकों को वितरित किया नियुक्ति पत्र
- सीएम ने पीपीपी मॉडल पर निर्मित होने वाले 7 बस स्टेशनों का किया शिलान्यास

इस अवसर पर उन्होंने 1.5 लाख जनसेवा केंद्रों के माध्यम से आमजन तक 45 से अधिक परिवहन सेवाएं पहुँचाने की सुविधा का शुभारंभ किया, सरल परिवहन हेल्पलाइन 149 लॉन्च की तथा महिला परिचालकों व विभिन्न निवेशकों को नियुक्ति-पत्र व प्रमाणपत्र वितरित किए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने पीपीपी मॉडल पर विकसित किए जाने वाले सात आधुनिक बस स्टेशनों के शिलान्यास सहित जूपिटर ऑडिटोरियम के नवीनीकरण-उच्चीकरण कार्य का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरल परिवहन हेल्पलाइन 149 का शुभारंभ किया। सीएम ने डिजिटल बस ट्रैकिंग (मार्गदर्शी) ऐप का शुभारंभ किया। साथ ही इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट की नई बुकलेट का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत तीन महिला परिचालकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। नियुक्ति पत्र पाने वाली महिला परिचालक आलमबाग डिपो की संगीता गौतम, गोल्डी मौर्या व कैसरबाग डिपो की अंशिका गौतम रहीं। मुख्यमंत्री ने एडीटीएस के नवीनतम केंद्रों को प्रमाण पत्र वितरित किया। सीएम ने यह प्रमाण पत्र देवरिया के वैभव शाही, जौनपुर के कृष्णमूर्ति सिंह, सोनभद्र के आनंद मिश्र, एटा के गौरव शर्मा व गौतमबुद्ध नगर के योगराज सिंह को प्रदान किया। सीएम ने आरवीएसएफ नवीनतम केंद्रों को प्रमाण पत्र भी दिया। यह प्रमाण पत्र हापुड़ के ध्रुव सिंहल, बुलंदशहर के अलीम खान, गाजियाबाद के फरमान व हापुड़ के कैफ खान को दिया गया। मुख्यमंत्री ने 4 नवीनतम आटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर के निवेशकों को प्रमाण पत्र दिया। यह प्रमाण पत्र लखनऊ के रोहित सिंह, आगरा के अजय राय, कानपुर के विवेक श्रीवास्तव व मीरजापुर के अनुपम प्रकाश त्रिपाठी को प्रदान किया गया। आईआईटी खड़गपुर व परिवहन विभाग के मध्य एमओयू हुआ। मुख्यमंत्री के समक्ष हुए एमओयू में विभाग की तरफ से केपी सिंह व आईआईटी खड़गपुर से प्रो. उदय शंकर ने एमओयू आदान-प्रदान किया। परिवहन निगम व सीएससी के मध्य भी एमओयू हुआ। जनसेवा केंद्रों के माध्यम से परिवहन सेवाएं प्राप्त करने वाले चार लोगों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया। यह प्रमाण पत्र बलिया के अनुमेन्द्र प्रताप सिंह, क्रांति कुमार, वाराणसी के पवन सिंह व लखनऊ के अखिलेश शर्मा को दिया गया। सीएम ने पीपीपी मोड पर विकसित किए जाने वाले 7 बस स्टेशनों का शिलान्यास किया। पीपीपी मॉडल पर निर्मित होने वाले बस स्टेशन जीरो रोड (प्रयागराज), सिविल लाइंस (प्रयागराज), गाजियाबाद ओल्ड (गाजियाबाद), रसूलाबाद (अलीगढ़), चारबाग (लखनऊ), अयोध्या धाम (अयोध्या), विभूति खंड गोमतीनगर (लखनऊ) की सीएम ने शिलान्यास किया। इसके अलावा सीएम ने विभिन्न बस स्टेशनों के पुनर्निर्माण, जीर्णोद्धार, उच्चीकरण, सौंदर्यीकरण का भी शुभारंभ किया। वहीं पीपीपी मोड द्वारा विकसित किए जाने वाले बस स्टेशनों के विकासकर्ता मोहित गोयल, ईश्वरदेव शुक्ल, नरेंद्र सिंह ने सीएम का स्वागत किया।

## 2047 तक यूपी के सभी बड़े नगर बनेंगे 'सोलर सिटी'

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकसित यूपी@2047 विजन के तहत उत्तर प्रदेश को ऊर्जा और पर्यावरण के क्षेत्र में नई दिशा देने का खाका तैयार किया है। उनका सबसे बड़ा लक्ष्य आने वाले 22 वर्षों में प्रदेश के सभी प्रमुख नगरों को "सोलर सिटी" के रूप में विकसित करना है। इसके साथ ही यूपी को जलवायु सहिष्णु और शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला राज्य बनाने का भी संकल्प लिया गया है।

योगी सरकार ने 2017 के बाद इस स्थिति को बदलने की दिशा में बड़े कदम उठाए। अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने, हरित परिवहन को प्रोत्साहित करने और वृक्षारोपण को जनांदोलन का रूप देने में सफलता मिली। इसी दौरान "सोलर सिटी" की अवधारणा को भी आगे बढ़ाया गया, जिसके तहत अयोध्या से शुरूआत कर सभी बड़े नगरों को सौर ऊर्जा पर आधारित शहर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बता दें कि 2017 से पहले प्रदेश का ऊर्जा उत्पादन लगभग पूरी तरह थर्मल आधारित था। प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कोई ठोस कार्ययोजना नहीं थी। वृक्षारोपण अभियान सीमित था और अक्षय ऊर्जा का योगदान बेहद कम था।

योगी सरकार ने लघु अवधि (2030) के लक्ष्य तय कर दिए हैं।

- योगी सरकार ने अक्षय ऊर्जा और वृक्षारोपण को बनाया जनआंदोलन
- 2030 तक 15% वक्षाच्छादन और 50% नवीकरणीय ऊर्जा का लक्ष्य
- ग्रीन हाइड्रोजन व अक्षय ऊर्जा में यूपी ने रखा वैश्विक नेतृत्व का लक्ष्य
- 2047 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का सीएम योगी का संकल्प

इनमें अयोध्या सहित सभी प्रमुख नगरों को सोलर सिटी में बदलना, वक्षाच्छादन को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करना, थर्मल ऊर्जा पर निर्भरता घटाकर 50 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा सुनिश्चित करना और सभी पर्यावरणीय एसडीजी लक्ष्यों को प्राप्त करना शामिल है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सरकार ने मध्यम और दीर्घ अवधि (2047) में सरकार का लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश को जलवायु सहिष्णु राज्य के रूप में विकसित किया जाए।

इस दौरान वक्षाच्छादन को 20 प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा और वन क्षेत्र का राष्ट्रीय योगदान 3 प्रतिशत तक पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों को "सोलर सिटी" में तब्दील करने, शून्य कार्बन उत्सर्जन सुनिश्चित करने और ग्रीन हाइड्रोजन व अक्षय ऊर्जा में वैश्विक नेतृत्व हासिल करने की योजना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट मत है कि 'सोलर सिटी' की परिकल्पना न केवल ऊर्जा सुरक्षा का आधार बनेगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक समृद्धि का भी मजबूत जरिया साबित होगी। ग्रीन हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा और वृक्षारोपण जैसे अभियान प्रदेश को 2047 तक न सिर्फ विकसित यूपी बल्कि ग्रीन यूपी भी बनाएंगे।

## बरेली के पौराणिक क्षेत्र अहिच्छत्र का होगा पर्यटन विकास

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग महाभारत सर्किट अंतर्गत बरेली जिला स्थित पौराणिक स्थल अहिच्छत्र के पर्यटन विकास की महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दी है। महाभारत कालीन और जैन धर्मावलंबियों के पवित्र स्थल अहिच्छत्र के समेकित पर्यटन विकास कार्य के लिए 02 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। राज्य सरकार यह कदम बरेली को धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग प्रदेश के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों के आसपास पर्यटक सुविधाओं का तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्राचीन स्थल अहिच्छत्र का विशेष धार्मिक महत्व है। द्वापर युग (महाभारत काल) के बाद अहिच्छत्र पर गुप्त, पाल एवं सेन राजाओं का भी शासन रहा। हर बदलते दौर में अहिच्छत्र का वैभव कायम रहा। इसी दृष्टिकोण से पौराणिक भूमि को पर्यटन के लिहाज से विकसित किया जा रहा है। पर्यटन विभाग अहिच्छत्र के समेकित विकास के माध्यम से बरेली को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर विशिष्ट पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। पर्यटन विकास के अंतर्गत प्रवेश द्वार, सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, सूचना केंद्र, पेयजल व्यवस्था, विश्राम स्थल का निर्माण आदि सुविधाएं विकसित की जाएंगी।



पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया अहिच्छत्र को महाभारत में वर्णित उत्तरी पांचाल प्रदेश की राजधानी कहा जाता था। बरेली मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर आंवला तहसील के रामनगर में महाभारत कालीन अहिच्छत्र का किला है। यह विशाल किला उस दौर के वैभव और विकास का साक्षी है। यहां की वास्तुकला आगंतुकों को लुभाती है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) ने अहिच्छत्र को संरक्षित किया है। अहिच्छत्र में 19वीं और 20वीं सदी में पुरातात्विक खुदाई होती रही। अवशेषों से पता चलता है कि अहिच्छत्र प्राचीन समय में एक समृद्ध व्यावसायिक केंद्र था। ब्रिटिश शासनकाल से लेकर वर्तमान समय तक हुई खुदाई में कई बेशकीमती चीजें प्राप्त हुई, जो देश के अलग-अलग संग्रहालयों में रखे गए हैं। जैन धर्मावलंबियों के लिए अहिच्छत्र महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है, जहां 23वें जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ ने कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति की थी। अनुश्रुतियों के अनुसार पार्श्वनाथ यहां विहार के दौरान आए थे। वर्तमान में बड़ी संख्या में जैन अनुयायी इस पवित्र स्थल की यात्रा के लिए आते हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि अहिच्छत्र हिन्दू, जैन के साथ बौद्ध अनुयायियों के लिए भी महत्वपूर्ण स्थल है। कहा जाता है अहिच्छत्र में भगवान बुद्ध आए थे। यहां उन्होंने नाग राजाओं को धर्म की दीक्षा दी थी। इस दौरान बुद्ध ने अहिच्छत्र में सात दिन बिताए थे। समय के साथ यह नगर बौद्ध धर्म के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित हुआ। तत्पश्चात, मौर्य शासक सम्राट अशोक ने अहिच्छत्र में कई बौद्ध स्तूपों का निर्माण करवाया था। चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी अपने यात्रा विवरण में अहिच्छत्र में बड़े बौद्ध विहारों का उल्लेख किया है।

## घर बैठे बुक करा सकेंगे बस का टिकट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जन-जन तक पारदर्शी और सरल सेवाएं पहुंचाने की दिशा में योगी सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। अब प्रदेशवासियों को परिवहन विभाग की 45 फेसलेस सेवाएं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से घर बैठे उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश परिवहन निगम और सीएससी के बीच हुए एमओयू से आमजन को परिवहन सेवाओं का लाभ और आसानी से मिल सकेगा।

- सीएससी और यूपी परिवहन निगम के बीच एमओयू से मिलेगी सुविधा
- 14 हजार बसों में मिल सकेगी ऑनलाइन टिकटिंग की व्यवस्था

इस एमओयू के बाद परिवहन निगम की 14,000 बसों में टिकट घर बैठे बुक और रिजर्व कराई जा सकेगी। अब यात्रियों को बस स्टेशनों पर लाइन लगाने की जरूरत नहीं होगी। यह सुविधा डेढ़ लाख से अधिक सीएससी केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा, परिवहन विभाग की इन 45 फेसलेस सेवाओं में ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, टैक्स, परमिट समेत अनेक सेवाएं भी शामिल होंगी। इससे जनता को न केवल घर बैठे सुविधाएं मिलेंगी बल्कि प्रक्रिया और भी पारदर्शी होगी।

इस अवसर पर एमडी यूपीएसआरटीसी मासूम अली सरवर ने बताया कि सीएससी के माध्यम से लोगों को पहले से ही कई शासकीय सेवाएं न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब परिवहन निगम की टिकट बुकिंग भी इसी चैनल से संभव हो सकेगी। यह पहल निश्चित ही प्रदेश की जनता को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने में एक दूरगामी कदम साबित होगी।

## सीएम योगी को उत्तराखंड महोत्सव का दिया आमंत्रण

**लखनऊ।** उत्तराखंड महापरिषद के शिष्टमंडल ने आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर उन्हें ऐतिहासिक दस दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव के उद्घाटन हेतु आमंत्रित किया।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को महोत्सव की तैयारियों और मुख्य आकर्षणों—उत्तराखंड गौरव सम्मान उत्तराखंड दर्पण स्मारिका वसुधैव कुटुंबकम् विशेषांक भारत के जैविक उत्पाद, मिलेट्स, हस्तशिल्प एवं हथकरघा प्रदर्शनी, विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति, डांस उत्तराखंड डांस, नाचेगा भारत प्रतियोगिता, कवि सम्मेलन तथा भाषा-बोली आदि कार्यक्रमो से अवगत कराया गया। ऐतिहासिक दस दिवसीय उत्तराखंडमहोत्सव का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 9 नवंबर 2025 को किया जाएगा। इस अवसर पर महोत्सव की सफलता की मंगलकामना हेतु महापरिषद भवन, कुर्मांचल नगर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें दीवान सिंह अधिकारी, मंगल सिंह रावत, भुवन पटवाल, भुवन पाठक, रमेश अधिकारी, जगत सिंह राणा, सी. एम. जोशी, कैलाश सिंह, पंकज खर्खवाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य भक्तगण उपस्थित रहे।

## अच्छी रैंकिंग के लिए उच्च शिक्षा मंत्री ने सभी विश्वविद्यालयों को दी बधाई

**लखनऊ।** नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2025 में उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों ने राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और अकादमिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त करते हुए कई श्रेणियों में ऊंची रैंक हासिल की है। यह इस बात का प्रतीक है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में न कि सिर्फ उच्च शिक्षा का उन्नयन और उच्चीकरण हो रहा है बल्कि उप्र उच्च शिक्षा का एक बड़ा हब बनने की दिशा में अग्रसर भी हो रहा है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने इस अवसर पर सभी कुलपतियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता प्रदेश सरकार के शिक्षा सुधारों, गुणवत्ता उन्नयन और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का प्रत्यक्ष परिणाम है। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि एनआईआरएफ-2025 में मिली यह उपलब्धि प्रदेश की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान, नवाचार और विद्यार्थियों के परिश्रम का सजीव प्रमाण है। उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों ने इतनी बड़ी संख्या में यह उपलब्धि पहली बार हासिल की है। योगी सरकार का लक्ष्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप बनाना है। सभी विश्वविद्यालयों को चाहिए कि वे इस उपलब्धि को और आगे बढ़ाएं तथा अनुसंधान, नवाचार और स्टार्टअप गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाएं।

## प्रदेश सरकार कर्मचारी और मजदूर विरोधी है : डॉ. उदित राज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी असंगठित कामगार के प्रकोष्ठ के चेयरमैन व पूर्व सांसद डॉ. उदित राज ने शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, राजकुमार तिवारी, डॉ. अंशू एंथोनी, विनोद पवार, आदित्य राजपूत, विजय भारद्वाज मुख्य रूप से शामिल रहे।

- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी असंगठित कामगार के प्रकोष्ठ के चेयरमैन व पूर्व सांसद डॉ. उदित राज ने पत्रकारवार्ता को किया सम्बोधित
- उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड के गठन के निर्णय का जताया विरोध




प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए डॉ उदित राज ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार कर्मचारी और मजदूर विरोधी है। यह सरकार इतना मजदूर विरोधी है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय - धर्म सिंह बनाम उत्तर प्रदेश सरकार (19 अगस्त, 2025) के बावजूद इनके हक पर डाका मार रही है। उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने 2 सितंबर को आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड के गठन को मंजूरी दे दी, जो राज्य में आउटसोर्स कर्मचारियों को तीन साल के लिए 16,000-20,000 रुपये के मासिक मानदेय पर नियुक्त करेगा। सरकार के कुल 93 विभागों में 11 लाख आउटसोर्स कर्मचारी प्रभावित होंगे उन्होंने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित करने और उन्हें समान कार्य के लिए समान वेतन प्रदान करने के बजाय, योगी सरकार ने एक ऐसी व्यवस्था बनाई है जो असुरक्षित नौकरियों को वैध बनाती है, स्थायी रोजगार से वंचित करती है और राज्य को अपने कार्यबल के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी से मुक्त करती है। उन्होंने कहा कि हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार कर्मचारियों के नियमितीकरण से संबंधित एक मामले में सुप्रीम कोर्ट में हार गई है। उस फैसले की भावना का पालन करने और स्थायी नियुक्तियों की ओर बढ़ने के बजाय, उप्र सरकार एक आउटसोर्सिंग निगम बनाकर ध्यान भटका रही है। यह श्रमिकों को नियमित सेवा के उनके वैध अधिकार से वंचित करने का एक सीधा प्रयास है। इस अवसर पर उन्होंने पीठ का आदेश के विषय में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मांग किया कि आउटसोर्स सेवा निगम को तुरंत समाप्त करे। स्वीकृत पदों पर कर्मचारियों को सीधे सरकारी पदों पर नियुक्त करने के लिए एक पारदर्शी भर्ती प्रणाली स्थापित करे। मौजूदा आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमितीकरण प्रदान करें। समान कार्य के लिए समान वेतन, करियर में प्रगति और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी दे।

**हॉस्टल बनाने की मांग :** डॉ उदित राज ने कहा कि बसपा जब-जब सत्ता में आयी अनुसूचित जाति/जन जातियों के अधिकारों पर कुठाराघात किया। जितना विकास दलितों का कांग्रेस ने किया अगर वही बचा रहता तो अब तक ये और आगे निकल गए होते। उन्होंने कहा कि 6 सितंबर 2011 को मायावती की सरकार ने उप्र में अनुसूचित जाति/जन जाति के लिए बने छात्रावासों में से 30% सामान्य वर्ग के लिए आदेश निकाल दिया था। उप्र में करीब 266 हॉस्टल हैं, ज्यादातर कांग्रेस की सरकारों ने बनाए थे। अनुसूचित जाति / जनजाति के छात्र आंदोलन कर रहे हैं कि उनके लिए छात्रावास कम पड़ रहे हैं इसलिए 30% काटे गए निरस्त हों।

## सीएम योगी देंगे चयनित अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा वर्ष 2025 में घोषित अंतिम परिणामों में व्यावसायिक शिक्षा के चयनित विभिन्न व्यवसायों के 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों से लोक भवन स्थित ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में भी कार्यक्रम का आयोजन होगा, जहां सांसद एवं विधायकगण सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह अवसर न केवल चयनित अभ्यर्थियों के जीवन में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करेगा बल्कि प्रदेश सरकार के इस संकल्प का भी प्रमाण है कि योग्यता और पारदर्शिता के आधार पर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना हीप्राथमिकता है।

## शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा पर योगेन्द्र उपाध्याय ने जताया आभार

**लखनऊ।** शिक्षक दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की ऐतिहासिक घोषणा की। इस निर्णय से प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, सहायता प्राप्त विद्यालयों व महाविद्यालयों के शिक्षक ही नहीं बल्कि शिक्षामित्र, अनुदेशक और रसोइए तक को लाभ मिलेगा। यह सुविधा लगभग नौ लाख शिक्षक परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगी और आकस्मिक परिस्थिति में उन्हें राहत देगी। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शिक्षक जगत की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जहां उनका यह निर्णय शिक्षा उनकी मानवीय संवेदनाओं को दर्शाता है वहीं शिक्षा जगत के लिए मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनके योगदान के प्रति सरकार की सच्ची कृतज्ञता है। यह सुविधा न केवल शिक्षकों के परिवारों को सुरक्षा प्रदान करेगी बल्कि शिक्षा व्यवस्था में उत्साह और विश्वास का नया संचार भी करेगी।

## जानसठ में बनेगा महर्षि कश्यप स्मारक

**लखनऊ।** योगी सरकार ने मुजफ़्फ़रनगर जनपद को बड़ा तोहफा देते हुए मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के कस्बा जानसठ में भगवान महर्षि कश्यप का भव्य स्मारक बनाने की घोषणा की है। इस ऐतिहासिक योजना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने 1 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। प्रस्ताव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप द्वारा प्रस्तुत किया गया था, जिस पर सरकार ने सहमति जताते हुए बजट जारी कर दिया है। जानसठ क्षेत्र पहले से ही धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष पहचान रखता है। महर्षि कश्यप स्मारक के निर्माण से यह स्थान न केवल आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पर्यटन की गतिविधियों से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार व व्यवसाय के अवसर बढ़ेंगे।

## भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर : अखिलेश यादव

### कन्नौज में सपा प्रमुख ने दिवगंत संविदा बिजली कर्मी और अग्निवीर शहीद सौरभ पाल के घर पहुंचकर शोक संवेदना जतायी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। भाजपा सरकार संवेदनहीन है। इस सरकार में किसी के साथ न्याय नहीं हो रहा है। सरकार में बैठे लोग अन्याय कर रहे है।



कन्नौज में शनिवार को पुनगरा ग्राम में संविदा बिजली कर्मी स्वर्गीय बृजेश राठौर के घर पहुंचकर श्रद्धांजलि एवं शोक संवेदना प्रकट करने के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि बृजेश राठौर के साथ अन्याय हुआ। बृजेश राठौर की जान लापरवाही से गयी। इस परिवार को न्याय मिलना चाहिए। जो लापरवाह और दोषी है उनके खिलाफ कार्रवाई होती, तो परिवार के लोग संतुष्ट होते लेकिन इस परिवार के साथ अन्याय हुआ है। हमारी मांग है कि जिसकी लापरवाही की वजह से बृजेश राठौर की जान गयी है, उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इस परिवार पर लगे झूठे मुकदमे वापस हो। दबाव बनाने और वसूली के लिए तमाम लोगों के खिलाफ अज्ञात में मुकदमा लगे है, वह भी वापस हो। इस अवसर पर स्वर्गीय बृजेश राठौर के परिवार की दो लाख रुपये से आर्थिक मदद की घोषणा करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इनके भाई और पत्नी को सरकार सरकारी नौकरी दे और परिवार को न्याय दे।

इसके बाद अखिलेश यादव ने कन्नौज के इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भरखरा में निवासी अग्निवीर शहीद सौरभ पाल के घर पहुंचकर परिवार से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की और श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के ही ग्राम बघेलेपुरवा में स्वर्गीय राम नरेश प्रधान के परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा है कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी को लेकर जनता में भाजपा से भारी नाराजगी है। भाजपा सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं सब बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि सपा, दोषपूर्ण जीएसटी और भारी टैक्स का मामला लम्बे समय से उठा रही है। दोषपूर्ण जीएसटी के कारण महंगाई बहुत बढ़ गयी है। आखिरकार सरकार को जीएसटी की खामियों को स्वीकार करना पड़ा। जीएसटी ने व्यापार और व्यापारियों को बर्बाद कर दिया। सरकार बताए कि जनता और व्यापारियों पर जीएसटी थोपने का फैसला किसकी सलाह पर लिया था। अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार की विदेश नीति को असफल बताते हुए कहा कि सरकार पूरी तरह से फेल है। चीन भरोसे लायक नहीं है। चीन ने भारत को कई बार धोखा दिया है। हमारी जमीन पर कब्जा किया है। आपरेशन सिंदूर में भी चीन ने पाकिस्तान की मदद की। उसकी नजर भारत की जमीन और कारोबार पर है। उसी चीन से भाजपा सरकार व्यापार बढ़ा रही है। सरकार को चीन से सावधान रहना चाहिए। वोट चोरी को लेकर श्री अखिलेश यादव ने कहा कि वोट चोरी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। चुनाव आयोग ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करे।

## आकाश आनंद के ससुर ने मायावती से माफी मांगी



**लखनऊ।** बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद के ससुर और पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ ने शनिवार को पार्टी सुप्रीमो मायावती से सोशल मीडिया पर माफी मांग ली। आकाश आनंद, मायावती के भतीजे हैं। बसपा के दिग्गज नेताओं में शुमार अशोक सिद्धार्थ को इस साल 12 जनवरी को मायावती ने पार्टी से निष्कासित कर दिया था। पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ ने एक्स पर एक पोस्ट साझा कर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगी। सिद्धार्थ ने स्वीकार किया कि पार्टी में रहते हुए उनसे कुछ गलतियां हुईं, जिनका उन्हें गहरा अफसोस है। सिद्धार्थ ने पोस्ट में कहा, वह बहनजी के चरणों में नतमस्तक होकर क्षमा याचना करते हैं। कार्यकाल के दौरान जाने-अनजाने या गलत लोगों के बहकावे में आकर उनसे गलतियां हुईं, जिसके लिए वे दिल से माफी मांगते हैं। उन्होंने कहा, जाने-अनजाने में और गलत लोगो के बहकावे में आकर जो भी गलतियां हुई हैं, उसके लिये मैं बहन जी से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। पूर्व सांसद ने आश्वासन दिया कि भविष्य में वह कभी भी पार्टी अनुशासन से बाहर जाकर काम नहीं करेंगे और केवल मायावती के मार्गदर्शन और दिशा-निर्देशों में रहकर ही सक्रिय राजनीति करेंगे। सिद्धार्थ ने यह भी स्पष्ट किया कि वह रिश्तेदारी या निजी संबंधों का कोई नाजायज फायदा नहीं उठाएंगे।

संक्षेप

## श्रद्धाभाव से संपन्न हुई अनंत चतुर्दशी

**जसवंतनगर, इटावा।** पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल अभिषेक एवं शांति धारा से हुआ, जिसे श्रद्धालु अतिशय जैन ने संपन्न कराया। इसके पश्चात मंदिर परिसर में विविध धार्मिक अनुष्ठान और कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमे विशेष पूजा हुई इस अवसर पर उत्तम ब्रह्मचर्य व्रत का महत्व प्रतिपादित किया गया तथा वासुपूज्य भगवान के निर्वाण कल्याणक महोत्सव का निर्वाण लाडू अर्पित किया गया श्रद्धालुओं ने गहन श्रद्धा से अनंत चतुर्दशी पर्व मनाया। विद्वान श्रेयास जैन ने उत्तम ब्रह्मचर्य पर प्रवचन देते हुए कहा सच्चे ब्रह्मचर्य का पालन तभी संभव है, जब प्रत्येक नारी को माँ-बहन समान समझा जाए। इसी भावना से जीवन शुद्ध और पवित्र बन सकता है। दिनभर मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। सभी ने भगवान के चरणों में आस्था अर्पित कर धर्मलाभ प्राप्त किया। वातावरण मंगलाचरण और भक्ति गीतों से गूंजता रहा। इस दौरान जैन भक्तो ने उपवास किया किसी ने एकासान तो किसी ने निर्जला जैसे व्रत किये।

## भण्डारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**प्रतापगढ़।** भगवान गणेश चतुर्थी को लेकर शनिवार को नगर के श्रीहनुमत निकेतन में भण्डारे का आयोजन हुआ। भण्डारे में राहगीरों के साथ स्थानीय व्यापारियों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश का पूजन अर्चन कर भव्य आरती उतारी। इस मौके पर दयाशंकर पटवा, रोहित जायसवाल, राहुल जायसवाल, सदाशिव जायसवाल, बबलू पटवा, श्रवण पटवा आदि रहे।

## अनंत चतुर्थी पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

**जसवंतनगर, इटावा।** अनंत चतुर्थी के अवसर पर शनिवार को गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। सिरहौल गांव के पास भोगनीपुर गंग नहर पुल के निकट प्रशासन द्वारा बनाए गए गहरे गड्ढे में पानी भरकर मूर्तियों का विसर्जन कराया गया। सुबह से लेकर शाम तक बलरई, कुडाखर और सिरहौल नहर पुल पर दो सौ से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। थाना प्रभारी संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा और नहर में विसर्जन की अनुमति नहीं दी गई। सभी मूर्तियों को गड्ढे में ही विसर्जित कराया गया। प्रशासन का कहना है कि नहर में विसर्जन से हादसे का खतरा और प्रदूषण की आशंका रहती है। वहीं, श्रद्धालुओं ने दुखी मन से गड्ढे में प्रतिमाओं का विसर्जन कर परंपरा निभाई गौरतलब है कि गणेश चतुर्थी पर स्थापित प्रतिमाओं का अनंत चतुर्थी पर विसर्जन विशेष महत्व रखता है। इस दौरान भक्त आरती और मंत्रोच्चार करते हुए गणपति बप्पा को विदाई देते हैं। श्रद्धालु मानते हैं कि विसर्जन के समय जय गणेश का जाप करना अत्यंत शुभ फलदायी होता है।

# पंचायत भवन का काम अधूरा डीएम ने सचिव का वेतन रोका

### 30 नवंबर तक काम पूरा करने का निर्देश



**सिद्धार्थनगर।** विकास खंड शोहरतगढ़ स्थित ग्राम पंचायत मदरहना जनूबी में मनरेगा योजना के तहत पंचायत भवन का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने शनिवार को मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत भवन और बाउंड्रीवाल की वास्तविक स्थिति की जांच की। स्टीमेट और माप पुस्तिका का मिलान कराने पर काम में धीमी प्रगति सामने आई। जिलाधिकारी ने पंचायत सचिव रामस्वरूप गुप्ता को जिम्मेदार मानते हुए उनका वेतन रोक दिया। निर्माण कार्य 30 नवंबर 2025 तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है। समय सीमा का पालन न होने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत भवन न होने से बैठकों और सामुदायिक गतिविधियों के लिए अस्थायी स्थानों का सहारा लेना पड़ रहा है। महीनों से काम रुका हुआ है। जिम्मेदार कर्मचारी इसमें रुचि नहीं ले रहे हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मनरेगा के तहत होने वाले कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता अनिवार्य है। प्रशासन अब किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा।

## पुलिस प्रशासन में फेरबदल, 8 थानाध्यक्षों को मिली नयी जिम्मेदारी

सद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने शनिवार को प्रशासनिक फेरबदल किया। कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आठ थानाध्यक्षों और प्रभारी निरीक्षकों के तबादले किए गए हैं। गौरव सिंह को ढेबरुआ से बांसी का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। बांसी के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी को शोहरतगढ़ भेजा गया है। चुनाव सेल से राजेश कुमार को चिल्हिया का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। अपराध शाखा से रविन्द्र सिंह को चुनाव सेल की जिम्मेदारी दी गई है। मिश्रौलिया थाने से नारायण लाल श्रीवास्तव को ढेबरुआ का थानाध्यक्ष बनाया गया है। चिल्हिया के थानाध्यक्ष रामदेव को त्रिलोकपुर भेजा गया है। कपिलवस्तु से बृजेश सिंह को मिश्रौलिया और त्रिलोकपुर के थानाध्यक्ष विपिन प्रकाश सिंह को कपिलवस्तु का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सभी अधिकारियों को नई जगह पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। थानों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाएगी। प्रदर्शन के आधार पर आगे भी परिवर्तन किए जा सकते हैं। इस फेरबदल से जिले में अपराध नियंत्रण और जनसमस्याओं के समाधान में तेजी आने की संभावना है।

## दंपति को बंधक बनाकर लूटे, महिला को पीटा, जेवर-नकदी लेकर फरार

**सिद्धार्थनगर।** ढेबरूवा थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। तुलसीयापुर गांव में रात करीब 3 बजे अज्ञात बदमाश एक परिवार के घर में घुस गए। बदमाशों ने दरवाजे में छेद कर अंदर से कुंडी खोली। फास्ट फूड की दुकान चलाने वाले सूरज यादव और उनकी पत्नी को बदमाशों ने बंधक बना लिया। बदमाशों ने दंपति के साथ मारपीट की। सूरज यादव की पत्नी को गंभीर चोटें आईं। बदमाश घर से जेवरात और नकदी समेत कीमती सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ित महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। क्षेत्र के लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जिले में पिछले दिनों 16 चोरियां हुईं। इनमें से पुलिस केवल एक मामले का खुलासा कर पाई है। 15 मामले अभी भी अनसुलझे हैं। पहले चोर ताला तोड़कर या सेंधमारी करते थे। अब वे सीधे घरों में घुसकर लूट कर रहे हैं।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**सिद्धार्थनगर।** ढेबरूवा थाना क्षेत्र के झीगहा गांव में एक विवाहिता का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतका की पहचान 22 वर्षीय लक्ष्मी के रूप में हुई। लक्ष्मी की शादी 3 मई 2025 को झीगहा निवासी विनोद से हुई थी। मृतका का मायका शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के करा गांव में है। मायके पक्ष ने पति विनोद और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के पिता जैसराम, चाचा शेषराम और बड़े पिता सहदराम का कहना है कि लक्ष्मी आत्महत्या नहीं कर सकती। उनका आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल पक्ष लक्ष्मी को प्रताड़ित करता था। परिजनों के अनुसार, लक्ष्मी जब भी मायके आती थी, वह ससुराल में होने वाले उत्पीड़न की बात करती थी। पति विनोद और घरवाले उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी पवीन प्रकाश ने बताया कि मृतका के पिता की शिकायत पर पति विनोद और परिवारजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सामने आएगी। पुलिस का कहना है कि जांच निष्पक्ष तरीके से की जाएगी।

# समारोहपूर्वक मनायी गयी संस्थापक पं. भगवानदीन दुबे की जयंती

- बीडी दुबे इण्टर कालेज में संस्थापक दिवस पर मेधावियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दीं मनमोहक प्रस्तुतियां





**प्रतापगढ़।** पहाड़पुर स्थित बीडी दुबे इण्टर कालेज परिसर में शुक्रवार को समाजसेवी स्व0 पं0 भगवानदीन दुबे की एक सौ सत्ताईसवीं जयंती समारोहपूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक नवीन दुबे एवं प्रो0 मालाधर दुबे तथा प्रर्मिला दुबे ने स्वर्गीय पं0 भगवानदीन दुबे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। छात्रा जान्हवी, अस्मिता व माही दुबे ने सरस्वती वंदना तथा प्रिया तिवारी व श्रद्धा, रिया शुक्ला, प्रीती, लक्ष्मी, जया मिश्रा ने स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। तेरी मिटटी में मिल जावां राष्ट्र वंदना पर फिजा बानो, दिशा वर्मा, आंचल, खुशबू सरोज व प्रिया यादव, रंजना, खुशी, किरन मिश्रा, हरजीती, दृष्टि पाल, अंशिका, सिद्धि मिश्रा, अनन्या, अनुष्का, सेजल, अंजली, सोनम त्रिपाठी का भावनृत्य देख अभिवावक मंत्रमुग्ध हो उठे। प्रधानाचार्य अखिलेशचन्द्र पाण्डेय ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र वर्मा ने कहा कि आधुनिक परिवेश में भारतीय बच्चों की प्रतिभा सफलता के सर्वोच्च मुकाम को हासिल कर रही है। उन्होनें पहाड़पुर क्षेत्र में स्व0 भगवानदीन दुबे के द्वारा शिक्षण संस्थान व अस्पताल तथा सड़क निर्माण जैसी परियोजनाओं को सामाजिक उत्थान के लिए दूरदृष्टि कहा। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी के प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह ने बतौर विशिष्ट अतिथि छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। ऑल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने भी शैक्षिक उन्नयन पर विचार रखे। प्रबन्धक नवीन कुमार दुबे ने स्व0 भगवानदीन दुबे के कालजयी व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। संस्थापक दिवस समारोह में एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने पूर्व उप राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा की ओर से एनसीसी कैडर्स तथा मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर हौसला आफजाई की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 मालाधर दुबे ने किया। संचालन शिक्षक ज्ञानप्रकाश उपाध्याय व ब्रम्हदत्त शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। आभार प्रदर्शन सह संयोजक नरेन्द्र तिवारी ने किया। समारोह को पूर्व प्रधानाचार्य डॉ0 ज्ञानेन्द्रनाथ त्रिपाठी, पं0 विश्राम मिश्र, माशिसं के जिलाध्यक्ष आलोक शुक्ला, राजकिशोर शुक्ल, पूर्व प्रधानाचार्य गुरूवचन सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर माता प्रसाद शुक्ल, भास्कर पाल त्रिपाठी, कन्दर्प पाण्डेय, अशोक मिश्र, सुरेश नारायण पाण्डेय, सरोज कुमार सिंह, डॉ0 प्रशांत पाण्डेय, डॉ0 ललित पाण्डेय, देवमणि तिवारी, रामसजीवन झुड़िया आदि रहे।

# शिक्षक दिवस पर सम्मानित हुए शिक्षक




**प्रतापगढ़।** सगरा सुंदरपुर स्थित रामकृपाल मिश्र इण्टर कालेज एवं चिल्डेज्न पैराडाइज स्कूल में शिक्षक दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य विकास मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होने कहा कि शिक्षकों का दायित्व देश और समाज को जागरूक पीढ़ी तैयार करना है। उन्होने संस्था की ओर से विद्यालयों के अध्यापकों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन ध्रुव नारायण मिश्र व संचालन समशाद अहमद ने किया। इस मौके पर किरन कुमार ओझा, रोहित यादव, सूर्यभान वर्मा, शिव कुमार गुप्ता, संजू त्रिपाठी, सुचिता त्रिपाठी, साक्षी सिंह, निशा सिंह, फातिमा, श्रद्धा तिवारी, तरन्नुम बान और डॉली पाण्डेय, श्रद्धा सिंह आदि रहे।

## 119 शिकायतों में सात का निस्तारण

**प्रतापगढ़।** तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में 119 प्रार्थना पत्रों में अफसरों ने 7 का निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व की 67, पुलिस 22, विकास 13, बेसिक शिक्षा दो, विद्युत 3, आपूर्ति पांच व अन्य विभागों की सात रहीं। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने शिकायतों की सुनवाई की। उन्होने जमीनी विवाद से जुड़े मामलों में राजस्व एवं पुलिस टीम का गठन कराया। संयोजन तहसीलदार गरिमा वर्मा ने किया। इस मौके पर एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार, ईओ नपं इन्द्र प्रताप, बीडीओ मानवेंद्र शर्मा, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला आदि रहे।

## वंदन योजना से गौतम नगर में विकास का शुभारंभ

जिला संवाददाता (vol)

**श्रावस्ती।** जनपद के इकौना नगर में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित वंदन योजना के अंतर्गत मोहल्ला गौतम नगर स्थित हनुमान मंदिर एवं साऊताला तालाब के सौन्दर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्यों का भव्य शिलान्यास किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर श्रावस्ती विधायक पंडित रामफेरन पाण्डेय ने विधिवत शिलान्यास कर विकास कार्यों का श्रीगणेश किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा, नगर पंचायत इकौना के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार, सभासदगण एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा माननीय नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा की दूरदर्शी सोच के कारण जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव-गांव और नगर-नगर तक पहुँच रहा है। उन्होंने कहा कि वंदन योजना के माध्यम से धार्मिक स्थलों का संरक्षण, जलस्त्रोतों का पुनर्जीवन, तथा सामाजिक एकता का संवर्धन संभव हो रहा है। हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार श्रद्धालुओं के लिए आस्था का नया केंद्र बनेगा, वहीं साऊताला तालाब का सौन्दर्यीकरण नगरवासियों के लिए पर्यावरणीय संतुलन और आध्यात्मिक शांति का स्रोत सिद्ध होगा। जिलाध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा ने कहा कि यह योजना केवल विकास का प्रतीक ही नहीं बल्कि संस्कृति, सभ्यता और समृद्धि की नई धारा है। कार्यक्रम में मौजूद जनसमूह ने हर्षोल्लास के साथ विधायक का स्वागत किया और भाजपा सरकार की योजनाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न

**इकौना, श्रावस्ती।** जगतजीत इंटर कॉलेज इकौना में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राम बिहारी वाजपेई ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधक राकेश कुमार खरे उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ शिक्षकों का सम्मान, अभिनंदन और वंदन करते हुए किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक राकेश कुमार खरे ने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा भारत की संस्कृति का अभिन्न, पवित्र और स्वर्णिम हिस्सा है। शिक्षक उस माली के समान हैं, जो बगीचे को सुंदर, सुसज्जित और सुवासित बनाने के लिए विविध फूलों की तरह विद्यार्थियों को संस्कार, शिक्षा और ज्ञान से सजाते हैं। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा को हर घर तक पहुंचाने के लिए सरकार, समाज और विद्यालय लगातार प्रयासरत हैं। प्रधानाचार्य राम बिहारी वाजपेई ने कहा कि वर्तमान समय में गुरु-शिष्य की परंपरा पर कभी-कभी कलंक, प्रश्नचिह्न और अविश्वास की छाया पड़ जाती है। आए दिन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के बीच दुराचार, दुर्व्यवहार और दुर्भावना की घटनाएं सुनने को मिलती हैं। इसलिए विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों को ही चाहिए कि वे इस परंपरा को संजीवनी, सार्थकता और सम्मान प्रदान करें। उन्होंने कहा कि माता-पिता, परिवार, समाज, गुरु और संस्कार मिलकर ही भविष्य की आधारशिला, मजबूती और दिशा तय करते हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने जीवन में ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, अनुशासन, परिश्रम, संयम और सद्भावना जैसे गुणों को आत्मसात करें। समारोह में पूर्व शिक्षक नरेश खोसला, अच्छे लाल चौधरी, राजेश कुमार दुबे, शैलेंद्र कुमार वर्मा, शैलेंद्र कुमार सिंह, उदयभान पांडे, वेद प्रकाश पांडे, विष्णु उपाध्याय, श्रीनिवास तिवारी और हनुमान प्रसाद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# संगठन को परिवार की तरह समझें पत्रकार

- मेरठ में नई कार्यकारिणी गठित



**मेरठ।** शनिवार को उपजा के नवनिर्वाचित संयोजक वरिष्ठ पत्रकार मुकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि संगठन से जुड़े सभी सदस्य तथा पदाधिकारी संगठन को परिवार के सदस्यो की तरह समझ कर इसकी नीतियों को आगे बढ़ाएं। वही संजीव शर्मा ने कहा कि संगठन के सदस्यों की संगठन के प्रति निष्ठा होनी चाहिए, पद होने या नहीं होने से कोई फर्क नहीं पड़ता। वही उपजा संगठन के नवनिर्वाचित संरक्षक सुरेश चंद शर्मा ने कहा कि संगठन की नीतियों को धरातल पर उतारने के लिए संगठन से जुड़े सभी सदस्यों का सहयोग जरूरी है वहीं उन्होंने अनुशासन समिति बनाए जाने की भी मांग की। उप्र जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) ने मेरठ में अपने कुनबे का दायरा और बड़ा करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया है। शनिवार को आबूलेन स्थित होटल सफायर में आयोजित भव्य बैठक में संगठन ने जिले के साथ-साथ तहसील स्तर पर भी नई कार्यकारिणी गठित कर पत्रकारिता जगत को नई ऊर्जा दी। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ पत्रकारों और पदाधिकारियों ने उपजा परिवार से जुड़े नए चेहरों का स्वागत किया।

बैठक की अध्यक्षता मेरठ जिला अध्यक्ष व प्रदेश सचिव गौरव चौधरी ने की। सर्वसम्मति से जिले की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कई महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए वरिष्ठ पत्रकार सुरेश चंद्र शर्मा को संगठन का संरक्षक नियुक्त किया गया। वहीं, संगठन की मजबूती और समन्वय की जिम्मेदारी मुकेश कुमार गुप्ता, संजीव शर्मा को संयोजक बनाकर दी गई। हाशमे आलम, शैलेंद्र राणा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। शाह फिरोज और सोमेश भारद्वाज को उपाध्यक्ष पद दिया गया। आर्थिक मामलों और संगठन की वित्तीय व्यवस्था की देखरेख की जिम्मेदारी जितेंद्र शर्मा को कोषाध्यक्ष बनाकर दी गई। वहीं संगठन की गतिविधियों को गति देने के लिए तीन सचिव नियुक्त किए गए हैं नवनीत बैसला, गोहर अनवर, और रिदा खान होंगे। तहसील स्तर पर संगठन के विस्तार की दिशा में दौराला तहसील अध्यक्ष भूषण अरोड़ा को बनाया गया। संगठन की छवि और पत्रकारों की आवाज को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी मीडिया प्रभारी नवीन मिश्रा को दी गई। वहीं, तहसील स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए रईस को तहसील अध्यक्ष और मवाना क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के लिए राजपाल सिंह को मवाना तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष गौरव चौधरी ने तहसील और ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे आगामी 15 दिनों में अपनी-अपनी कार्यकारिणी का गठन करें और इसे जिला कार्यकारिणी को अवगत कराएं। इस मौके पर मौजूद सभी पदाधिकारियों और पत्रकारों ने नई कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए कहा उपजा अब निचले स्तर तक पत्रकारों की समस्याओं को उठाएगा और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा।

## कवियों ने बहायी साहित्यक रसधार



**प्रतापगढ़।** कैथौला बाजार में गणेश उत्सव को लेकर शनिवार को भक्तों ने धूमधाम से प्रतिमा का विर्सजन किया। वहीं धार्मिक आयोजन को लेकर साहित्य सृजन एवं समाज सेवा ट्रस्ट द्वारा कवि गोष्ठी में रचनाकारों ने सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकार पर रचनाएं पढ़ी। गोष्ठी का शुभारंभ साहित्यकार डॉ0 अनुज नागेन्द्र एवं आचार्य अनीस देहाती ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। गीतकार नरेन्द्र निराश की सरस्वती वंदना मनमोहक दिखी। गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि लालगंज सीओ आशुतोष मिश्र ने सामाजिक सदभाव पर जोर दिया। करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद सिंह द्वारा सीओ आशुतोष को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ0 अनुज नागेन्द्र की रचना-बेटवा कै परा बियाह अहय सराही गयी। मानसरत्न डॉ0 अम्बिकेश त्रिपाठी की भी देश प्रेम से जुड़ी रचना लोगों को पसन्द आयी। संगीतज्ञ डॉ0 बच्चाबाबू वर्मा का गीत-हम पर अपना प्यार बनाये रखियेगा को भी श्रोताओं ने पसन्द किया। गोष्ठी में कवि हर्ष बहादुर सिंह हर्ष, श्याम मनमौजी, राजहंस शुक्ल, सत्येन्द्र सौम्य की भी रचना पर तालियां गूंजती दिखीं। अध्यक्षीय कवि आचार्य अनीस देहाती ने गीता के छंद पढ़कर राष्ट्रीयता का जोश भरा। स्वागत भाषण सह संयोजक शिवपूजन जायसवाल ने किया। आयोजन समिति द्वारा साहित्यकारों को अंगवस्त्रम तथा माल्यार्पण कर सम्मान प्रदान किया। इस मौके पर प्रवीण कुमार सिंह, प्रधान कबीरदास, कुंवर अजेन्द्र सिंह, राहुल सिंह, महेन्द्र सिंह, श्रीराम जायसवाल, बासुदेव जायसवाल, आलोक सिंह, अमित सिंह, प्रेमचन्द्र केसरवानी, जितेन्द्र सिंह, रिंकू तिवारी, मुकेश सिंह, शिवराम अग्रहरि, जगतपाल मौर्य आदि रहे।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से शिक्षामित्र की दर्दनाक मौत, पत्नी रेफर

**प्रतापगढ़।** दुर्घटना में शिक्षामित्र की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया। शनिवार को दोपहर लखनऊ-वाराणसी नेशनल हाइवे के अन्तर्गत लीलापुर के समीप एक पेट्रोल पम्प के पास तेज रफ्तार से आ रही स्कार्पियो ने बुलेट सवार दम्पति को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में पति की दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं गंभीर रूप से घायल मृतक की पत्नी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजवाया गया। लीलापुर थाने के रसूलपुर गुलरहा निवासी अम्बिका प्रसाद तिवारी के पुत्र अश्विनी कुमार 50 दोपहर में बुलेट से पत्नी सुमन 45 के साथ सामान की खरीददारी करने के लिए प्रतापगढ़ शहर जा रहे थे। खरगपुर पेट्रोल पम्प के पास अचानक तेज गति से आ रही स्कार्पियो ने बुलेट को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दम्पति हाइवे पर गिर पड़े और गंभीर रूप से चुटहिल हो गये। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल उपचार के लिए भेजवाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने अश्विनी कुमार को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी सुमन का उपचार जारी बताया गया है। मृतक अश्विनी क्षेत्र के तेतारपुर विद्यालय में शिक्षामित्र था। मृतक चार भाईयों में तीसरे नंबर का था। मृतक अपने पीछे बेटा अभिजीत व बेटी साक्षी को छोड़ गया है। शिक्षामित्र की मौत की सूचना परिजनों को हुई तब कोहराम मच गया। लीलापुर एसओ मनोज पाण्डेय का कहना है कि शव का पीएम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।



## मलबे में दबने से महिला की मौत, विधायक मोना की ओर से दी गयी मदद



**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के बभनपुर गांव में दीवार के मलबे में दबने से महिला की मौत को लेकर परिजनों में तीसरे दिन शनिवार को भी कोहराम मचा दिखा। इधर घटना की जानकारी पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के निर्देश पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केडी मिश्र पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे। प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने विधायक मोना व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की ओर से प्रभावित परिवार को सहायता के तहत किट व आर्थिक सहायता प्रदान की। वहीं विधायक मोना ने दीवार ढहने से महिला की मौत पर शासकीय सहायताओं के बाबत अफसरों से फोनिक वार्ता भी की है। मृतका सोनम का शुक्रवार की देर शाम अंतिम संस्कार कर दिया गया। वही मलबे में दबने से घायल सचिन का इलाज जिला अस्पताल में जारी बताया जाता है। घटना को लेकर तहसील प्रशासन द्वारा मृतका के परिजनों के लिए अनुमन्य शासकीय सहायता राशि तथा मकान क्षतिपूर्ति की भी आंशिक सहायता राशि के लिए डीएम को संस्तुति की गयी है। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्रभावित परिवार की हर संभव मदद के लिए प्रशासन द्वारा शासन को भी आख्या भेजवायी जाएगी।

## भिनगा तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित



**श्रावस्ती।** डीएम अजय कुमार द्विवेदी व एसपी राहुल भाटी की अध्यक्षता में भिनगा तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कुल आठ शिकायतें सुनीं, जिनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। प्रार्थी महफूजर्रहमान ने गाटा संख्या 236 पर टीनशेड निर्माण में बाधा की शिकायत की, जिस पर डीएम ने एसडीएम एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। प्रार्थिनी राजवन्ती ने भूमि बंटवारे के अनुपालन हेतु खतौनी व नक्शा में प्रविष्टि की मांग की। डीएम ने तत्काल तहसीलदार भिनगा को कार्यवाही कर अवगत कराने का निर्देश दिया। अब्दुल गफ्फार ने कोटेदार द्वारा राशन में कटौती और धमकी की शिकायत की। डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को तुरंत राशन उपलब्ध कराने और जांच करने के आदेश दिए। प्रार्थी दिनेश कुमार ने मार्ग अवरुद्ध करने की शिकायत की। डीएम ने थानाध्यक्ष सिरसिया को राजस्व विभाग की टीम के साथ जाकर रास्ता खुलवाने का निर्देश दिया। जमुनहा तहसील में आठ शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं इकौना तहसील में दस प्रार्थना पत्र आए, जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। कार्यक्रम में एसडीएम भिनगा आशीष भारद्वाज, पुलिस क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा, बीडीओ, राजस्व अधिकारी, लेखपाल सहित बड़ी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

संक्षेप

## डांट से नाराज किशोर घर से लापता

**ऊसराहार, इटावा।** मोबाइल के लिए डांट से नाराज होकर घर से लापता हुआ किशोर, गुमशुदगी दर्ज। थाना क्षेत्र के चित्तरपुरा गांव में मोबाइल फोन चलाने को लेकर डांट खाने से नाराज होकर एक किशोर घर से लापता हो गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। गांव चित्तरपुरा निवासी कमलेश का 16 वर्षीय पुत्र अनुज बीते गुरुवार को घर पर मोबाइल फोन चला रहा था। इस पर परिजनों ने उसे समझाते हुए डांट दिया। इसी बात से नाराज होकर अनुज अचानक घर से कहीं चला गया। जब देर रात तक वह वापस नहीं लौटा तो घरवालों की चिंता बढ़ गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसका सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से पूछताछ की और गुमशुदगी दर्ज कर ली। आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा ने लोगों से अपील की है कि अगर किसी को भी किशोर के बारे में जानकारी मिले तो तुरंत थाने को सूचित करें।

## जेवरात-नकदी चोरी

**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मंदिर नीलकंठ रोड के समीप धान मील आवास पर बीती रात चोरों ने घर में घुसकर लाखों के जेवरात नकदी चुराई। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह व अस्तल चैकी इंचार्ज मौके पर पहुंचकर चोरों की तलाश में पुलिस जुटी। विवरणानुसार बरहीपुरा निवासी राजा छाबड़ा के आवास में बीती रात चोरों ने लाखों रूपए की जेवरात नकदी पार की।

## पंपिंग सेट बरामद तीन चोर गिरफ्तार

**गगहा, गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र के अतायर निवासी नरसिंह यादव का पंपिंग सेट मझगांवा - गडही मार्ग पर सड़क के किनारे खेत में लगा हुआ था गुरूवार की रात अज्ञात चोरों ने पंपिंग सेट चुरा लिया शुक्रवार की सुबह खेत की तरफ जाने पर खेत से मशीन गायब था नरसिंह यादव ने अज्ञात के खिलाफ इसकी लिखित तहरीर गगहा थाने पर दी पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो चार लोगों का नाम आया जिसमें पुलिस ने जितेन्द्र पुत्र राम प्रताप, पप्पू पुत्र गोरख यादव पप्पू पुत्र सुग्रीव यादव निवासी श्रीराम पुर गडही ने पंपिंग सेट चोरी करने की बात कबूल कर ली पुलिस उनकी निशानदेही पर श्रीरामपुर में एक झाड़ी से इंजन बरामद कर तीनों को जेल भेज दिया जब की एक आरोपी अभी भी फरार है।

## ओपी मेमोरियल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**गगहा, गोरखपुर।** गगहा विकास खण्ड के रकहट स्थित ओ पी मेमोरियल पब्लिक स्कूल पर शुक्रवार को धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। क्रार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती व सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वावूराम कैलाशी देवी महिला महाविद्यालय दोहरीघाट, मऊ के प्रंबधक धर्मेन्द्र राय के द्वारा बच्चों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को जीवन के यथार्थ का सही महत्व गुरु ही बताता है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल इंटर कॉलेज सरांव देवरिया के प्रधानाचार्य शिवाकांत शुक्ल के द्वारा आये हुए अतिथियों को मेडल और शाल देकर सम्मानित किया गया।

# मकान के ग्राउंड फ्लोर में कपड़े की गोदाम में लगी भीषण आग



**चरगांवा, गोरखपुर।** शाहपुर इलाके के गोविंद नगरी कॉलोनी में शनिवार की सुबह एक मकान के ग्राउंड फ्लोर में कपड़े की गोदाम में भीषण आग लग गई। आग देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और धू-धू कर कपड़े जलने लगे। इसे देख मकान में रहने वाले और कॉलोनी के लोगों में हड़कंप मच गया। मकान के प्रथम और द्वितीय तल पर बुजुर्ग दंपति, अनुप और कृष्णा बंका के परिवार के लोग फस गए। लोग जान बचाने के लिए आवाज देने लगे फिर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची शाहपुर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद सभी को रेस्क्यू कर मकान से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, धुएं से सभी की दम घुटने लगा जिसके बाद शाहपुर पुलिस ने चार लोगों को मेडिकल कॉलेज भेजा।

जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके के मेडिकल कॉलेज रोड स्थित एचएन सिंह चौराहा के पास गोविंद नगरी कॉलोनी में मुरारी लाल बंका अपने बेटे अनूप और कृष्णा बंका के साथ तीन मंजिला मकान बनवाकर रहते हैं। इन लोगों का गीडा में कपड़े की फैक्ट्री है और मकान के भूतल में भी सागर सिंथेटिक प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कपड़े की गोदाम है। मकान के प्रथम और द्वितीय तल पर वह लोग परिवार के साथ रहते हैं।

बताया जा रहा कई कर्मचारी गोदाम में प्रतिदिन कपड़े की पैकिंग करते हैं। शनिवार की सुबह 9 बजे के करीब पादरी बाजार के ब्यास नगर निवासी साहिल शर्मा और चंदन काम करने पहुंचे उन्होंने बताया कि अचानक एक एसी के पास से धुआं निकला और आग पकड़ ली। साहिल शोर मचाते हुए बाहर भागा और गिरकर घायल हो गया। देखते ही देखते आग कपड़े में पकड़ लिया और धू-धू कर जलने लगा। अभी लोग छत से नीचे उतरने का प्रयास कर ही रहें थे कि आग विकराल रूप ले लिया। सभी प्रथम तल पर फंस गए और प्रथम और द्वितीय तल के छत से जान बचाने के लिए बचाओ बचाओ चिल्लाने लगे। सूचना मिलते ही शाहपुर इंस्पेक्टर नीरज कुमार राय और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। फायर ब्रिगेड चार गाड़ी पहुंच कर आग बुझाने के साथ छत से दो लोगों को सीढ़ी के माध्यम से और बुजुर्ग दंपत्ति को स्ट्रक्चर से सुरक्षित रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया। आग लगने की घटना से जिले में हड़कंप मच गया। सूचना पर शाहपुर पुलिस सीओ गोरखनाथ, सीओ अग्निशमन, फायर ब्रिगेड, एनडीआरएफ एसडीआरएफ और नागरिक सुरक्षा कोर की टीम पहुंचकर रेस्क्यू कर सभी को सुरक्षित बचा लिया। फायर ब्रिगेड कर्मियों की बहादुरी देख मुहल्ले वासियों ने उनकी सराहना की। शाहपुर थाना के दारोगा पवन यादव आंशिक रूप से चोटिल हो गए।

## आदर्श जीवन का जनक होता है शिक्षक : डॉ. दिनेश तिवारी

**गगहा, गोरखपुर।** आदर्श इण्टर कालेज हाटा बाजार के प्रधानाचार्य डा दिनेश तिवारी को शिक्षक दिवस के अवसर पर जे डी सतीश सिंह व जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा गोरखपुर में अंग वस्त्र व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। उनके इस सम्मान पर विद्यालय परिवार भी गौरवान्वित हुआ विद्यालय परिवार ने शनिवार को अपने प्रधानाचार्य को माल्यार्पण कर स्वागत किया।

अपने स्वागत से अभिभूत प्रधानाचार्य ने कहा कि किसी सफलता की प्राप्ति के लिए संगठित, अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार व कर्तव्य निष्ठ होना चाहिए शिक्षक कोई सामान्य व्यक्ति नहीं है वह आदर्श जीवन का जनक होता है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी, पूर्व प्राचार्य डॉ शिवदत्त तिवारी, चंद्रभूषण तिवारी, सुरेन्द्र नाथ सिंह, अखिलेश दूबे, संगीता देवी, ब्रजेश पाण्डेय, हरिश्चंद्र भारती, संजय मिश्रा, गिरीश शुक्ल, प्रवीण त्रिपाठी, प्रेमसागर गिरी, मनोज यादव, सुरेंद्र कुमार, सन्त प्रसाद द्विवेदी, अरूण कुमार, मनोज शुक्ला आदि लोगों ने बधाई दी।

## डीआईजी से चोरी की घटनाओं का खुलाशा कराने की मांग

**बांसगांव, गोरखपुर।** सिविल बार एसो. बांसगांव के अध्यक्ष यशवंत सिंह श्रीनेत एडवोकेट ने शनिवार को डीआईजी से भेंटकर क्षेत्र में आयेदिन हो रही चोरी और ठगी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए इस पर रोक लगाने तथा घटनाओं का पदार्फास कराने की मांग की है। डीआईजी को सौंपे गये पत्र में बार के अध्यक्ष ने बताया है कि एक सितम्बर को दिन में 11 बजे नगर पंचायत बांसगांव के वार्ड न0 3 मरवटिया निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका सुशीला सिंह तथा प्रेमलता सिंह को दो उचक्कों ने दिन में आभूषण साफ करने का झांसा देकर सोने की दो चेन लेकर फरार हो गये। इस घटना की बांसगांव थाने में एफआईआर दर्ज करायी गयी है। लेकिन पुलिस अब तक खुलाशा नहीं कर सकी। इसके पूर्व 18/19 अगस्त की रात में गोला थाना क्षेत्र के सहदोडाड़ गांव में कृष्णपाल सिंह के घर अज्ञात चोरों द्वारा की गयी भीषण चोरी की घटना का भी पदार्फास नहीं किया जा सका। इसी प्रकार गगहा थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया, लेकिन पुलिस एक का भी खुलाशा नहीं कर पायी। उन्होने बताया कि पुलिस की निष्क्रियता से जहां अपराधियों का मनोबल दिनोदिन बढ़ता जा रहा है, वहीं लगातार बिगड़ती जा रही कानून व्यवस्था से भयभीत आमजन सहित अधिवक्ताओं में भी प्रदेश सरकार के प्रति असंतोष बढ़ने लगा है।

# उर्दू मोहल्ला से शानो शौकत से निकला जुलूस ए मोहम्मदी



**इटावा।** पैगम्बरे हजरत मुहम्मद सल्ल. की यौमे पैदाइश के मुबारक मौके जुलूस कमेटी उर्दू मोहल्ला बड़ी मस्जिद चैक से हर साल की तरह इस साल भी शानो शौकत से जुलूस उठाया गया। जुलूस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जूलुस अध्यक्ष कुंवर रफत अली खान ने जूलुस में शामिल उलमाओं आदि लोगों का साफा पहनाकर स्वागत किया। जुलूस को रवाना करने से पहले कारी सरफराज आलम व कारी शाहबाज अनवर, मौलाना शाहनूर रजा, मौलाना याकूब ने कुरान ए पाक की तिलावत की। मदरसों के छोटे-छोटे बच्चे हाथों में हरे परचम लिये सरो पर टोपियां लगाये आकर्षक का केन्द्र रहे। जूलूस अध्यक्ष कुंवर रफत अली खान व सरपरस्त सैय्यद नईम उल्ला व उलमाओं के नेतृत्व में जूलुस अदबो-एहतराम के साथ निकाला गया। हर देश में गूंजेगा या रसूलल्लाह की सदाओं से गूंज उठा शहर। जूलुस व उलेमाओं का शहर में जगह जगह लोगों ने स्वागत किया। जुलूस में खूबसूरत चैकिया, थरमाकौल से बनाई गई काबे शरीफ, मदीना शरीफ की चैकिया आकर्षण का केंद्र रही। जुलूस कमेटी की तरफ से चैकी व झाकी वालो को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। जुलूस शहर के मुख्य मार्गो से होता हुआ ऊर्दू मोहल्ले मे समाप्त हुआ। जुलूस के अध्यक्ष कुंवर रफत अली खान ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व सभी लोगों का जूलुस में सहयोग के लिये शुक्रिया अदा किया। समाजसेवी राजू गुप्ता ने जुलूस ए मोहम्मदी का इस्तकबाल किया। जुलूस में कारी सरफराज आलम, हाफिज मोहम्मद अहमद अकबरी, मौलाना याकूब, मौलाना उबैदुर्रहमान, हाफिज अरशद बरकाती, मौलाना सैय्यद एजाज हुसैन, शफीक अहमद सेकेट्री, डॉ शमशुद्दीन सईदी, जमीर हसन, साजिद अली अशरफी, अजहर फरीदी, एस. एम. मुस्तकीम, आरिफ मेव पूर्व सभासद, राजा खानजादा, सिकंदर मेव, सगीर खान, शफी अहमद बालक, फहीम वारिस, तनवीर अंसारी, जब्बार अंसारी, जमीर अंसारी, अजहर, जुहैब फैय्याज, फरहान खान, जाकिर राईन, हनीफ खान, इरफान बरकाती, मो. राशिद, फरीद खां, अरशद उल्ला, रिजवान कुरैशी, रेहान अंसारी आदि उपस्तिथ रहे।

## पुलिस प्रशासन की देखरेख में हुआ मूर्ति विसर्जन

ऊसराहार, इटावा। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ विसर्जन की गई प्रतिमाएं। क्षेत्र में दस दिनों तक घर-घर और पंडालों में विराजमान रहे विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश को भक्तों ने शनिवार को भावभीनी विदाई दी। ताखा कस्बे के भरतिया अंडरपास स्थिति बंबा में क्षेत्रभर से लाई गई गणेश प्रतिमाओं का पुलिस प्रशासन की देखरेख में विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। गणेश चतुर्थी से शुरू हुए उत्सव के दौरान कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने गणेश भगवान की प्रतिमाएं स्थापित कर आराधना की। प्रतिदिन भक्तों ने पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और हवन-यज्ञ का आयोजन कर धार्मिक वातावरण बनाए रखा। दसवें दिन अनंत चतुर्दशी के अवसर पर सुबह से ही प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल तक ले जाने के लिए शोभायात्राएं निकाली गईं। इन जुलूसों में ढोल-नगाड़ों, डीजे की धुन और भक्तों के जयकारों से पूरा माहौल गूंज उठा। भरतिया अंडरपास स्थित बंबा पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ गणेश प्रतिमाओं का जल में विसर्जन किया। इस दौरान गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगातार गूंजते रहे। विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने चाक-चैबंद व्यवस्था की थी। थाना ऊसराहार पुलिस बल, राजस्व विभाग की टीम और गोताखोरों को बंबा स्थल पर तैनात किया गया था। सुरक्षा घेरा बनाकर प्रतिमाओं के विसर्जन की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा ने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और शांतिपूर्ण तरीके से प्रतिमाओं का विसर्जन कराया गया है।

## समाज सुधार के लिए शिक्षा के अलावा कोई विकल्प नही : प्रदीप कुमार

**गोला, गोरखपुर।** उपनगर गोला स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को देश के द्वितीय राष्ट्रपति व भारत रत्न डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने गुरूजनों का तिलक पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त कर गुरू-शिष्य परंपरा को जीवंत रखा। इसी कड़ी में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य सेवक प्रदीप सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में शिक्षक को साक्षात भगवान कहा जाता है। हम सभी सबसे पहले गुरु को प्रणाम करते हैं। शिक्षक ही बच्चों को शिक्षा और संस्कार देकर समाज के काबिल बनाने का कार्य करता है। समाज को सुधारने के लिए शिक्षा के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। शिक्षा निदेशिका रत्ना सिंह ने कहा कि शिक्षक से छात्र हमेशा कुछ ना कुछ सीखते ही रहते है। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य एसके मिश्रा, उप प्रधानाचार्य राहुल यादव ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग व कार्ड में गुरू-शिष्य के प्रेम को रंगो से उकेरा था। तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उपहार भेंट कर गुरूओं से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर शिक्षक विरेन्द्र मौर्या, आकाश चंद, विनायक दूबे, सुनिल कुमार, अरविंद तिवारी, गणेश पटवा, मुकेश प्रजापति, अमित दीक्षित, संजीव तिवारी, जितेंद्र यादव, शिक्षिका ललिता यादव, नेहा मौर्या, नीरू गुप्ता, सोनल दूबे, नीतेश यादव, अभिषेक पांडेय, कामिनी नायक, ज्योति मिश्रा, कृति खुशबू मद्धेशिया, प्रतिभा पांडेय, आंचल प्रजापति, सविता गुप्ता, नीलू तिवारी, सोनी, मनीषा गुप्ता, भावना दूबे, हेमा मैम, निधि यादव, पूजा तिवारी समेत विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# समाज में अपराध पर अंकुश लगाना ही संस्था का मूल उद्देश्य



**मझगांवा, गोरखपुर।** गगहा स्थित मण्डल कार्यालय पर पूर्वांचल अपराध निरोधक न्यास का छठवां वार्षिक स्थापना दिवस शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों को सम्मान पत्र, मेडल, नेम प्लेट व आई कार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सरवर हुसैन, विशिष्ट अतिथि के रूप में फिरोज अहमद और मंडल सचिव सत्यनारायण जायसवाल उपस्थित रहे। तो वही मंडल सचिव सत्यनारायण जायसवाल को उनके बेहतरीन कार्य को देखते हुए मण्डल अध्यक्ष पद पर पदोन्नति देकर सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि डा सरवर हुसैन ने कहा कि संगठन का मूल उद्देश्य समाज में एकरूपता लाना व अपराध पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करना है। यह संगठन हमेशा प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलता है। उन्होंने कहा कि सभी को त्वरित न्याय मिले और समाज में शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए हम और आप मिलकर कार्य करें।

मंडल सचिव सत्यनारायण जायसवाल ने कहा कि पूर्वांचल अपराध निरोधक न्यास एक ऐसी संस्था है जो पुलिस व पब्लिक के बीच एक सेतु का कार्य करती है। पूर्वांचल अपराध निरोधक न्यास पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर क्षेत्र और समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संगठन के सदस्य पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर पूरा सहयोग करते हैं। कार्यक्रम में विजय देवबंशी, राममिलन मिश्र, सूर्यभान पाण्डेय, थाना संयोजक दीपक सिंह, संगठन के सदस्य कासिम, विनोद जायसवाल, शरद कुमार, शेषनाथ चौहान, अखिलेश यादव, प्रमोद कुमार राय, अमरजीत निषाद, राजकुमार प्रजापति, लालबहादुर गुप्ता, सतीश कुमार गौड़ सहित सुधाकर तिवारी, सुभाष सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया




**इटावा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने शुक्रवार शाम जेल गेट से शास्त्री चैराहे तक मशाल जुलूस निकालकर रामस्वरूप मेमोरियल विश्विद्यालय और लाठीचार्ज प्रकरण में पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। संगठन मंत्री सोमू ने कहा बर्बर लाठीचार्ज में संलिप्त पुलिसकर्मियों व विवि प्रशासन के निजी गुंडों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही छात्रों पर बर्बर लाठीचार्ज का आदेश जारी करने वाले जिम्मेदार अधिकारी का नाम सार्वजनिक किया जाए। नगर मंत्री संस्कार गुप्ता ने कहा कि हमारी कार्यकर्ता बहनों को पुलिस के लोगों ने आतंकियों की तरह पीटा है। आधा दर्जन से ज्यादा छात्राएं गंभीर रूप से घायल हैं अभाविप अमित शिखरवार ने कहा कि उच्च शिक्षा परिषद के सचिव की ओर से दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच की जाए। प्रदर्शन में जिला संगठनमंत्री सोमू, नगर मंत्री संस्कार गुप्ता, अमित शिखवार, अभिराज, अभिषेक, अमन, विजय नंदवंशी, यश गुप्ता, सक्षम यादव, ऋतिक, राजन, ओम, साहिल, अनुज, गौतम, सूरज, दीपांशु, आयुष, समीर, हर्ष, अखिल नगर इकाई के सभी कार्यकर्ता रहे।

# समाजसेवी ने दो गरीब मृतकों के परिवार को दी आर्थिक सहायता



जिला संवाददाता (vol)

**गोला, गोरखपुर।** गोला क्षेत्र अन्तर्गत बड़हलगंज ब्लाक के लखनापार व आनंदगढ़ गांव में दो लोगों के आकस्मिक निधन हो गई थी। सूचना मिलते ही क्षेत्र में सक्रिय वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश दूबे उर्फ नन्हे दूबे व वरिष्ठ भाजपा नेता सृंजय मिश्र ने मृतकों के परिवारीजनों से मिलकर ढांढस बधाया और उनके ब्रह्मभोज के लिए मदद का हाथ बढाए हुए आर्थिक सहायता दी।

जानकारी के मुताबिक, गोला तहसील अन्तर्गत बड़हलगंज ब्लाक के लखनापार गांव निवासी 22 वर्षीय युवा पुरोहित शुभम शास्त्री की डेंगू होने से आकस्मिक निधन हो गया था। मृतक शुभम के पिता की भी दो महीने पहले हृदयाघात से निधन हो गया था। और दो महीने बाद ही शुभम की मौत से पूरा परिवार सदमें में है। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। एक साल पहले ही शुभम की शादी हुई थी। पत्नी भी छह माह की गर्भवती है।

पिता की मौत के बाद शुभम पर ही परिवार की जिम्मेदारी थी। अब शुभम की मौत के बाद पूरा परिवार अनाथ हो गया है। इसी तरह ब्लाक क्षेत्र के आनंदगढ़ गांव निवासी निखिल प्रजापति का कुछ दिन पहले आकस्मिक निधन हो गया था। गोला क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश दूबे उर्फ नन्हे दूबे तथा वरिष्ठ भाजपा नेता सृंजय मिश्रा उपरोक्त दोनों मृतकों के घर पहुंचकर परिवारीजनों से मिलकर ढांढस बधाया। दोनों परिवार के लोगों को आर्थिक मदद देकर भविष्य में भी हर संभव मदद का भरोसा जताया।

## शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार पाना नहीं बल्कि समाज को दिशा देना : डॉ. कृष्णकुमार

जिला संवाददाता (vol)

**मझगांवा, गोरखपुर।** आरपीएस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. कृष्णकुमार सिंह ( पूर्व प्रधानाचार्य, जनता इंटर कॉलेज मजूरी, हाटा बाजार ) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अब्दुर्रहमान अंसारी, रामस्नेही प्रजापति और रामसागर त्रिपाठी, उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक मुनेन्द्र सिंह बबलू ने अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर किया।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. कृष्णकुमार सिंह ने कहा कि डॉ. कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान शिक्षक, दार्शनिक और चिंतक थे। उनका मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार पाना नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों को आत्मसात करना और समाज को दिशा देना है।

● आरपीएस पब्लिक स्कूल पर धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

विशिष्ट अतिथि अब्दुर्रहमान अंसारी व रामसागर त्रिपाठी तथा रामस्नेही प्रजापति ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि गुरुजनों का सम्मान करना हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। मंच का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक शैलेश सिंह ने किया और सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अजेंद्र सिंह, विशाल शाही, पवन चौधरी, श्रीप्रकाश, कविता यादव आदि उपस्थित रहे।

## पीईटी परीक्षा अभ्यर्थियों की भीड़ के सामने इंतजाम पड़ गये कम

**इटावा।** पीईटी परीक्षा शनिवार को दो पालियों में कराई गई इसे लेकर काफी इंतजाम किए गए थे लेकिन अभ्यर्थियों की भीड़ के सामने इंतजाम कम पड़ गए। पहली पाली की परीक्षा पूरी होते ही रेलवे स्टेशन पर अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी जिसके कारण चारों ओर अभ्यर्थी ही दिखाई दे रहे थे। ट्रेनें भी फुल होकर गईं। प्रश्न पत्र पूरा होने के बाद शहर की ज्यादातर सड़कों पर जाम लग गया जिसके कारण लोगों को काफी समय तक इंतजार करना पड़ा और धूप में जाम में फंसे रहे। परीक्षा देने के लिए कानपुर, लखनऊ और रायबरेली से अभ्यर्थी यहां पहुंचे थे। डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला व एसएसपी बृजेश कुमार परीक्षा केन्द्रों पर निगाहें जमाए रहे। शनिवार को दो पालियों में शहर के 22 विद्यालयों में पेट की परीक्षा कराई गई। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9 बजे शुरू होकर 12 बजे तक चली। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे शुरू हुई। इसके चलते 12 बजे से लेकर 2 बजे तक शहर की ज्यादातर सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही। यह स्थिति शाम 5 बजे के बाद भी हो गई। परीक्षा देने के बाद परीक्षार्थी रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस स्टैंड की ओर जा रहे थे। जिसके कारण ज्यादातर सड़कों पर अभ्यर्थियों की भीड़ के कारण जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि पुलिस लगातार सक्रिय रही। इसके बावजूद जाम लगा रहा और किसी तरह लोग जाम में फंसकर अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचे। इसके चलते आने जाने में देरी भी हुई। परीक्षा देकर वापस जाने की जल्दी में परीक्षार्थी रेलवे स्टेशन पहुंच गए। इसके कारण रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो और तीन पर भारी भीड़ हो गई। टीन की छाया में जगह न होने के कारण धूप में भी युवा खड़े रहे। इसी तरह रेलवे स्टेशन के बाहर सकुर्लेटिंग एरिया में भी पेड़ के नीचे इन अभ्यर्थियों को खड़े हुए देखा गया। जैसे ही ट्रेन आई अभ्यर्थियों के कारण फुल हो गई। इसके चलते ट्रेनों की स्थिति ऐसी रही कि ज्यादातर ट्रेनों में बैठने के लिए भी जगह नहीं थी। शाम 5 बजे दूसरी पाली का प्रश्न पत्र छूटने के बाद भी यही स्थिति रही। 5 बजे के बाद भी सड़कों पर जाम लगा और रेलवे स्टेशन पर भीड़ रही। हालांकि काफी संख्या में अभ्यर्थी रोडवेज बसों से भी वापस गए लेकिन रोडवेज बसों की संख्या अधिक होने के कारण वहां परेशानी नहीं हुई।

## कांग्रेस ने किया शरबत का वितरण




**इटावा।** हजरत मुहम्मद साहिब के यौमे पैदाइश जश्न ए ईद मिलादून नबी के अवसर पर कांग्रेस पार्टी की तरफ से शरबत वितरित का आयोजित किया गया इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों का आम जनता हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन चैखर कुआं के पास के पास किया गया। कार्यक्रम संयोजक पीसीसी सदस्य अरशद अली व पूर्व सभासद प्रत्याशी हाजी आसिफ अली रहे। इस दौरान संगठन प्रभारी कानपुर जोन अनिल यादव ने कहा कि इटावा में भाई-चारा हमेशा कायम रहा है। हिन्दू मुस्लिम हर धर्म के लोगों को हर त्योहार मिलकर मनाया है। गंगा जमुना तहजीब कायम है। इस मौके पर पीसीसी सदस्य रामनरेश यादव, संजय दोहरे, कुसुमलता, शौजब रिजवी जिलाध्यक्ष यूथ कांग्रेस, संजय तिवारी, वाचस्पति द्विवेदी, नरसेंद्र यादव विधानसभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस, सलाउद्दीन अंसारी, मोहसिन अली, हसनैन मंसूरी, शानू खान, जावेद, साजिद आदि मौजूद रहे।

# प्रांतीय अध्यक्ष का व्यापारियों ने भव्य स्वागत किया



**इटावा।** प्रान्तीय अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल के इटावा पहुॅचने पर व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। प्रान्तीय कार्यसमिति की बैठक डी.आर. कृष्णा पैलेस, आई.टी.आई. चैराहे के पास, गंगा विहार कालोनी के सामने, मैनपुरी रोड़ पर सम्पन्न हुई। बैठक में बोलते हुए प्रान्तीय अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल ने कहा कहा कि रासायनिक खादों के इस्तेमाल होने के कारण प्राकृतिक रूप से अनेकों केमिकल अनियमितता होने वाली उपज में उत्पन्न हो चुकी है, जिससे खाद पदार्थों के मानक बदल गए हैं तब कृषि उपज से खाद्य पदार्थ बनाने वाला व्यापारी किस प्रकार दोषी हो सकता है। यह सोचने का विषय है, जब तक खेत में इस्तेमाल की जाने वाली रासायनिक खाद व कीटनाशक के मानक तय ना किए जाएं जब तक व्यापारियों के खाद्य पदार्थों की सेंपलिंग बंद की जाए। आलोक दीक्षित जिलाध्यक्ष ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार जीएसटी व इनकमटैक्स देने वाले सभी व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस प्राथमिकता के आधार पर देने चाहिए। वर्तमान में राजनीतिक आधार पर शस्त्र लाइसेंस दिये जा रहे हैं। शहर अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा कि स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर के मुकाबले अधिक तेज चल रहे हैं स्मार्ट मीटरो की जांच कराकर अधिक की जा रही वसूली पर रोक लगाई जानी चाहिए। बैठक में 35 जिलों के व्यापारी प्रतिनिधियों ने भाग लिया सभा के अन्त में प्रान्तीय अध्यक्ष ने सर्वेश चैहान प्रदेश उपाध्यक्ष, जिलाकोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, जिलामहामंत्री अभय टंडन, जिलाउपाध्यक्ष हाजी शेख आफताब, हाजी चांद मंसूरी, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, उघोग मंच अध्यक्ष भारतेन्द्रनाथ भारद्वाज, महिला जिला अध्यक्ष गुड्डी बाजपेई तथा सभी सम्मानित पदाधिकारी व पूरी टीम का शानदार आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक सरिता भदौरिया और प्रतींय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में नगर पालिका की अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने भी अपने विचार रखे, दोनों जन-प्रतिनिधियों का व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने प्रतीक चिन्ह एवं शाल पहनाकर सम्मानित किया। बैठक को प्रदीप गंगा, अलीगढ़, मनोज अग्रवाल हाथरस, मनोज गुप्ता, आगरा, अम्बरेश शर्मा फिरोजाबाद, नवनीत गुप्ता शोन्टू, बदायूॅ, दीपू गर्ग, बुलन्दशहर अमित मान, बागपत, सलाउद्दीन, शाहजहांपुर, मनोज कौशल फरूखाबाद, रामकुमार गुप्ता सिकंदरा सहित इलाहाबाद, सुल्तानपुर, झांसी, औरैया, मैनपुरी, बदायूं आदि से आये व्यापारी प्रतिनिधियों ने संबोधित किया।

संक्षेप

## पेट्रोल पम्प सील

लखीमपुर खीरी। लापता सचिव अजय कुमार मिश्रा के मामले में सहकारी संघ संपूर्णानगर के पेट्रोल पंप व परसपुर सहकारी समिति को सील कर दिया गया। बता दें कि संपूर्णानगर सहकारी संघ के सचिव अजय कुमार मिश्रा, पेट्रोल पंप में लेन देन को भी लेकर व्याप्त थी कई वित्तीय अनियमितिताएं अनुसार पेट्रोल पंप का कई लोगों पर था बकाया पैसा शुक्रवार की रात लगभग 10:30 बजे नायब तहसीलदार पलिया और सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने पेट्रोल पंप सील कर दिया। परसपुर सहकारी समिति के सचिव ने एक सुसाइड नोट लिखा है सुसाइड नोट में एआरसी कोऑपरेटिव रजनीश प्रताप सिंह पर गंभीर आप भी लगाया गया है। बताया जाता है कि श्री मिश्रा ने सुसाइड नोट लिखकर शारदा नदी में चलांग लगा दी उनकी बाइक शारदा पुल पर बरामद की गई है समिति के सचिव अजय कुमार का कुछ पता नहीं चल सका है एनडीआरफ की टीम जांच पड़ताल कर रही है।

## गिद्ध संरक्षण पर हुई गोष्ठी

पलिया कलां खीरी। दुधवा रेंज के ग्राम ध्यानपुर में प्रधान के निवास पर मुनेश्वर सिंह (वन दरोगा), अनुराग कुमार (वन दरोगा) की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को गिद्धों का महत्व समझाया गया एवं उनके संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

## निजी शिक्षण संस्थानों में फीस निर्धारण की सरकार से मांग

धौरहरा खीरी। तराई क्षेत्र में शिक्षा संघर्ष मोर्चा फाउंडेशन द्वारा निजी शिक्षण संस्थानों में फीस संशोधन अधिनियम की मांग के साथ प्रारम्भ हुई जन जागरूकता जन समर्थन यात्रा के तीसरे दिन मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा जन जागरुकता अभियान में शनिवार दिन की यात्रा क्षेत्र के ग्राम सभा अमेठी से प्रारम्भ होकर महराजनगर, केशवापुर, करौहा, खरवहिया, बसंतापुर, भौव्वापुर खुर्द, बेलवा होते हुए रेहुवा चौराहा पर समापन किया। इस दौरान मोर्चा फाउंडेशन अध्यक्ष महेश गंभीर ने बताया कि चौथे दिन की यात्रा ग्राम बसढ़िया से प्रारम्भ होंकर क्षेत्र में भ्रमण करके लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। महेश गंभीर ने बताया कि सरकार से मांग करेंगे कि क्षेत्र से लेकर ज़िले तक मौजूद निजी शिक्षण संस्थानों को एक निर्धारित फीस एक्ट का मसौदा तैयार करने की बात कही।

## सर्पदंश से युवक की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर से सटे लाल्हापुर गांव में सर्पदंश से एक युवक की मौत हो गई। ग्राम लाल्हापुर निवासी कल्लू पांडे का 26 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश घर में सो रहा था कि किसी विषैले सर्प ने उसे डस लिया। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## समाधान दिवस 8 कल

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि उ0प्र0 शासन द्वारा जनपद आजमगढ़ में प्रारम्भिक अर्हता परिक्षा (पीईटी) 2025 के आयोजन के दृष्टिगत 6 सितम्बर 2025 (माह के प्रथम शनिवार) को आहूत होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस को 6 सितम्बर 2025 के स्थान पर 8 सितम्बर 2025 दिन-सोमवार को आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

# 26 परीक्षा केंद्रों पर हुई पीईटी परीक्षा



लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी में शनिवार को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 दो पालियों में 26 परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन, शुचितापूर्वक, शान्तिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। शनिवार को दोनों पालियों में 16144 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 5456 ने परीक्षा छोड़ी। परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा स्वयं सुबह से ही सक्रिय रहीं। दोनों अधिकारियों ने राजकीय इंटर कॉलेज, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज सहित कई परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों से नामांकित

- **डीएम-एसपी ने भ्रमणशील रहकर देखे परीक्षा केंद्र, दिए निर्देश, 16144 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा**

व उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या जानी और कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा नियमों का शत-प्रतिशत पालन कराने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैद रहकर ड्यूटी करने को कहा। नोडल अधिकारी/एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी ने बताया कि पहली पाली में 10,800 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 7,998 उपस्थित हुए, जबकि 2,802 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में भी 10,800 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 8,146 उपस्थित और 2,654 अनुपस्थित रहे।

### अफसरों ने रखी पैनी नजर

डीएम-एसपी के साथ ही एडीएम-एएसपी, एसडीएम-सीओ, डीआईओएस, सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी लगातार भ्रमणशील रहे। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने दिनभर परीक्षा केंद्रों का सघन भ्रमण किया और स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को सतर्क रहते हुए परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

### रविवार को भी होगी परीक्षा

शनिवार को दोनों पालियों की परीक्षा सकुशल सम्पन्न होने के बाद रविवार को भी जिले के सभी 26 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में पी ई टी परीक्षा आयोजित होगी। प्रशासन ने दावा किया है कि कल भी परीक्षा पूरी शुचिता और सुरक्षा के बीच सम्पन्न कराई जाएगी।

# विधायक व तहसीलदार ने बाढ़ पीड़ितों में बांटी खाद्यान्न किट

## बाढ़ राहत केन्द्र जसवंत नगर में शिविर आयोजित



जिला संवाददाता(vol)

धौरहरा खीरी। विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ की विभीषिका से अपना सब कुछ गंवा चुके पीड़ितों लोगों को सरकारी सहायता देने के कृम में शनिवार को क्षेत्र के ग्राम मडवा व लुधौनी में तहसील प्रशासन व विधायक ने पीड़ितों को राहत किटें सौपी।

शनिवार को तहसील प्रशासन व विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों मडवा व लुधौनी में अपना सब कुछ गंवा चुके पीड़ितों को सरकारी सहायता के कृम में खाद्यान्न किट व लंच पैकेटो का वितरण बाढ राहत केन्द्र सविलियन विद्यालय जसवंत नगर में किया गया।इस दौरान तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल,खमरिया थाना प्रभारी ओ पी राय सहित राजस्व सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# परचून की गोदाम में आग लगने से दो करोड़ का नुकसान

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में गोला रोड पर एक परचून के समान से भारी गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग लग गई आग पर काबू पाने के लिए प्रशासन को पड़ोसी जनपद से कई दमकल गाड़ियां बुलानी पड़ी जिसके चलते लगभग 6 घंटे में काबू पाया जा सका तब तक करोड़ों का सामान जलकर राख हो चुका था। शनिवार सुबह 2 बजे करीब परचून के समान से भारी गोदाम में अचानक आग लग गई रात्रि गश्त कर रहे पीसी गया प्रसाद और पीआरडी के जवान संतराम को पता चलते ही उन्होंने आनंन-फानन में घटना की सूचना पुलिस और व्यापारी के घर देते ही हड़कंप मच गया भीड इकट्ठा हो गई मौके पर निरीक्षक इंद्रजीत सिंह और सीओ अरुण कुमार सिंह,समाजसेवी शिवम राठौर फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर पहुंच गए आग इतनी भयानक थी जिसपर काबू पाने के लिए पुवायां जिला शाहजहांपुर से कई दमकल गाड़ियों को बुलाना पड़ा था जिनके संयुक्त प्रयास से कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है। हादसा शॉर्ट सर्किट से आग लगना बताया गया सूचना मिलते ही रात में ही विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह,पालिका अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा कन्हैया मौके पर पहुंच गए मोहल्ला बाजार गंज के व्यापारी अमित गुप्ता उर्फ विक्की ने बताया उसका गोदाम में60 से 70 लाख का सामान और 40 से 50 लाख उधारी के कागजात रखे थे जो हादसे में जलकर राख हो गए हैं। विधायक ने पीड़ित व्यापारी को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया है। निरीक्षक के अनुसार आग लगने के कारणों का पता करने को लेकर जांच कराई जा रही है।

## राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने दिया धरना



पसगवां खीरी। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने बिजली,जल निगम की टंकी, और गांव की अन्य समस्याओं को लेकर ग्राम चकपिहानी में ब्लॉक के सामने धरना दिया है। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकताओं व ग्रामीणों ने ग्राम चक पिहानी में ब्लॉक के सामने गांव की समस्याओं को लेकर धरने पर बैठ गए। धरना स्थल पर हुई सभा को संबोधित करते हुए संगठन कर जिला अध्यक्ष गुरुपेज सिंह सिद्धू ने आरोप लगाते हुए बताया कि शासन व प्रशासन गांव की समस्याओं की अवगत कराने के बाद भी ध्यान नहीं दे रहा है जिससे लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। जिसके बाद धरना स्थल पर पहुंचे नायब तहसीलदार सर्वेश कुमार यादव, जेई शिव प्रकाश सिंह, सचिव, जितेंद्र कुमार सिंह, जल निगम अधिकारी अभय प्रताप यादव को किसान संगठन ने ज्ञापन देकर बताया कि ग्राम चक पिहानी में हर जगह पानी निकासी की बहुत बड़ी समस्या ह। गांव में एक भी नाली नहीं बनी है जिससे जलभराव की समस्या बनी रहती है। पूरे गांव में नाली का निर्माण कराया जाए जिससे जलभराव की समस्या खत्म हो और यह विद्युत विभाग के 10 केवी के ट्रांसफार्मर लगे है, जो आए दिन खराब हो जाते है,इसलिए दो 25 केवी के लगवाए जाए।यह जल निगम द्वारा बनवाई गई पानी की टंकी हाल बेहद खराब है। इस गांव में पानी की टंकी का निर्माण नहीं हुआ जो टोटिया लगी हुई है उनसे पानी ही नहीं निकलता कुछ तो चलाने से पहले ही टूट गई है। इन समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन लेकिन कोई भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है। बही अधिकारियों ने संगठन व ग्रामीणों को जल्द ही समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षकों का हुआ सम्मान




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) सरस्वती शिशु मंदिर में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। मौजूद लोगों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और गुरु-शिष्य परंपरा व शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, प्रबन्धक ठाकुर प्रसाद गंगवार, विद्यालय के सह व्यवस्थापक सत्यप्रकाश अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

पूर्व प्रधानाचार्य विजय प्रकाश मिश्रा ने अतिथि परिचय कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही वह दीपक हैं, जो स्वयं जलकर दूसरों के जीवन को प्रकाशमान करते हैं। प्रधानाचार्य रामकुमार वर्मा ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बारे में प्रकाश डाला और शिक्षकों की भूमिका बताते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज के वास्तविक पथप्रदर्शक हैं, वे केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की कला, संस्कार और मूल्य भी प्रदान करते हैं। विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों द्वारा विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर ओमनारायण मिश्रा, उमाकांत कटियार, उर्मिला सहित तमाम शिक्षक/शिक्षिकायें मौजूद रहे।

# पिलर से टकराई नाव पलटी, दो लोग लापता



लखीमपुर खीरी। तहसील लखीमपुर के ब्लॉक नकहा क्षेत्र में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। नौवापुर से बिल्हौरा जा रही एक बड़ी नाव अचानक टकराकर पलट गई। नाविक के अनुसार नाव पर करीब 10 से 15 लोग सवार थे। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई और लोग किसी तरह तैरकर बाहर निकले। सूचना पाते ही प्रशासनिक अमला सक्रिय हुआ और राहत-बचाव अभियान शुरू कराया। दो को छोड़कर शेष सभी लोग सकुशल बाहर निकाल लिए गए, जबकि दो लोग अब भी लापता हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम (सदर) अश्विनी कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और एनडीआरएफ की टीम को तत्काल खोजबीन में लगाया। राहत-बचाव दल लगातार गोताखोरों की मदद से नदी में तलाश कर रहा है। मौके पर अफसरों की निगरानी में तेजी से सर्च ऑपरेशन जारी है। इस दौरान सीओ सिटी, तहसीलदार सहित राजस्व टीम मौजूद रही। हादसे से प्रभावित लोगों का हालचाल जानने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा नकहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां नाव पलटने से गश खाकर प्रभावित हुई महिला माधुरी का हालचाल लिया। डीएम ने माधुरी का हाथ थामकर ढाढ़स बढ़ाया और अपने हाथों से बिस्किट, फ्रूटी और पानी की बोतल दी। उन्होंने पास मौजूद परिजनों व महिला सदस्यों से कहा कि इस कठिन समय में माधुरी को भावनात्मक सहारा दें। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि प्रभावित महिला का हर हाल में समुचित इलाज व देखभाल सुनिश्चित की जाए। साथ ही कहा कि प्रशासन पूरी मजबूती से पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है।इस दौरान एसपी संकल्प शर्मा ने भी पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि लापता लोगों की तलाश के लिए पुलिस और एनडीआरएफ की संयुक्त टीम लगातार काम कर रही है और जल्द ही सफलता मिलेगी। गांव के लोगों ने बताया कि नाव पर रोजाना ग्रामीण आवागमन करते हैं। प्रशासन वहां मौजूद रहकर हर संभव सहायता सुनिश्चित कर रहा है।

## पत्रकार की माता का हार्ट अटैक से निधन



पसगवां खीरी। पसगवां ब्लॉक के कस्बा जंगबहादुरगंज के निवासी एक पत्रकार विनीत दीक्षित की माता मनोरमा देवी उम्र करीब 65 वर्ष का निधन शनिवार की सुबह हार्ट अटैक के कारण हो गया। जिसके बाद मनोरमा का पार्थिक शरीर उनके पैतृक गांव ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया है। चिता को मुखाग्नि उनके पति गोविंद कुमार दीक्षित ने दी अंतिम संस्कार में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

# गणपति बप्पा मोरया के जयकारों संग हुआ मूर्तियों का विसर्जन




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) गणपति बप्पा मोरया...अगले बरस तू जल्द आ जयकारों के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। शनिवार को भक्त वाहनों पर विराजमान कर गणपति को लेकर नहर पर पहुंचे। वहां पर नम आंखों से गणपति को विदाई दी गई। छोटी काशी में गणेश चतुर्थी से चला रहा गणेश स्थापना महोत्सव शनिवार को विर्सजन और गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी के उद्घोष के साथ सम्पन्न हो गया। गणेश चतुर्थी से शुरू हुए गणेश उत्सव को श्रद्धालुओ ने कई दिनों तक विधि-विधान के साथ पूजा पंडालों में पूजन अर्चन किया। इस दौरान घरों में लोगों ने गणपति की प्रतिमा की स्थापना कर प्रतिदिन पूजा अर्चना की उन्हें लड्डू का भोग लगाया। शनिवार की सुबह से पंडालों और घरों में गणेश जी का पूजन अर्चन कर आरती की गई। इसके बाद विभिन्न जगहों पर पंडालों में स्थापित भगवान गणपति की मूर्तियों को ढोल-नगाड़ों के और गाजे-बाजे के साथ नगर में शोभायात्रा निकाली गई। भगवान गणेश की विसर्जन यात्रा में भक्तगण नाचते- झूमते नजर आये। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल भी लगाया। इसके बाद शाम को गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन कर दिया गया।

# विधायक ने बाढ़ पीड़ितों को वितरित की राहत सामग्री




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) विधायक अमन गिरि ने गोला विधान सभा क्षेत्र के रामनगर कला के मझरा रामपुर में पहुंचकर बाढ़ से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और राहत सहायता सामग्री का वितरण किया।

शुक्रवार को विधायक अमन गिरि ने अपने काफिले के साथ बिजुआ क्षेत्र के बाढ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान तहसीलदार भीमचंद व नायब तहसीलदार के साथ बाढ़ पीड़ितों को सहायता राशि वितरित की। इसके उरान्त कई गांवो में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुनकर निराकरण कराया। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी योजनाओं को धरातल पर उतारते हुये अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख बिजुआ प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर बच्चू सिंह, मंडल अध्यक्ष बिजुआ धीरेंद्र सिंह, जिला कार्य समिति सदस्य वेद प्रकाश दीक्षित, प्रधान महेश सिंह, ,पूर्व प्रधान मालपुर श्रवण मिश्रा, प्रधान कलेक्टर राज, तोताराम भार्गव, सुधीश बाजपेई, सभासद भोली गिरी, राजू रावत, छोटेलाल, सभासद पंकज तिवारी आदि मौजूद रहे।

## बढ़े हुए टैक्स को लेकर विरोध

सिंगाही खीरी। नगर पंचायत सिंगाही में बढ़े हुए टैक्स के विरोध में पूरे कस्बे में जनता द्वारा किया गया विरोध प्रदर्शन। विरोध प्रदर्शन में कस्बा वशी बड़ी



संख्या में विरोध करते नजर आए। कस्बा वासियों ने नगर में पैदल मार्च निकल कर नारेबाजी करते हुए नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे लेकिन नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं मिले।

# धूमधाम से मनाया गया गणेश उत्सव



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) खुटार रोड स्थित आयोजित आठवें गणेश उत्सव में नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर नगर के लोकमंगल की कामना की।इस अवसर पर उन्होंने गणेश जी के चरणों में अपना भजन समर्पित किया और उपस्थित भक्तों के साथ आरती में सहभागिता निभाई। वातावरण भक्तिमय गीतों और जयकारों से गूंज उठा। मीनाक्षी अग्रवाल ने भगवान गणेश से सभी लोगों के लिए सुख, समृद्धि और वैभव प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि गणेश उत्सव सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक है।

# गंगा-रामगंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं, कई गांव बाढ़ की चपेट में

शाहजहाँपुर। गंगा और रामगंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर चुका है, जिसके चलते जनपद के कई गाँव और मोहल्ले बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। हालात को देखते हुए प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तेज कर दिए हैं।

तहसील सदर क्षेत्र में जलस्तर वृद्धि के कारण लगभग आठ मोहल्लों की करीब 200 लोगों की आबादी प्रभावित हुई है। प्रशासन ने यहाँ 43 बाढ़ राहत शिविर बनाए हैं, जिनमें अब तक 90 लोगों को सुरक्षित स्थलों पर पहुँचाया गया है। प्रभावित लोगों को भोजन और चिकित्सा सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। अभी तक 250 खाद्य पैकेट वितरित किए जा चुके हैं। वहीं, 143 मेडिकल टीमों, 161 एम्बुलेंस और 172 डेवर्ड के माध्यम से प्रभावित लोगों को राहत दी जा रही है। तहसील जलालाबाद में 58 गाँव प्रभावित हुए हैं, जिनमें कई जगह कृषि क्षेत्र जलमग्न हो गए हैं।एक गाँव का संपर्क मार्ग टूटने से ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है। यहाँ प्रशासन ने चार राहत शिविरों की स्थापना की है और सात नावों व एक मोटर बोट को तैनात किया है। स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से 357 मरीजों का इलाज किया गया है और अब तक 932 डेवर्ड का वितरण हुआ है। तहसील कलान में भी हालात गंभीर बने हुए हैं। यहाँ आठ गाँव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। प्रशासन ने पाँच राहत शिविर और एक पशु शिविर स्थापित किया है। अब तक 2307 लोगों का इलाज किया गया है और 4321 डेवर्ड का वितरण किया गया है। तहसील तिलहर में रामगंगा नदी के बढ़ते जलस्तर से चार गाँव प्रभावित हुए हैं। ग्रामीणों की आवाजाही के लिए प्रशासन ने दो नावों की व्यवस्था की है। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि सभी प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य लगातार जारी है और हालात पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# बहगुल नदी की बाढ़ का तिकोला पहुंचकर विधायक ने किया दौर, दिया आश्वासन

जिला संवाददाता(vol)

शाहजहांपुर । जनपद के जलालाबाद क्षेत्र के विधायक हरि प्रकाश वर्मा ने बाढ़ प्रभावित ग्राम तिकोला का दौरा किया और प्रशासन के साथ मिलकर स्थानीय निवासियों से बातचीत की और उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही सहायता के बारे में बताया और लोगों से सुरक्षित रहने की अपील की।

उन्होंने बताया टिकोला का पुल ऊंचे पर बना है जबकि उसके पास से निकली हुई सड़क पूरी तरीके से डूब गई है ऐसे में आवा गमन को सीमित किया जाए। साथ ही उन्होंने मौके पर बड़ी नाव चलवाए जाने के निर्देश दिए ताकि जरूरतमंदों को पहुंचा जा सके। इस अवसर पर तहसील के प्रशासनिक अधिकारी एवं स्थानीय पुलिस मौजूद रही खबर शनिवार की है।

# बाढ़ प्रभावित स्थानों का किया स्थलीय निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

शाहजहांपुर ।जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ जनपद में गर्रा तथा खन्नौत नदी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत बाढ़ प्रभावित स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद के विभिन्न तटीय एवं संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर नदी के जलस्तर का जायजा लिया गया तथा उपस्थित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए ।इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया ।नदी के जलस्तर पर सतत निगरानी रखी जाए।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तैनात टीमें अलर्ट मोड में रहें। निचले एवं प्रभावित इलाकों के निवासियों को समय-समय पर सचेत किया जाए। किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि नदी किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने हेतु लगातार जागरूक किया जाए। संवेदनशील इलाकों में गश्त एवं पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए ।आपदा की स्थिति में पुलिस व प्रशासनिक टीमें समन्वय बनाकर कार्य करें।अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी आकस्मिक घटना पर तत्परता के साथ प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जनपद प्रशासन एवं पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि अफवाहों पर ध्यान न दें, नदी के जलस्तर व बाढ से सम्बन्धित सटीक जानकारी हेतु सम्बन्धित प्रशासनिक अधिकारियों/ थाने से सम्पर्क बनाए रखें तथा प्रशासन द्वारा दिए जा रहे दिशा-निर्देशों का अनुपालन अवश्य करें।

# घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने का लगाया आरोप

महराजगंज रायबरेली। कोतवाली पुलिस ने विगत कई दिनों पूर्व घर में घुसकर मारपीट करने गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में संदीप सिंह पुत्र साहेब बक्श सिंह निवासी सिरसोई मजरे जमुरावां थाना महराजगंज जनपद रायबरेली की तहरीर पर प्रदीप सिंह पुत्र अमर बहादुर सिंह, डब्बू सिंह पुत्र अमर बहादुर सिंह, अमर बहादुर सिंह पुत्र हर्ष बहादुर सिंह निवासीगण सिरसोई मजरे जमुरावां थाना महराजगंज के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया

# नानफायर कुकिंग का आयोजन

अमेठी। राजर्षि रंणजय सिंह आसल देव पी जी कॉलेज पीपरपुर में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के समापन पर नानफायर कुकिंग का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 2025 का विषय है 'बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करें'। यह विषय सभी आयु वर्गों के लिए संतुलित आहार और सचेत भोजन को बढ़ावा देता है, और लोगों को स्वस्थ भोजन चुनने के लिए प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम का आयोजन गृह विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किया गया। प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने पोषक तत्वों के महत्व और सही मात्रा में आहार लेने पर बल दिया। जिससे दीर्घायु और निरोगी रह सके। कार्यक्रम में छात्राओं का उत्साहवर्धन सभी प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं ने किया।

# जानलेवा गड्ढा राहगीरों के लिए बना परेशानी का सबब

अमेठी ।सरकार की मनसा पर अधिकारी किस तरह से पानी फेर रहे हैं इसका जीता जागता उदाहरण कोहार धनी जलालपुर मार्ग पर स्थित जुड़ियापुर के पास जानलेवा गड्ढा लोगों के लिए मुसीबत का सबक बन गया है ।इस जानलेवा गड्ढे में अभी तक कई लोग गिरकर चोटिल भी हो गए हैं और प्रशासन को आखिरकार किस बड़ी घटना का इंतजार है । तीन माह पूर्व इस मार्ग को प्रांतीय खंड के अधिकारियों द्वारा मरम्मत कार्य कराया गया था लेकिन मानकों की अनदेखी की गई इसके साथ ही मार्ग पर बड़ा गड्ढा हो गया है जो लोगों के लिए किसी खतरे से कम नहीं है सबसे अहम बात तो यह है कि इसी मार्ग से मंगलवार को उल्टा गढ़ा धाम लोगों का आना-जाना होता है जिससे खतरे की आशंका और भी बढ़ गई है फिलहाल क्षेत्र के राहुल यादव ,राम गरीब ,सरवन कश्यप ,राजेंद्र कश्यप , उमेश तिवारी , मथुरा प्रसाद सहित दर्जनों लोगों ने मार्ग पर हुए जानलेवा गड्ढे को ठीक करने की मांग जल्द से जल्द की है ।

संक्षेप

## सर्पदंश से विवाहिता की मौत

आजमगढ़। जनपद के मेहनगर थाना क्षेत्र के जमकी गांव में शुक्रवार रात एक दर्दनाक हादसे में 32 वर्षीय गुड़िया चैहान की सर्पदंश से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब गुड़िया रात 8 बजे खाना खाने के बाद जमीन पर रखा मोबाइल उठा रही थीं। मोबाइल पर कॉल आने के दौरान सांप ने उन्हें डस लिया। गुड़िया ने अपनी सास को बताया कि कुछ काटा है, जिसे सास ने चूहा काटने की बात समझा। रात करीब 9 बजे बर्तन धोते समय उनकी हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गईं। परिजन उन्हें तुरंत ऑटो रिक्शा से खरिहानी बाजार स्थित प्रसाद क्लिनिक (सर्प विष निवारण केंद्र) ले गए, जहां इलाज के दौरान कुछ ही मिनटों में उनकी मृत्यु हो गई। मृतका के पति सोनू चैहान रोजी-रोटी के लिए 2 सितंबर को महाराष्ट्र गए थे। पत्नी की मृत्यु की सूचना मिलते ही वह हवाई जहाज से घर के लिए रवाना हो गए। गुड़िया के दो पुत्र हैं। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने पोस्टमॉर्टम की सलाह दी, लेकिन मृतका के ससुर तिलक चैहान ने इससे इंकार कर दिया। परिजन अंतिम संस्कार के लिए सोनू के आने का इंतजार कर रहे हैं।

## अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

आजमगढ़ जहानागंज थाना क्षेत्र के गंभीनबन गांव के चकवल एफसीआई गोदाम के पास पुलिया के नीचे शनिवार की सुबह 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी मच गई। युवक के गले के पास चोट के निशान थे। सुबह में खेत जा रहे लोगों ने शव को देखा। कुछ ही देर में मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। जहानागंज थाना को जानकारी दी गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुटी रही। पुलिस ने बहुत देर तक मौके पर शिनाख्त करने की कोशिश की। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने आशंका जाता है कि युवक कहीं और का है। उसकी हत्या कर यहां पर फेंक कर हत्यारे फरार हो गए हैं। पुलिस पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज कर रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस का कहना है कि यह रिपोर्ट से स्पष्ट हो जाएगा की मौत कैसे हुई है।

## ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

आजमगढ़। जनपद के फूलपुर थाना क्षेत्र के मतलबपुर गांव निवासी सूरज (32) पुत्र सीताराम ने शुक्रवार देर शाम गृह क्लेश के चलते नगर पंचायत कार्यालय के पीछे गुजरी रेल लाइन पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार, सूरज गांव में आटा चक्की पर रहता था और लंबे समय से पारिवारिक कलह से परेशान था। शुक्रवार को वह फूलपुर बाजार जाने के लिए निकला था, लेकिन रेल पटरी पर पहुंचकर उसने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। खुरासन रोड स्टेशन अधीक्षक की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। घटना की सूचना मिलने पर परिजन कोतवाली पहुंचे। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## हादासे में एक युवक की मौत, दो गंभीर

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के प्रधानपुर गांव में वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कौशल्या पेट्रोल पम्प के समीप शुक्रवार की देर रात एक तेज रफ्तार कार खड़ी ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।बताते है कि कार सवार 39 वर्षीय कार्तिक यादव निवासी प्रयागराज, त्र 40 वर्षीय राकेश निषाद और 32 वर्षीय प्रिंकेश प्रजापति निवासी मियांपुर, जौनपुर, वाराणसी से जौनपुर लौट रहे थे। जैसे ही वे पेट्रोल पंप से आगे प्रधानपुर गांव के पास पहुंचे, सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में उनकी कार अनियंत्रित होकर जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में प्रिंकेश प्रजापति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार्तिक यादव और राकेश निषाद गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को रेहटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करा दिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मामले की जांच की जा रही है।

# अडानी का मिर्जापुर थर्मल पावर प्लांट निर्माण कार्य ठप

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में प्रस्तावित अडानी थर्मल पावर प्लांट का निर्माण कार्य अचानक रुक गया है। कुछ माह पूर्व तक यहां तेजी से बाउंड्रीवाल और प्लांट का निर्माण हो रहा था, परंतु ग्रामीणों का कहना है कि यह सब बिना वैध अनुमति और अधिकारियों की मिलीभगत से हुआ। आरोप है कि जिला स्तर के कई अधिकारी कंपनी के आर्थिक दबाव में आकर आंखें मूंद चुके हैं। बीते 11 अप्रैल 2025 को हुई जनसुनवाई पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उस समय ADM मिर्जापुर और एक सत्ताधारी दल के विधायक मुख्य अतिथि थे और भीड़ कंपनी द्वारा भाड़े पर बुलवाई गई थी। यही नहीं, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (UPPCB) के चेयरमैन स्तर के अधिकारी और सोनभद्र जिले के कई अफसर भी कंपनी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। आरोप है कि यह अधिकारी पर्यावरणीय स्वीकृति दिलाने में मदद कर रहे हैं और अपनी रिपोर्ट उच्च प्रबंधन को भेजकर कंपनी का पक्ष मजबूत कर रहे हैं। जनसुनवाई भी इन्हीं अधिकारियों की देखरेख में संपन्न हुई, जिससे उसकी निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगा है। ग्रामीणों और समाजसेवियों का कहना है कि कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा जब आरटीआई डाली गई और विरोध दर्ज कराया गया तो संबंधित अधिकारियों पर दबाव बढ़ा और बाद में अउट तथा मड़िहान रेंजर नेगी जी का तबादला कर दिया गया। नेगी जी ने कंपनी को जंगल के रास्ते से सामग्री ले जाने से रोका था। जानकारी के अनुसार कंपनी की मशीनरी और पाइपलाइन अब भी मड़िहान क्षेत्र में किराए की भूमि पर रखी है, लेकिन कार्य ठप पड़ा है। कंपनी के लोग लगातार अधिकारियों से संपर्क में हैं, फिर भी कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। इस बीच कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जनसुनवाई की प्रक्रिया को चुनौती देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह पावर प्लांट बनता है तो क्षेत्र में गंभीर समस्याएं खड़ी होंगी। कार्बन उत्सर्जन और फ्लाई ऐश से वातावरण प्रदूषित होगा, जंगल और प्राकृतिक धरोहर जैसे विंडमफाल जलप्रपात और अलोपीदरी खतरे में पड़ जाएंगे, खजुरी जलाशय से पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी और 30 किलोमीटर के दायरे में रहना कठिन हो जाएगा। किसानों का आरोप है कि पूर्व में कंपनी ने उनकी जमीन औने-पौने दामों पर खरीद ली और जो लोग बेचने को तैयार नहीं थे, उन पर फर्जी मुकदमें दर्ज कराकर दबाव बनाया गया। गरीब व आदिवासी परिवार न्याय के लिए कोर्ट-कचहरी तक भी नहीं पहुंच पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एनजीटी के स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण कार्य शुरू किया जाना यह दर्शाता है कि अधिकारी और कंपनी के बीच गहरी मिलीभगत है। बहरहाल, अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है।

कंपनी के वकीलों ने जहां इसका विरोध किया, वहीं सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया है कि पूरे मामले को NGT (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) से वापस लेकर सुप्रीम कोर्ट में लाया जाए। यह समाजसेवी संगठनों और ग्रामीणों की एक बड़ी जीत मानी जा रही है, क्योंकि उन्होंने अडानी जैसी बड़ी कंपनी को सीधे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। समाजसेवियों का कहना है कि यह केवल जमीन और पर्यावरण का प्रश्न नहीं है, बल्कि मिर्जापुर की लोकतांत्रिक आवाज और आने वाली पीढ़ियों के जीवन से जुड़ा हुआ संघर्ष है।

## सर्विस रोड क्षतिग्रस्त, राहगीर हो रहे चोटिल

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज देवघाट मार्ग पर ओवरब्रिज के पास चौराहे के बीचो-बीच निर्मित नाली के ऊपर बनी सर्विस रोड क्षतिग्रस्त होकर धंस गई है। आए दिन राहगीर क्षतिग्रस्त सड़क पर गिर कर चोटिल हो रहे हैं। इससे देवघाट कोराव जाने वाले मार्ग पर लोगों के आवागमन में समस्याएं हो रही है। चौराहे पर करीब डेढ़ माह से सड़क क्षतिग्रस्त है। स्थानीय लोगों ने क्षतिग्रस्त सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत करने के लिए जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है। नहीं तो



किसी भी समय बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## विवाहिता सहित दो ने फांसी लगाकर दी जान

जौनपुर जिले में दो थाना क्षेत्रों में विवाहिता समेत दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मियापुर में 17 वर्षीया कृष्णा पुत्र नरेश ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया। परिजन ने जब शव को लटकते देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। आशीष सोनी के मकान में किराए पर यह परिवार रह रहा था। मृतक के एक बहन तीन भाई है। मां ममता का रो रोकर बुरा हाल है। इसी के साथ गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सरैया गांव के अनुसूचित बस्ती निवासी 23 वर्षीया विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंच गई उक्त गांव निवासी अभिषेक कुमार की पत्नी संजना देवी तथा सास संगीता देवी घर पर रहते थे। अभिषेक तथा उसका भाई डेढ़ माह पूर्व रोजी रोटी के लिए अहमदाबाद रहते है। शुक्रवार को सास संगीता अपने मायके पकड़ी गांव गयी थी। रात को संजना ससुराल में घर पर अकेले थी। रात को सास संगीता ने कई बार बहु संजना को हालचाल लेने के लिए फोन किया। उसका फोन नही उठा। बहु का फोन नही उठा तो वह घबरा कर मायके के एक युवक के साथ घर सरैया आ गयी। घर का दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़ा गया तो संजना फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। उसने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर थानाध्यक्ष पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना सीओ सिटी देवेश सिंह भी मौके पर पहुंच गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका के मायके पक्ष से कोई तहरीर नही मिली है। मृतका का मायका गौराबादशाहपुर के तरसन्ड गांव में है। उसकी शादी 18 जून 2025 को ही हुई थी।

## सकुशल संपन्न हुई पीईटी की परीक्षा

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 (पीईटी) का आयोजन जनपद के 26 परीक्षा केन्द्रों पर किया



गया। पीईटी परीक्षा को निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीना के साथ गाँधी गुरुकुल इंटर कॉलेज, हरिश्चंद्र मिश्रा पब्लिक स्कूल आजमगढ़ एवं अन्य परीक्षा केन्द्रों पर जाकर निरीक्षण किया गया। दोनों पालियों में आयोजित पीईटी की परीक्षा सकुशल सम्पन हुई। परीक्षा के अन्तर्गत प्रथम पाली में पंजीकृत 12096 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 9682 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 2414 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में पंजीकृत 12096 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 9590 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 2506 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

## समाज की रीढ़ हैं शिक्षकः अनुज कुमार



आजमगढ़। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय पर शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे सर्वप्रथम सर्वपल्ली डा राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष पुष्पाजंलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद क्षेत्रीय प्रबंधक अनुज कुमार मांगलिक व मुख्य प्रबधक रीतू यादव ने राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक उदयराज यादव को स्मृति चिन्ह व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। सम्मान से अभिभूत राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित उदयराज यादव ने कहाकि शिक्षक दिवस हमें यह याद दिलाता है कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं। शिक्षक दिवस शिक्षा के महत्व को उजागर करता है और शिक्षकों की भूमिका को पहचानता है। बैंक परिवार ने मुझे सम्मानित किया है उसके लिए सदैव अभारी रहूंगा।

इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक अनुज कुमार मांगलिक ने कहा कि डा राधाकृष्णन एक महान शिक्षक, दार्शनिक और भारत के दूसरे राष्ट्रपति थे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया और उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की पहल 1962 में हुई। तभी से 5 सितंबर को शिक्षकों के सम्मान और उनके योगदान को पहचानने के लिए मनाया जाता है। मुख्य प्रबंधक रीतू यादव ने कहा कि शिक्षक युवाओं को सही दिशा में बढ़ने और सही रास्ता दिखाने का काम करते हैं। एक शिक्षक ही देश और समाज को डॉक्टर, इंजीनियर, किसान, शिक्षक आदि बनाने की नींव डालता हैं और देश की नियति को सही आकार देता है। इस दौरान बैंक अधिकारियों द्वारा कई अन्य शिक्षकों को भी सम्मानित कर शिक्षकों के योगदान की सराहना की। संचालन सहायक प्रबंधक विजय प्रताप सिंह ने किया। वरिष्ठ प्रबंधक सुधांशु शर्मा एवं कर्मवीर यादव ने मौके पर बैंक की समस्त स्कीम जैसे गृह लोन, कार लोन शिक्षक सम्मान एवं अन्य स्कीम के बारे में सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर राकेश राय, दिनेश पांडेय, पवन यादव, मनीष त्रिपाठी, संतोष सहित बैंक के समस्त स्टाफ और कर्मचारी मौजूद रहे।

## सांसद ने इलाज के लिए साढ़े तीन लाख रुपये दिए



जौनपुर ।केराकत में विगत दिनों खुज्झी मोड पर एक सड़क दुर्घटना में आकाश यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें वाराणसी के हेरिटेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने बताया कि उनके दोनों पैर टूट गए हैं और कई बार ऑपरेशन करना होगा।मछलीशहर की सांसद प्रिया सरोज और केराकत के विधायक तूफानी सरोज आकाश को देखने अस्पताल गए और डॉक्टर से बात की।

सांसद प्रिया सरोज ने डॉक्टर से कहा कि आकाश के इलाज के लिए जितना भी खर्च होगा, वह वहन करेंगी। सांसद ने अपने आवास पर आकाश के पिता देवेंद्र यादव को बुलाकर 3 लाख 50 हजार रुपये नगद दिलवाए। इस मदद से आकाश के परिवार को काफी राहत मिली है, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और इलाज के लिए पैसे जुटाने में परेशानी हो रही थी। आकाश के पिता देवेंद्र यादव ने बताया कि इस परिस्थिति में नगद पैसे की जरूरत पड़ती रहती है। हम लोग कमजोर और गरीब व्यक्ति हैं। लगातार नगद पैसा जुटाने में काफी दिक्कत हो रही थी और परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब हमारे बच्चे का इलाज हो पाएगा।

## मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली, गिरफ्तार

जौनपुर। जिले में अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। खेतासराय और खुटहन थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान अन्तर्जनपदीय शातिर बदमाश दीपक दुबे उर्फ रिंकू पंडित को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में उसके पैर में गोली लगी है, जिसके बाद पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस टीम पहलमापुर नहर पुल पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक से आ रहा एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा और टीम पर बाइक चढ़ाने की कोशिश की। पीछा करने पर आरोपी ने पुलिस पर तमंचे से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगी और वह गिरकर दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपक दुबे उर्फ रिंकू पंडित पुत्र स्व. रामप्रकाश दुबे निवासी दौलतपुर पिलकिछा थाना खुटहन, जौनपुर के रूप में हुई। पुलिस ने उसके पास से एक .315 बोर तमंचा, जिंदा कारतूस, खोखा कारतूस और एक बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस के अनुसार दीपक दुबे पर करीब एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें चोरी, लूट, रंगदारी, आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर धाराएँ शामिल हैं। वह जौनपुर, प्रतापगढ़ और सुल्तानपुर जिलों में सक्रिय रहा है।

## मड़ियाहूं में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन



जौनपुर। मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र में गणेश चतुर्थी का त्योहार संपन्न हो गया है। शेखूपुर और मड़ियाहूं नगर पंचायत में गोला युवा वाहिनी गणपति उत्सव समिति द्वारा स्थापित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।दस दिनों तक चली पूजा-अर्चना के बाद शनिवार को विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शेखूपुर पार्क में स्थापित गणेश प्रतिमा को बसूही नदी में विसर्जित किया गया। वहीं नगर पंचायत की प्रतिमा को शारदा सहायक नहर में विदाई दी गई। विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने बाजे-गाजे के साथ नृत्य किया। श्गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

## हफ्ता ए वहदत की अहमियत पर रोशनी डाली

जौनपुर।हजरत मोहम्मद मुस्तफा की विलादत के सिलसिले में 12 रबीउल अव्वल से 17 रबीउल अव्वल को ईरान के इस्लामी इंकलाब के संस्थापक इमाम अयातुल्लाह रुहुल्ला मुसावी खोमेनी तबासरा ने हफ्ता ए वहदत (एकता सप्ताह) की शुरूआत की थी। पूरी दुनिया में हफ्ता ए वहदत मनाया जाता हैं।

इस हफ्ता में प्रोग्राम आयोजित करके पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा की शिक्षा का प्रचार प्रसार किया जा है मानव समाज के कल्याण के लिए इन्सानी समाज में एकता, अपनत्व, भाईचारा को बढ़ावा दिया जाता है । नगर के रोड़वेज तिराहा स्थित हजरत लुक्का शाह बाबा के दरगाह पर मस्जिद लुक्का शाह बाबा के पेश नमाज मौलाना अंसार अहमद की सदारत में




जलसा सीरतुनबी को मुनक्किद किया गया ।दरगाह हजरत लुक्का शाह बाबा मैनेजमेंट कमेटी के सेक्रेटरी शेख अली मंजर डेजी ने हफ्ता ए वहदत की अहमियत पर रोशनी डाली इंतजामिया कमेटी के सदर कदीर खान उर्फ गोगा और दरगाह के मुजाविर मोहम्मद हफीज ने सभी को मुबारकबाद पेश की ।इस मौके पर उपस्थित लोगों ने मुल्क और मिल्लत की खुशहाली ,तरक्की और अमन शान्ति के लिए दुआ की।

## नहाने गया किशोर तालाब में डूबा

जौनपुर।खेतासराय थाना क्षेत्र के मानीकला गांव के तालाब में नहाने गए युवक की तालाब डूबने से मौत हो गई। छह घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। युवक की मौत से गांव में मातम पसर गया। बताया गिया कि 17 वर्षीय मोहम्मद इस्माइल पुत्र उजैर अहमद अपने पड़ोसी आदिल व अन्य बच्चों के साथ घर के पास स्थित तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया, लेकिन जब तक लोग मौके पर पहुंचे, तब तक वह डूब चुका था। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद भी शव का पता नहीं चला। गोताखोरों की मदद से करीब छह घंटे बाद शव को तालाब से बाहर निकाला। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को खोजने में मदद की। परिजनों के अनुसार मृतक इस्माइल 13 भाई-बहनों में छठे नंबर पर था।

## सिद्धार्थ नाथ सिंह का आगमन आज

जौनपुर। प्रयागराज पश्चिम के विधायक एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह का आगमन रविवार 7 सितंबर को जौनपुर हो रहा हैं। प्रोटोकाल के अनुसार सिद्धार्थ नाथ सिंह जी प्रयागराज से दोपहर 2 बजे प्रस्थान करेंगे मुगराबादशाहपुर मछली शहर होते हुए जौनपुर 4 बजे मंगलम लान मियापुर जौनपुर में पहुंचेंगे पूर्व मंत्री के साथ वाराणसी कैंट के विधायक सौरभ श्रीवास्तव भी रहेंगे उसके बाद श्री चित्रगुप्त भगवान पूजन महासमिति जौनपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे कार्यक्रम में सर्व समाज के भगवान चित्रगुप्त जी के भक्त शामिल होंगे ।उसके बाद शाम 5,45 बजे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट के सदर चुंगी आवास पर जनप्रतिनिधीयों भाजपा कार्यकर्ताओ से मुलाकात करेंगे। शाम 6,45 बजे रूहटा स्थिति भगवान चित्रगुप्त मंदिर में दर्शन पूजन करने के बाद डॉ0 विवेक श्रीवास्तव साल्वेशन हॉस्पिटल कंधरपुर सीही पहुंचेंगे उसके बाद रात्रि 8 बजे प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे ।यह जानकारी भाजपा नेता राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट ने दिया।

# सदैव याद रखा जायेगा गोरखनाथ मठ का योगदानः राणा संतविजय



जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। विश्व हिन्दू महासंघ भारत, आर्यमगढ़ मण्डल की ओर से युग पुरूष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ जी महाराज व राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेधनाथ जी महाराज की पुण्यतिथि भंवरनाथ मंदिर परिसर में शनिवार को मनाई गई।

सर्वप्रथम महंत द्वय के चित्र के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। पुण्यतिथि समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि महंत अवेद्यनाथ का जीवन धर्म, सेवा, त्याग और नेतृत्व का प्रतीक था। उन्होंने गोरखनाथ मठ की परंपराओं को न केवल संजोया, बल्कि उनका समाज की भलाई के लिए उपयोग किया। कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण कुमार सिंह साधू ने कहाकि ब्रह्मलीन गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ सामाजिक समरसता को ही आजीवन ध्येय मानने वाले ब श्रीराम मंदिर आंदोलन के नायक थे। आजमगढ़ मंडल प्रभारी व समारोह के आयोजक अमृत सिंह समेंदा ने कहाकि मंहत जी के आदर्शो का अनुसरण करके ही सनातन की रक्षा की जा सकती हैं। शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरूआत दिवंगत आत्मा की शांति एवं उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलने के संकल्प हेतु मंत्रोच्चारण के साथ हवन-पूजन हुआ और इसके बाद प्रसाद का वितरण कराया गया। आंगतुकों के प्रति आभार विहिम के जिलाध्यक्ष राणा संत विजय सिंह ने प्रकट किया। श्रद्धाजंलि अर्पित करने वालों में विजय सिंह, राणा संत विजय सिंह, प्रदीप सिंह, बलिया अध्यक्ष दुर्गेश सिंह, विपिन सिंह उर्फ डब्बू, विशाल सिंह, प्रदेश मंत्री हलधर दुबे, ओम प्रकाश सिंह, दीपक सिंह के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## पति ने संदिग्ध परिस्थिति में फांसी लगाकर दी जान

मीरजापुर। हलिया के बसकुड़िया मजरे में पत्नी से कहा सुनी के बाद शुक्रवार रात्रि में पत्नी के साथ खाना खाने के बाद पति-पत्नी सो गए। पति संतोष सोनकर दुपट्टे से कच्चे मकान की बडेर में संदिग्ध परिस्थितियों फांसी के फंदे से लटक कर जान दे दिया। पत्नी की नींद खुलने पर पति को फांसी के फंदे से किसी तरह जमीन पर उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक की पत्नी की सूचना पर पुलिस ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला के फिल्ड यूनिट टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए जांच पड़ताल में जुट गयी है। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर विधि विज्ञान प्रयोगशाला फिल्ड यूनिट की टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य संकलन किया पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पीएम के लिए भेज दिया है मृतक चार भाई थे जिसमें बड़े की मौत 1 वर्ष पूर्व एक्सीडेंट में हो चुकी थी यह दूसरे नंबर का था घटना की सूचना पर घर से डेढ़ किलोमीटर दूर हलिया कस्बा में निवास कर रहे पिता मेही सोनकर व मृतक की माता राजमनिया मौके पर पहुंचकर रोते विलखने लगे।

## पेड़ से लटकता मिली अधेड़ की लाश

मीरजापुर। शहर कोतवारी क्षेत्र के उपनिदेशक उद्यान कार्यालय परिसर स्थित बगीचे में शनिवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव पेड़ की डाली से लटकता हुआ मिला है। इससे आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है वहीं तरह-तरह की चर्चा है। कोई हत्या की आशंका जता रहा है तो कोई, आत्महत्या करार दे रहा है। मौके पर आम के पेड़ की डाली से फंदे के सहारे शव लटकता हुआ मिला है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस कार्यवाही में जुटी रही है। युवक के जेब में मौजूद पहचान पत्र के माध्यम से उसकी शिनाख्त उड़ीसा के रहने वाले के तौर पर की गई है। उसने आत्महत्या क्यों और किन परिस्थितियों में की है यह जहां रहस्य बना हुआ है वहीं कुछ लोग इसे हत्या करार देते हुए तरह-तरह की चर्चा करते हुए देखे सुने गए हैं।

## दारोगा ने फांसी लगाकर दी जान

मीरजापुर। जिले के चील्ह थाने में तैनात एक 50 वर्षीय दारोगा ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद महकमें में हड़कंप मचा हुआ है, मौके पर अधिकारियों से लेकर मीडिया के लोगों का जहां जमावड़ा लगा हुआ है वहीं घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा है। जानकारी के मुताबिक प्रतापगढ़ जनपद के रहने वाले दरोगा अनिल कुमार ओझा चील्ह थाना के समीप एक प्राइवेट कमरा लेकर रहते थे। वहीं फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। वह इधर बीच बीमार चल रहे थे। उन्होंने वीआरएस के लिए भी आवेदन डाला था, मगर पारिवारिक दबाव में वीआरएस नहीं लिया था। मौके पर पहुंचे पुलिस के आलाधिकारी और फॉरेंसिक टीम आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि दरोगा काफी समय से डिप्रेशन में चल रहे थे। चील्ह थाने में तैनात मृत उपनिरीक्षक अनिल ओझा का हाल ही में चिल्ह थाने से कोतवाली देहात के लिए ट्रांसफर हुआ था। घटना के बाद महकमें में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं आत्महत्या के कारणों की पुलिस की टीम जांच कर रही है।

## विहिप प्रान्तीय मार्गदर्शक मण्डल की बैठक 7 सितम्बर को

मीरजापुर। विश्व हिन्दू परिषद काशी प्रान्त धमार्चार्य सम्पर्क विभाग, का प्रान्तीय मार्गदर्शक मण्डल की बैठक का आयोजन कर रहा है। यह बैठक रविवार, 7 सितंबर को मिजार्पुर के चुनार स्थित सुरभि शोध संस्थान, रामबाग में सुबह 9 बजे से शुरू होगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में पूज्य सन्तो द्वारा हिन्दू धर्म की नित्य-नैमित्तिक उपासना और अनुष्ठानों से संबंधित आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। यह जानकारी विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत धमार्चार्य सम्पर्क प्रमुख आद्याशंकर ने दी है।

संक्षेप

## महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न कार्यक्रम का आयोजन

**कुशीनगर**। जिला प्रवेशन अधिकारी ध्रुव चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि संकल्प हब फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन योजना के अन्तर्गत शनिवार को महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न कार्यक्रम प्रभात तारा पब्लिक स्कूल रविन्द्रनगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं हब फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन के कार्मिकों द्वारा शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री वाल सेवा योजना, चाइल्ड हेल्प लाइन ( साथ-साथ 'लैंगिक संवेदनशीलता के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित की गयी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी महिला शिक्षिकाओं एवं 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं को लैंगिक उत्पीड़न के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही कन्या सुमंगला का फॉर्म भरने हेतु विस्तृत जानकारी दी गयी।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 46 शिकायतें मिलीं, छह निपटीं

जिला संवाददाता

**कुशीनगर**। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में शनिवार को तहसील तमकुहीराज के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए तहसील क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को एक-एक कर गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए प्राप्त करा दिये गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण तत्काल नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिये। राजस्व व पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 46 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 23 में से 06 को तत्काल निस्तारित किया गया ,पुलिस विभाग से संबंधित 09, विकास विभाग से संबंधित 05, तथा अन्य विभाग के 09 प्रकरण प्राप्त हुए।




इस प्रकार कुल 46 में से 06 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 40 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयांतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनपद में लागू ड्रेस कोड अनुपालन में उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अमीन, राजस्व निरीक्षक निर्धारित ड्रेस कोड सहित आईडी कार्ड पहन कर उपस्थित रहे। सभी को निर्देशित किया गया कि ड्रेस कोड का पालन किया जाना सभी के लिए अनिवार्य होगा। इस दौरान उपजिलाधिकारी तमकुहीराज आकांक्षा मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 ब्रजनंदन, परियोजना निदेशक पियूष कुमार , डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ मेनका, डीसी मनरेगा राकेश, सीओ सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारीगण, एवं थानाध्यक्ष के साथ कानूनगो व लेखपाल, आदि उपस्थित रहे।

## कॉमर्स एंड बिजनेस स्टेडीजके 36वें अंक का विमोचन

अयोध्या। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में अवध कॉमर्स एंड मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित द्विवार्षिक जर्नल ह्लकॉमर्स एंड बिजनेस स्टेडीजह्ल के 36वें अंक का विमोचन किया गया। जर्नल का विमोचन अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बिजेंद्र सिंह ने किया। जर्नल के प्रबंध संपादक प्रो मिर्जा शहाब शाह ने बताया कि यह जर्नल वर्ष 2008 से प्रकाशित हो रहा है। जर्नल के प्रधान संपादक- डॉ. आर के टेलर (जयपुर), संपादक- प्रो. बी के झा ( सुल्तानपुर ), सहायक प्रबंध संपादक- डॉ. चांद बाबू एवं डॉ. सद्दाम खान है। इस अवसर पर शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. जन्मेजय तिवारी, महामंत्री प्रो. अमूल्य कुमार सिंह, प्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. वीरेंद्र सिंह चैहान, महामंत्री प्रो. प्रदीप सिंह, साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी, राजा मोहन गर्ल्स पीजी कॉलेज की प्राचार्या प्रो. मंजूषा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने नीति आयोग के विकसित भारत स्ट्रेटजी रूम में प्रतिभाग कर साझा किए अनुभव



**देवरिया** ।जिलाधिकारी, श्रीमती दिव्या मित्तल, ने नई दिल्ली स्थित नीति आयोग के विकसित भारत स्ट्रेटजी रूम में 4 सितम्बर को प्रतिभाग किया। इस अवसर पर देशभर के चुनिंदा जिलाधिकारियों एवं राज्य योजना विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने सहभागिता की इस महत्वपूर्ण बैठक में अधिकारियों ने आधुनिक उपकरणों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया । इस दौरान जिलाधिकारी देवरिया ने क्षेत्रीय स्तर से प्राप्त अनुभव एवं फीडबैक साझा किया, ताकि नीतियों को और अधिक व्यावहारिक और जन-केंद्रित बनाया जा सके यह सम्मेलन अधिकारियों के लिए डाटा पर आधारित नीति निर्माण, सतत विकास, डिजिटल परिवर्तन और सामाजिक कल्याण जैसे विषयों पर विचार-विमर्श का महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुआ। श्रीमती दिव्या मित्तल का चयन और योगदान उनकी प्रशासनिक दक्षता, सेवा समर्पण और अभिनव सोच को दर्शाता है। देवरिया ज़िले की यह भागीदारी दिखाती है कि जिला तकनीक और डेटा-आधरित निर्णय से सुशासन को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे मंचों से मिले अनुभव स्थानीय प्रशासन को योजनाओं की बेहतर योजना, निगरानी और क्रियान्वयन में मदद करेंगे।

## किशोर स्वास्थ्य व जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**देवरिया** ।महिला कल्याण विभाग, देवरिया के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के सहयोग से किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लीनिकों का आयोजित समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सलेमपुर, देवरिया में किया गया। कार्यक्रम में मंशा सिंह, जेण्डर स्पेस्लिट, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन देवरिया द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर एवं किशोरियों को स्वास्थ्य सेवाओं से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराते हुए किशोर एवं किशोरियों को इन क्लीनिकों के कार्य संचालन, परामर्श सेवाओं, स्वास्थ्य परीक्षण, मानसिक स्वास्थ्य, पोषण, नशा मुक्ति परामर्श तथा प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के अभिसरण से एक विशेष जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया, जिसका विषय था मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन इस अवसर पर नीतू भारती, केन्द्र प्रशासक, वन स्टाप सेन्टर द्वारा द्वारा किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों एवं कुप्रथाओं के बारे में जागरूक किया गया तथा स्वच्छता बनाए रखने के व्यावहारिक उपाय समझाए गए। कार्यक्रम में मीनू जायसवाल मनोवैज्ञानिक वन स्टाप सेन्टर द्वारा विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं से सम्बंधित कानून की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किशोर-किशोरियाँ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं स्थानीय समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

# अन्नदाताओं का सम्मान मोदी ने बढ़ाया: रतनपाल सिंह




जिला संवाददाता

**देवरिया** । भाजपा किसान मोर्चा देवरिया की वर्तमान कार्यकारिणी के 4 वर्ष पूरे होने पर किसान मोर्चा द्वारा आयोजित चार साल बेमिसाल उत्सव के अंतर्गत रुद्रपुर विधानसभा के ग्राम-कोरवा में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग और आयुर्वेदिक विभाग के चिकित्सकों ने किसान परिवारों के 345 लोगो का निःशुल्क जांच कर दवा वितरित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधान परिषद सदस्य रतनपाल सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने गांवों में रहने वाले लोगो को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने अच्छे डॉक्टरों से सम्पर्क के लिए टेली- कंसल्टेशन के माध्यम से परामर्श सेवाएं शुरू किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि के द्वारा किसानों का सम्मान बढ़ाया है ।सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रो में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया है, प्रदेश के अंदर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रो में लोगो को मोबाइल मेडिकल यूनिट्स संचालित करके अच्छी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा रही है ।किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के सबको निःशुल्क और अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रही है, जिससे गांव-गरीब किसान लाभान्वित हो रहे है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री भगवान यादव ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला मंत्री महेश मणि , भाजपा मण्डल अध्यक्ष ऋषि सिंह, जवाहर मिश्र, सुनील निषाद,सत्यम यादव,जैनेंद्र शर्मा, विजेंद्र चौहान,दिग्विजय प्रजापति, अरुण मिश्र गोलू यादव, वैभव सिंह,छोटू वर्मा उपस्थित रहे।

## जातिगत मारपीट व अभद्रता के मामले में तीन नामजद

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित नदीपुरा मोहल्ले में शुक्रवार रात्रि करीब 12.30 बजे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर मारपीट व अभद्रता करने का मामला सामने आया है।

पीड़ित मोहल्ला नदीपुरा निवासी नीलू उर्फ विशाल अहिरवार पुत्र सुरेश अहिरवार की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट समेत आईपीसी की नई धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित ने बताया कि घटना रात 12.30 बजे उनके घर के बाहर खेलते समय हुई। आरोपी मोहल्ले के आशिव व दानिश पुत्रगण अजमेरी, निजाम पुत्र रसूल वहां आए और जातिसूचक अपशब्दों के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की।

पीड़ित की बहन ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसे तथा उसके नाना विजय पुत्र पप्पू को भी धमकाया और मारपीट की। घटना के दौरान जान से मारने की धमकी दी गई।

# पेट परीक्षा केंद्रों का डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण




**देवरिया**। जिले में आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (ढएळ) के पहले दिन शनिवार को जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। यह परीक्षा दो दिवसीय है, जो दो पालियों में सम्पन्न हो रही है। आज पहले दिन दोनों अधिकारियों ने केन्द्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था एवं अनुशासन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए तैनात पुलिस बल को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केन्द्रों के आसपास शांति व्यवस्था बनाए रखी जाए और परीक्षार्थियों को निर्बाध वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिले। दोनों अधिकारियों ने विभिन्न केन्द्रों पर अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों से संवाद कर परीक्षा की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश

## नपाध्यक्ष और नायब तहसीलदार ने बाढ़ क्षेत्र की देखी स्थिति



**बरहज,देवरिया** ।नगर पालिका परिषद गौरा बरहज द्वारा नगर क्षेत्र में इस वर्ष संभावित बाढ़ के दृष्टिगत आम नागरिकों के राहत व बचाव हेतु नगर पालिका द्वारा प्रबंध किए गए हैं। सरयू नदी के तट पर गौरा वार्ड में स्थित सामुदायिक भवन में एनडीआरएफ की टीम को ठहरने की व्यवस्था की गई है। नगर पालिका के कर्मचारियों को एनडीआरएफ टीम के द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षित किया गया। नगर पालिका द्वारा बाढ़ आने पर नगर में सामुदायिक भवनों में बाढ़ पीड़ितों को ठहरने, चिकित्सीय व्यवस्था, शुद्ध पेयजल आपूर्ति एवं संक्रामक रोगों से बचाव के लिए प्रतिदिन कीटनाशक दवाओं के छिड़काव, फागिंग कार्य, समुचित साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित किया गया है ।जिला प्रशासन द्वारा किए गए व्यवस्था का नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल, तहसीलदार रविंद्र मौर्य ने कर्मचारियों के साथ गौरा घाट पर भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष ने बताया कि डिजास्टर की नाव नदी किनारे लगायी गई है। एनडीआरएफ मौजूद है। बाढ़ राहत पैकेज भी दिए जाने की व्यवस्था है।

# समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के तहत आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

देवरिया। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप ह्लसमर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश @ 2047ह्ल अभियान के तहत जनपद में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रबुद्धजन एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग द्वारा नामित नोडल अधिकारी श्री अजय कुमार शुक्ला ( आईएएस), सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन प्रतिभाग करेंगे।

प्राप्त प्रोटोकॉल के अनुसार श्री शुक्ला का आगमन 7 सितम्बर को देवरिया में होगा। कार्यक्रम के दौरान 8 सितम्बर को पूर्वाह्न 10 से 11 बजे तक राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में स्नातक एवं परास्नातक स्तर के सौ विद्यार्थियों के साथ कार्यशाला आयोजित होगी। इसके उपरान्त 11 से 12 बजे तक कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में जिले के सौ व्यवसायी एवं प्रमुख उद्यमियों के साथ कार्यशाला आयोजित होगी। इसी स्थान पर दोपहर 12 से 1 बजे तक स्वयंसेवी संगठनों तथा स्वयं सहायता समूहों के 100 प्रतिनिधियों के साथ कार्यशाला आयोजित की जाएगी। अपराह्न 3 से 4 बजे तक विकास भवन स्थित गांधी सभागार में 100 श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ कार्यशाला संपन्न होगी। अभियान के दूसरे दिन 9 सितम्बर को डायट, रामपुर कारखाना में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के सौ शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसके को विकास खंड रामपुर कारखाना के सभागार में कृषकों, श्रमिकों, स्वयं सहायता समूहों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों आदि के साथ कार्यशाला आयोजित होगी।

# धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय व्यापारी दिवस

**देवरिया** । अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल अपने स्थापना के 32 में वर्ष पर आयोजित *तीन सितंबर राष्ट्रीय व्यापारी दिवस* को स्थानीय एक विवाह भवन निकट शुगर मिल चौराहा पर धूमधाम से मनाया गया समारोह के मुख्य अतिथि वस्तु एवं सेवा कर विभाग के उपायुक्त विवेक मिश्रा एवं वरिष्ठ अतिथि

● सम्मानित हुए नामचीन

क्षेत्राधिकारी सदर उपस्थित रहे` कार्यक्रम के अध्यक्षता संगठन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्रनाथ त्रिपाठी ने की इस अवसर पर संगठन के प्रदेश मंत्री पुरुषोत्तम मरोदिया, जिला अध्यक्ष नरेश अग्रवाल ने संबोधन किया` संगठन की इस आयोजन में व्यापार के क्षेत्र से जुड़े कुछ वरिष्ठ व्यापारियों के साथ-साथ समाज के अन्य आयाम से प्रतिष्ठित 29 प्रमुख व्यक्तियों को सम्मानित किया गया सम्मानित लोगों में अधिवक्ता देवरिया कलेक्ट्रेट वार




के अध्यक्ष प्रीतम मिश्रा,दीवानी वार के अध्यक्ष मनोज मिश्रा,चिकित्सा क्षेत्र से डॉक्टर एफ हुसैन,डॉक्टर राजेश बरनवाल,डॉक्टर ज्ञानचंद मौर्या, तथा समाजसेवी संजय पाठक, कुमारी शुभ्रा सिंह,संगीत विद्या से पूनम मणी,नित्यानंद यादव,गोपाल शर्मा, हीरा जी वर्मा,जगदीश अग्रवाल, सुनील मद्धेशिया, गंगासागर सोनकर, जटाशंकर गुप्ता,कृष्ण कुमार बरनवाल, दिनेश चौरसिया,चार प्रमुख समाचार पत्रों के ब्यूरो चीफ के साथ रामआश्रय त्रिपाठी,एडवोकेट अरविंद पांडे,रामेश्वर पांडे,को संगठन द्वारा सम्मानित किया गया` साथ ही साथ नगर क्षेत्र में कार्य करने वाले दो समाजसेवी संस्थाएं श्री रानी सती दादी परिवार एवं मारवाड़ी युवा मंच द्वारा संचालित अन्नपूर्णा बैंक की स्वयंसेवकों को भी सम्मानित किया गया` हाल ही में नगर में स्थापित गणेश प्रतिमा की स्थापना से जुड़े तीन समूहों को भी उनके उत्साह वर्धन हेतु प्रस्तुत किया गया` इस अवसर पर संगठन के संरक्षक गण गिरधारी लाल केजरीवाल,राजेंद्र मल, भरत अग्रवाल, उपेंद्र शाही, यशवीर सिंह जस्सी एवं प्रमुख समाजसेवी अखिलेन्दर शाही तथा शहर के विभिन्न संगठनों एवं संगठन के वरिष्ठ जन रविंद्र प्रताप मल संगठन की महिला शाखा अध्यक्ष सीमा जायसवाल महामंत्री सुनीता चौरसिया जिला महामंत्री आनंद अग्रवाल, युवा के जिला अध्यक्ष विजेंद्र वर्मा नगर युवा अध्यक्ष बाबू नगर की उपाध्यक्ष संजू सोनी, कृपा निधान,अटल बरनवाल,राम सिंह,दुर्गेश वर्मा, शाहनवाज जी, प्रिंस जायसवाल, विक्रम जायसवाल, अजय वर्मा,दीपू जयसवाल,गोविंद मोदनवाल, दिलीप वर्मा,अखिलेश जायसवाल, जीतन लाल बरनवाल, दारा यादव,जावेद अहमद,प्रमोद मद्धेशिया,मुन्ना राय,प्रेम अग्रवाल, प्रजापति,पूनम मिश्रा, मीरामणि संध्या श्रीवास्तव, आदि के साथ सैकड़ो की संख्या में पुरुष एवं महिलाएं व्यवसाय उपस्थित रहे।

## बेनेट क्लब के अध्यक्ष बने अधिवक्ता बद्रीनारायण दुबे, महामंत्री संजय सिंह




**कसया, कुशीनगर**। बेनेट क्लब कसया के आज शनिवार को संपन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर सीधी लड़ाई में जहां बद्रीनारायण दुबे एडवोकेट निर्वाचित घोषित किए गए हैं वहीं महामंत्री पद पर त्रिकोणात्मक लड़ाई में संजय सिंह एडवोकेट निर्वाचित घोषित हुए हैं। वरिष्ठ चुनाव अधिकारी चंदेश्वर गोविंद राव के द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार कल 80 मतदाताओं में से 78 ने अपने मतों का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के लिए देवेंद्र दत्त तिवारी एडवोकेट को 29 मत प्राप्त हुए जबकि बद्रीनारायण दुबे एडवोकेट को 49 मत प्राप्त हुए इस प्रकार बद्री नारायण दुबे 20 वोट से निर्वाचित घोषित किए गए ।इसी प्रकार महामंत्री/ सचिव पद पर राकेश कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट को 13 मत प्राप्त हुए ,संजय सिंह एडवोकेट को 42 मत प्राप्त हुए तथा ज्ञान प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट को 23 मत प्राप्त किया। इस प्रकार संजय सिंह एडवोकेट 19 वोट से निर्वाचित घोषित किए गए। सुबह 9:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक मतदान हुआ ।जिसमें सफल मतदान कराने वालों में चंदेश्वर गोविंद राव, ईश्वर सिंह ,राधा कृष्ण शर्मा, राकेश तिवारी, आनंद कुमार राय और राजीव त्रिपाठी प्रमुख रहे। विजई प्रत्याशियों ने अपने संबोधन में कहा कि क्लब की अ स्मिता कायम रहेगी तथा उस पर किसी भी व्यक्ति का अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। हम लोग के कार्यकाल में बैनेट क्लब ऊंचाइयों पर जाएगा यह हम लोगों का विश्वास है।

# कॉलेजों में सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच मना शिक्षक दिवस

**भटनी(देवरिया)**। रामगुलाम राय पीजी कालेज बनकटाशिव सल्लहपुर भटनी में डॉं सर्व पल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साध शुभारंभ हुआ ।और उनके जीवन से सम्बन्धित सभी पहलुओं का चित्रण सांस्कृतिक कार्यक्रम मे किया गया ।कार्यक्रम को

● याद किये गये डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन
● केक काटकर मनाया गया जन्मदिन

सम्बोधित करते हुए बी एड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉं राधारमण मिश्र डॉं मनमोहन सिंह डॉं कमलेश मिश्र डॉं संदीप कुमारी सोनकर ने कहा कि एक शिक्षक का कर्तव्य अपनै छात्रो को वुध्दी का विकास वज्ञानार्जन विवेक का ज्ञान वर्धन कराने के साथ शिक्षा के वर्तमान पध्दति के विकास मे सहयोग छात्रो के सर्वांगीण विकास करना शिक्षक का धर्म होता है । सही गलत का बोध कराते हुए शिक्षक धर्म के पालन करना आवश्यक बताया ।

अन्त मे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉं राजेश्वर शाही ने सभी के प्रति आभार प्रकट करतें हुए शिक्षक दिवस पर गुरु शिष्य परम्परा को कायम रखने के लिए सभी उपस्थितशिक्षकों छात्रो से अपील किया ।इसी क्रम मे सिध्देश्वर शीतलदेव नारायण महाविद्यालय भरहेचौरा सिध्दनाथ इण्टर कालेज नन्द कालेज इफ फार्मेसिस्ट व एस एन कॉन्वेंट स्कूल भरहेचौरा भटनी मे संयुक्त रुप मे शिक्षक दिवस समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉं संपूणानंद तिवारी ने किया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कालेज के प्रबन्धक एवं जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह ने कहा कि इस संस्थानो का मुख्य उद्देश्य गुणवत्तायुक्तशिक्षा समयवध्द कक्षाएँ अनुशासित वातावरण एवं निरन्तर मूल्यांकन के माध्यम से बच्चो का सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर कर डॉं सर्वपल्ली राधाकृष्णनन के सपनो को धरातल पर उतारना संस्था एवं शिक्षकों का करमधर्म है ।प्रबन्धक होने के नाते सदैव शिक्षकों एंव छात्रो के साथ खडा हुँ ।राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक/सेविकाओं ने इस कार्यक्रम मे बढक्षचढ कर अपनी सहभागिता निभाई ।

शिक्षक दिवस केवल शिक्षकों के सम्मान का प्रतीक नही है ब्लिक संस्थानों के अनुशासन शिक्षा की गुणवत्ता के साथ दूर्दर्शी नेतृत्व का संदेश समाज के बीच देने का कार्य प्रबन्धक दिया ।अन्त मे कालेज के प्राचार्य डॉं संपूणानंद तिवारी ने शिक्षक दिवस पर सभी का आभार प्रकट करते हुए शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर अपनी शुभकामना व्यक्त किया ।इस अवसर पर अवकाश कै बाद भी शिक्षक व छात्र उपस्थित होकर शिक्षक दिवस कार्यक्रम मे अपनी उपस्थिति दर्ज करायी ।

इसी क्रम मे नगर पंचायत भटनी मे स्थित प्रिन्श पब्लिक स्कूल हरिकीर्तन मुहल्ला मे प्रबन्धक अखिलेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया ।

सर्वप्रथम डॉं राधाकृष्णनन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित प्रबन्धक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया । बच्चो द्वारा सर्व फल्ली राधाकृष्णनन के जीवन चरित्र से सम्बन्धित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया ।प्रबन्धक अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र मे किये गये उनके प्रयासों को याद किया ।इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य रुपक यादव ने कहा कि डॉं सर्वपल्ली राधाकृष्णन व देश के प्रथम उपराष्ट्रपति थे ।भारतीय संस्कृति के संवाहक प्रख्यात शिक्षाविद महान दार्शनिक एवं एक महान विचारक थे ।इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक छात्र छायाएं ध शिक्षिकाएं उपस्थित थे ।

## वन्य जीव सक्रियता वाले क्षेत्र की जा रही है निगरानी

बहराइच । **प्रभागीय वनाधिकारी** बहराइच राम सिंह यादव ने बताया कि वन प्रभाग, बहराइच के बहराइच रेंज के विकास खण्ड महसी अन्तर्गत 28 अगस्त 2025 को ग्राम-बम्भौरी के बदनपुरवा, ग्राम सिसैया चूडामणि व मोतीपुरवा एवं ग्राम-गलकारा अहिरनपुरवा में अज्ञात वन्य जीव द्वारा ग्रामवासियों पर किये गये हमले के दृष्टिगत बहराइच वन प्रभाग स्तर से 07 गश्ती दलों का गठन किया गया है जो दिवस/रात्रि वन्य जीव सक्रियता क्षेत्रों में गश्त की कार्यवाही की जा रही है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को मिलेगा विवेकानंद यूथ अवॉर्ड

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि गत वर्ष की भाँति व्यक्तिगत श्रेणी के अन्तर्गत राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड से सामाजिक कार्यों में रूचि रखने वाले युवाओं को पुरस्कृत किया जाना है।

उन्होंने बताया कि शासनादेश 01 सितम्बर 2025 में उल्लिखित राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र यथा खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशामुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना एवं संचालन, जैविक खेती, सौर्य ऊर्जा संयत्र स्थापना स्वच्छता कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकीकरण, साक्षरता आपदा प्रबन्धन, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य, अनुसंधान, कला, संस्कृति और साहित्य, मानव अधिकारों को बढावा देना, पर्यटन, पारम्परिक चिकित्सा, सक्रिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा, खेल और शैक्षिक उत्कृष्टता एवं स्मार्ट लर्निंग इत्यादि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को विवेकानन्द यूथ एवार्ड प्रदान किया जायेगा। आवेदनकर्ता की उम्र 15 से 35 वर्ष के बीच होना चाहिए, जिसका निर्धारण वर्ष 1 जनवरी को नामांकन के समय के अनुसार होगा। व्यक्तियों को पुरस्कार में एक पदक, एक प्रमाण-पत्र, स्वामी विवेकानन्द जी की एक प्रतिमा और रू0-50000.00 नकद शामिल होंगे। शासनादेश अनुसार विगत 03 वर्षों ( 01 अप्रैल 2022 से 31 अप्रैल 2025 तक ) में सराहनीय कार्य करने वाले इच्छुक युवाओं को चिन्हित करते हुए उनका प्रस्ताव जनपद स्तरीय समिति के परीक्षणोंपरान्त उपयुक्त प्रस्ताव को दिनांक 15 सितम्बर 2025 तक महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल उ०प्र० लखनऊ को निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत एनेक्जर-1 व 2 के साथ बुकलेट के रूप दो प्रतियों में प्रेषित किया जाना है। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र विकास भवन स्थित जिला युवा कल्याण एव प्रा०वि०द० अधिकारी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

## पच्चीस हजार का इनामी बदमाश धर दबोचा

**ललितपुर**। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं सीओ सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस ने कोतवाली पर पंजीकृत मु.अ.सं. 759/25 व 760/25 अन्तर्गत धारा 305, 331( 4 ), 317( 2 ) बीएनएस में वांछित 25 हजार रुपये का इनामिया अपराधी जिला मेरठ के थाना किठौर अंतर्गत ग्राम शाहजमाल निवासी सलमान पुत्र सौकीन को हिरासत में लिया है।

बदमाश को पकड ? वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, उ.नि.सुशील कुमार त्रिपाठी, उ.नि. दीपक कुमार, कां.दिलीप कुमार शामिल रहे।

संक्षेप

## विद्युत विभाग की लापरवाही से भैंस की मौत

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। शनिवार को विद्युत विभाग के सौतेलेपने से खेत में लटके तारों की चपेट में आने से बेशकीमती भैंस की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम रामापुर निवासी संतराम पुत्र राजाराम शनिवार की दोपहर भैंस चरा रहा था। जहां उसकी भैंस काजी खेड़ा के गुरु मिस्त्री के खेत में चली गयी।जहां अर्से से लटके 11 हजार लाईन के तारों में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से भैंस की मौक पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। ग्रामीणों ने बताया कि विभागीय हीलाहवाली के चलते संतराम की भैंस की मौत हुई है। मसलन बीते छः माह पूर्व इन्हीं तारों की चपेट में आने से रामदयाल की बेशकीमती भैंस मरी थी। जिसकी शिकायत बाद भी विभाग के न चेतने का खामियाजा पशुपालक को पुनः भुगतना पड़ा है। जिसका पोस्टमार्टम रविवार की सुबह कराया जाएगा।इस बाबत जेई संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि खेतों में पानी भरा होने से पोल लगाना संभव नहीं हो पा रहा है। भैंस के पोस्टमार्टम बाद किसान को उचित मुआवजा दिलाया जाएगा।

## कहासुनी में चले ईंट पत्थर ,युवती घायल

पाटन, उन्नाव (वीओएल)। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में शनिवार को मामूली कहासुनी ने बड़ा विवाद का रूप ले लिया। आक्रोशित महिला ने अचानक ईंट-पत्थर से हमला कर युवती को गंभीर रूप से घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम रसूलपुर निवासी राजू की पुत्री सजल देवी (20 वर्ष) को पड़ोस की मेनिका देवी पत्नी फूलचंद से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि गुस्से में आकर मेनिका देवी ने छत से ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। हमले में युवती सजल देवी के सिर में गंभीर चोट आ गई और वह लहूलुहान हो गई। घटना के बाद परिजनों ने घायल युवती को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं, पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामले को दर्ज कर लिया।इस संबंध में थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि पीड़िता की डॉक्टरी कराई गई है और आरोपित महिला के खिलाफ मारपीट की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी।

## एसडीएम से मुख्यमंत्री आवास दिलाने की मांग

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। एसडीएम पुरवा को शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि सीमा पत्नी स्व० बुद्धिलाल नि० ग्राम पटेहरी जम्बूरपुर पुरवा की रहने वाली गरीब महिला है। उसके तीन नाबालिग बच्चे जिसमें दो लड़की और एक लड़का है। वह टूटे-फूटे कच्चे मकान में रहने को मजबूर हूं। किसी तरह मजदूरी कर अपना व अपने बच्चों का जीवनयापन कर रही है। अनेक प्रयास किए जाने के बाद भी उसको आज तक मुख्यमंत्री आवास नही मिला। इतना ही नही शौचालय भी नही दिया गया। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने इनकी दयनीय स्थिति को देखते हुए तत्काल सम्बंधित अधिकारी को मदद करने का निर्देश दिए।

## ईद मिलादुन्नबी का मनाया गया जश्न

बिसवां नगर (सीतापुर)। 12रबी उल अव्वल के मौके पर मोहल्ला मियांगंज मे नूरी मस्जिद के निकट नुमाइश व रौशनी का आयोजन किया गया। नुमाइश में मस्जिद अल हरम व मक्का क्लॉक टावर का मॉडल प्रदर्शित किया गया। मॉडल बनाने वाले बिलाल खान ने बताया कि इस बार पूरी दुनिया में 1500 साला ईद मिलादुन्नबी का जश्न मनाया जा रहा है। इस खास मौके पर उनकी टीम ने डेढ़ माह की कड़ी मेहनत के बाद ये मॉडल तैयार किया है। इसको बनाने मे हर एक बिंदु पर बारीकी से ध्यान दिया गया है। यह मॉडल पूर्णतया हस्तनिर्मित है। जिसमें मस्जिद अल हरम की दीवारें, ऊंचे मीनार और बीच में काबा शरीफ तथा मक्का क्लॉक टावर को दर्शाया गया है। मो० मुस्तकीम, आमिर जानू, रेहान कादरी, अच्छे, फैयाज खान ने बताया कि नबी पाक की मोहब्बत में हम लोग महीनों पहले ऐसे मॉडल बनाने में जुट जाते हैं और मेहनत से मॉडल तैयार कर रबीउल अव्वल के मौके पर नुमाइश करते हैं। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य लोगों को मस्जिद अल हरम और काबा शरीफ की जियारत का एहसास कराना है। इस मौके पर नुमाइश देखने आये लोग मॉडल की खूबसूरती की प्रशंसा करते रहे।

# डीएम व एसपी ने प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 के प्रथम दिवस की प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान सेक्रेट हार्ट इंटर कॉलेज, दीनदयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दिल्ली पब्लिक स्कूल, आर.एम.पी. डिग्री कालेज एवं राजकीय इण्टर कालेज स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु आवश्यक निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि आयोग के निदेर्शानुसार समस्त कार्यों को पूरी सुचिता के साथ सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के आस पास शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने, निर्धारित प्रक्रिया का पूर्णतया पालन सुनिश्चित करने आदि के सम्बन्ध में भी निर्देशित किया। परीक्षा केंद्रों पर मानकों के अनुरूप सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ सभी संबंधित अधिकारियों को भ्रमणशील रहते हुए गहन निरीक्षण करने हेतु भी निर्देशित किया।

## कारागार राज्यमंत्री ने राहत किट का किया वितरण



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। लालपुर मंडी में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा ग्राम बेलवा और बरेती के ग्रामीणों को सरकारी राहत किट का वितरण किया गया।

तहसीलदार द्वारा पट्टी मजरा दहेली एवं कुसेपा का भ्रमण किया गया। बाढ़ प्रभावित गाँव पर्वतपुर में ब्लॉक द्वारा भूसा वितरण एवं राहत कार्य किया गया। बेलवा डींगरा एवं निकटतम ग्रामों में पशु चिकित्सा राहत शिविर का भी आयोजन किया गया। साथ ही बरेती पर्वतपुर लखनियापुर में बाढ़ राहत स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। बाढ़ प्रभावित ग्रामों में राहत सामग्री एवं फूड पैकेट वितरण भी किया जा रहा है।

इस अवसर पर राज्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि संकट की इस घड़ी में सरकार हमेशा उनके साथ है और प्रभावितों की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिगत समस्त आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों को के त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु भी संबंधित को निर्देश दिए।

## नवीनीकृत प्रभारी निरीक्षक कक्ष का उद्घाटन



सफीपुर उन्नाव, (वीओएल)। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने सफीपुर कोतवाली के गेट एवं नवीनीकृत प्रभारी निरीक्षक कक्ष का अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) प्रेमचंद्र एवम पुलिस उपाधीक्षक सफीपुर सोनम सिंह कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी की गरिमामई उपस्थित में करते हुए कहा नव निर्मित कोतवाली द्वार एवम प्रभारी निरीक्षक कक्ष के नवीनीकरण के बन जाने से सुदृढ़ कानून व्यवस्था, सुरक्षा काठ फरियादियों, आगंतुकों को सुविधाजनक माहौल विकसित होगा।

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई राजा बेटा, जिला पंचायत सदस्य दिलीप मिश्र गुड्डू सहित कोतवाली के उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षी/आरक्षी क्षेत्रीय समाज सेवी भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने नगर की यातायात व्यवस्था जिससे जाम से निजात मिल सकै। उसके लिए यातायात पुलिस की तैनाती के सुझाव पर पुलिस उपाधीक्षक सोनम सिंह से उन जगहों को चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करवाने का निर्देश दिया जहा यातायात पुलिस की आवश्यकता है पुलिस कप्तान ने जानकारी दी कोतवाली क्षेत्र की परियर पुलिस चैकी को थाने के रूप विस्तार देने का प्रस्ताव तैयार कराया जा चुका है जिसे स्वीकृत मिलते ही जल्द मूर्त रूप दिया जायेगा।

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने उप निरीक्षक सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने कोतवाली का प्रभार देने के बाद कानून व्यवस्था, सुरक्षा के साथ कोतवाली द्वारा के निर्माण का प्रमुख दायित्व सौंपा था। जिसे उन्होंने अपने अधिकारी का आदेश मानकर चार्ज लेने के उपरांत ही कार्य शुरू करा दिया जनसहयोग एवम नगर पंचायत के माध्यम से भव्य द्वार एवम मार्ग में इंटर लाकिंग लगवाकर कोतवाली को भव्य स्वरूप प्रदान किया। जिसकी पुलिस अधीक्षक सहित उपस्थित आगंतुक जनों से सराहना की।

## परीक्षा केंद्र पहुंचकर जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

उन्नाव, (वीओएल)। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित पीईटी परीक्षा को निष्पक्ष, सकुशल शांतिपूर्ण पारदर्शी नकल विहीन, शुचितापूर्ण सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अटल बिहारी इंटर कालेज बड़ा चैराहा परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उपस्थित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि परीक्षा को सकुशल शांतिपूर्ण पारदर्शी कराने में किसी भी स्तर पर लापरवाही ना हो। आयोग के निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

## शानो शौकत से निकला जूलूस ए मोहम्मदी

जिला संवाददाता(vol)

बिसवां नगर (सीतापुर)। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बड़े ही शानो शौकत के साथ मरकजी कमेटी द्वारा जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। सुबह करीब 11 बजे शाही कंकर वाली मस्जिद के सहन से सलातों सलाम के बाद मरकजी कमेटी की अगुवाई में जुलूस का आगाज किया गया।

जो अपने कदीमी रास्तों घोसियाना, छोटा चैराहा, मिरदही टोला, शेख सराय, जोशी टोला, जुलाही टोला, काजी टोला, मियांगंज, दायरा, मुराऊ टोला, हजीरा, सब्जी मंडी, बड़ा चौराहा, पोस्टर चैराहा, पठानी टोला, थवई टोला होता हुआ पुनः कंकर वाली मस्जिद पर पहुंचकर जूलूस का समापन हुआ। जुलूस में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। जुलूस-ए-मोहम्मदी में मजहबी झंडे के साथ लोगों ने शान से तिरंगा भी लहराया। जुलूस में सबसे आगे मरकजी कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य सदर हाथों में झंडा लिए नबी पाक के तराने गाते हुए चल रहे थे। जुलूस में शामिल हजारों लोग पत्ती-पत्ती फूल-फूल या रसूल, लब्बैक या रसूलल्लाह, मरहबा या मुस्तफा के नारे बुलन्द आवाज में लगाते हुए चल रहे थे। देर रात जुलूस पुनः कंकर वाली शाही जामा मस्जिद पहुंचा। जहां पर जश्ने ईदमिलादुन्नबी का आयोजन कर अंजुमनों व मस्जिद की सजावट तथा नुमाइश लगाने वालों को कमेटी के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जुलूस में करीब सौ अंजुमन शामिल थी।

## पंजाब में आई बाढ़ से जूझ रहे परिवारों की मदद के लिए चीनी मिल ने भेजी राहत सामग्री

हरगांव (सीतापुर)। पंजाब में आई भीषण बाढ़ से जूझ रहे परिवारों की मदद के लिए अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड, हरगाँव ने सराहनीय पहल की है। मिल प्रबंधन ने राहत सामग्री भरा वाहन शनिवार को मिल परिसर से रवाना किया। सामग्री को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाकर जरूरतमंदों में वितरित किया जाएगा। राहत सामग्री को हरी झंडी दिखाते हुए अधिशासी अध्यक्ष ए.के. दीक्षित ने कहा मानवता से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। आपदा की इस घड़ी में बाढ़ पीड़ितों की सहायता करना हमारा कर्तव्य ही नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, सहयोग की यह श्रृंखला जारी रहेगी। कंपनी प्रबंधन के अनुसार राहत सामग्री में खाद्यान्न, पीने का पानी, रिफाइंड, चीनी सहित आवश्यक दैनिक उपयोग की वस्तुएँ शामिल हैं। दीक्षित ने सिख समाज की सेवा परंपरा को भी नमन करते हुए कहा कि जब-जब देश संकट में पड़ा है। सिख भाइयों ने लंगर और सेवा के माध्यम से इंसानियत का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। आज वही सिख समाज कठिन परिस्थिति से गुजर रहा है, इसलिए सभी को आगे बढ़कर उनकी मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर अधिशासी उपाध्यक्ष विवेक तिवारी, शरद सिंह, प्रमोद कुमार, अनिल शर्मा, महेश भट्ट, संजीव राणा, मनोज निर्वाल, देवेन्द्र सिंह, अरविंद मिश्र, अजय भानू, जे.एन. सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, शशि शर्मा, जसविंदर सिंह, सरदार साहब सिंह, जोगेंद्र सिंह तथा सिख समाज के लोग उपस्थित रहे।

## डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया आकस्मिक निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से जिला कारागार सीतापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम दास सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला जज ने किया लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण

सीतापुर। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना के निर्देश के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के तत्वाधान में अपर जिला जज सचिव नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा शनिवार को समय-12:30 बजे जिला कारागार सीतापुर का साप्ताहिक निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा जिला कारागार सीतापुर के साप्ताहिक निरीक्षण के समय राकेश वर्मा, जेलर एवं जिला कारागार का अन्य समस्त स्टाफ तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बृजेन्द्र कुमार अवस्थी, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल, अंकुर वर्मा असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स आदि उपस्थिति रहे। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम पाकशाला व महिला बैरक के साथ-साथ अन्य बैरकों तथा जिला कारागार में स्थापित लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई उचित पाई गयी व बन्दियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को जाना गया। किसी भी बन्दी द्वारा किसी प्रकार की समस्या से अवगत नहीं कराया गया। उपरोक्त निरीक्षण के अतिरिक्त जिला कारागार में पतंजलि की ओर संचालित योग कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित बन्दियों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में विमल मोहन मिश्रा, मध्यस्थ अधिवक्ता एवं योग शिक्षक नीरज कुमार वर्मा, पुष्कर, महामंत्री एवं योग शिक्षिका पूजा पाल इत्यादि भी उपस्थित रही।

## कार की टक्कर से व्यक्ति की मौत

नोएडा। थाना सेक्टर 113 क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना सेक्टर 113 के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि पांच सितंबर को दिनकर निषाद पुत्र राजा राम निषाद, निवासी ग्राम सोनपुर अपने दोस्त अमरजीत के साथ बाइक से जा रहे थे, तभी एफएनजी रोड के पास एक अज्ञात कार चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में बाइक सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। शर्मा ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने दिनकर निषाद को मृत घोषित कर दिया।

## भाजपा कार्यालय पर आगामी अभियानों की योजना बैठक संपन्न



जिला संवाददाता

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में आगामी अभियानों जिसमें मुख्य रूप से सेवा पखवाड़ा शिक्षक एमएलसी निर्वाचन, स्नातक एमएलसी निर्वाचन एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला पदाधिकारियों और मोर्चे के अध्यक्षों को अभियानों से संबंधित कार्य वितरण किए गए एवं संपूर्ण कार्य योजना पर जिलाध्यक्ष द्वारा विस्तार के प्रकार डाला गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने अपने उद्बोधन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सेवा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन पार्टी द्वारा किया जाएगा सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को लगकर सभी अभियानों को सफल बनाना है और आगामी समय में 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रदेश में तीसरी बार प्रचंड बहुमत की सरकार बनाना है। चुनाव अभियानों में लगे पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष द्वारा विशेष दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से विश्राम सागर राठौर, सुधाकर शुक्ला, नैमिष रत्न तिवारी, संजय मिश्रा, रोहित सिंह, सचिन मिश्रा, सुनील मिश्रा, रमेश भार्गव दीपू, इंदू सिंह चैहान, सुनील मिश्रा, प्रखर जायसवाल, जया सिंह, उदित बाजपेई, विष्णु मौर्य, महेश शर्मा, राम जीवन जायसवाल, अजय विश्वकर्मा, अनूप विश्वकर्मा, राजकुमार अग्रवाल, अमन विक्रम सिंह, कामेश शुक्ला श्वेताशु रामस्वरूप भार्गव, लोकेश मिश्रा सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सपा की क्षेत्रीय कार्यालय में हुई मासिक बैठक

हसनगंज, उन्नाव (वीओएल)। हसनगंज के समाजवादी पार्टी कार्यालय में विधानसभा अध्यक्ष अशोक सिंह गुड्डू की अध्यक्षता में शनिवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया। मोहान की पूर्व प्रत्याशी आँचल वर्मा रावत ने सभी जोनल सेक्टर व बूथ प्रभारियों को संबोधित करते हुए बूथ पर अपनी वोट बचाने व बढ़ाने की बात कही और साथ ही संगठन को और मजबूत कर मोहान विधानसभा जीताकर 2027 में इतिहास रचकर अपने नेता अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रूप से सेवक लाल रावत, जिला पंचायत सदस्य ब्रजपाल सिंह, अशोक दादुवा, जिला सचिव शिवा सिंह चैहान, नि.राष्ट्रीय सचिव राहुल यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष



संतराम यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरीश किदवई, जिला सचिव बालेंद्र यादव, महासचिव लतीफ उस्मानी गोलू, ब्लॉक अध्यक्ष हसनगंज सल्तनत बहादुर, ब्लॉक अध्यक्ष नवाबगंज मिश्री लाल रावत, नगर अध्यक्ष औरास जितेन्द्र विश्वास, नगर अध्यक्ष मोहान तसवर अली, नगर अध्यक्ष न्योतिनी मंशा राम रावत, नगर अध्यक्ष नवाबगंज दिग्विजय सिंह लोधी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## दो युवकों की तालाब में डूबने से मौत

मानपुर (सीतापुर)। थाना क्षेत्र के एक गांव में तालाब में डूब कर दो नव युवकों की मौत हो गयी। घटना से गांव में कोहराम मच गया। इलाकाई पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शवों को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। मालूम हो कि ग्राम पंचायत उलरा के मजरा चमरपुरवा निवासी अयोध्या ने गांव के पश्चिम स्थित तालाब में सिघाड़ा डाला था। आज सुबह करीब ग्यारह बजे अयोध्या का 23 वर्षीय पुत्र मोहित सिंघाड़े कि फसल पर दवाई छिड़कने तालाब में डोंगी (छोटी नाव) से गया था। जैसे ही मोहित की डोंगी थोड़ा गहराई में गयी तो डूबने लगी और मोहित जल में समा गया। तभी तालाब के किनारे खड़े बच्चों में चिल्लाहट मच गयी। इतने में गांव का ही निवासी अरुण 20 पुत्र राजेश उर्फ राजू मोहित को बचाने के लिए सीधे तालाब में कूदकर मोहित के डूबने की जगह पर पहुंच गया। लोगों की माने तो मोहित ने अरुण का पैर पकड़ लिया। जिससे अरुण भी डूब गया। घटना की सूचना पर दोनों ही परिवारों में कोहराम मच गया। बताते चलें की मोहित की शादी हो चुकी थी। उसके दो बच्चे अंकुश 4 व अंकिता 3 व गर्भवती पत्नी मोनू का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पाकर पहुंची इलाकाई पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। घटना के बाबत प्रभारी थानाध्यक्ष ट्रेनी पीपीएस अभिषेक कुमार ने बताया की शवों का पंचनामा करवा कर पीएम के लिए भेजा जा रहा है।

## प्रधानाध्यापिका के योगदान की हो रही सरांहना

उन्नाव, (वीओएल)। शिक्षक दिवस के अवसर पर विकासखंड बीघापुर के ग्रामसभा अकबरपुर के प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यपिका मधू के योगदान को सराहते हुए कहा कि वो केवल ज्ञान ही नहीं बांटती, बल्कि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने का कार्य



करतीं हैं। उनके मार्गदर्शन से विधार्थी न केवल शिक्षा में प्रगति कर रहे हैं, बल्कि जीवन मूल्यों, संस्कारों और जिम्मेदारी की भावना को भी अपना रहें हैं। अभिभावकों का कहना है कि प्रधानाध्यापिका मधू जैसी शिक्षिकाएं ही बच्चों के सपनों को पंख देती हैं। और उन्हें संवेदनशील व जागरूक नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभातीं है। शिक्षक दिवस पर अभिभावकों ने उनके इस प्रयास को सच्ची समाज सेवा बताया और भविष्य में भी उनसे बच्चों को ऐसी ही प्रेरणा देने की अपेक्षा की है।

## नसबंदी शिविर में 10 महिलाओं का सफलता पूर्वक आपरेशन

पाटन, उन्नाव (वीओएल)। बीघापुर तहसील क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर में शनिवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 10 महिलाओं की सफल नसबंदी की गई। जानकारी के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे परिवार नियोजन अभियान के अंतर्गत सुमेरपुर पीएचसी पर विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आई महिलाओं की नसबंदी की जिम्मेदारी डॉक्टर सर्जन पीयूष मिश्रा और उनकी टीम ने निभाई। सभी 10 महिलाओं का ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। डॉक्टर पीयूष मिश्रा ने बताया कि परिवार नियोजन से न केवल जनसंख्या नियंत्रण में मदद मिलती है, बल्कि महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा और बच्चों के बेहतर पालन-पोषण में भी सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा कि सीमित परिवार से जीवन स्तर बेहतर होता है और समाज के विकास में भी योगदान बढ़ता है।अस्पताल परिसर में मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों ने ऑपरेशन के बाद महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से ऑपरेशन के बाद मिलने वाली प्रोत्साहन राशि व सुविधाओं की जानकारी भी दी गई।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक ने बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मी और आशा बहुएं भी मौजूद रही।

## सीआरएस पोर्टल पर मोबाइल और मेल आईडी अपडेट नहीं

उन्नाव (वीओएल)। हसनगंज विकास खंड के 37 ग्राम पंचायतों में जन्म प्रमाण पत्रों की लंबित फाइलें बच्चों और अभिभावकों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गई हैं। कई प्रमाण पत्र 21 दिन की तय अवधि के पहले के हैं। एक सैकड़ा से अधिक प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो पा रहें हैं। समयावधि के बढ़ने और नए नियमों में बदलाव के कारण इन प्रमाण पत्रों को बनाने में पंचायत और विकास खंड कार्यालय पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। अकसर अभिभावकों को वरासत, शिक्षा संस्थानों में प्रवेश, छात्रवृत्ति, संपत्ति हस्तांतरण जैसे कार्यों के लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती हैं। ऐसे मे प्रमाण पत्रों का विलंबित निर्गमन उनकी परेशानियों को बढ़ा रहा है। जिससे नए आवेदनकर्ता बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। अगर प्रशासन प्राथमिकता के आधार पर लंबित प्रमाण पत्रों को शीघ्र निर्गत करे, तो प्रभावित परिवारों के शैक्षणिक, दस्तावेजी और अन्य महत्वपूर्ण कार्य बाधित न हों। बी डी ओ निशा सागर विश्वकर्मा ने बताया कि मेरी तैनाती अभी हुई है समस्या मेरे पूर्व की है सोमवार को मैं इस समस्या को लेकर के पत्राचार कर दूंगा।

## बड़ी धूमधाम से निकाला गया जूलूसे मोहम्मदी

हरगांव (सीतापुर)। आदर्श नगर पंचायत हरगांव में पैगम्बर ए इस्लाम मोहम्मद साहब की यौमे ए पैदाइश पर पूरे हरगांव कस्बे में बड़ी ही धूमधाम से जूलूसे मोहम्मदी निकाला गया। इस जूलूस में भारी संख्या में अकीकतमंद लोगों ने शिरकत की एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कमेटी के सदर मोलवी ताहिर अली ने सख्त हिदायत दी, कि कोई भी नौजवान हुल्लड़ बाजी नहीं करेगा हम नवी को मानने वाले लोग हैं हमारे काफिले से किसी को भी किसी भी तरह की परेशानी न हो यही हमारे इस्लाम धर्म की पहचान है। कस्बे में निकाले गये जूलूस में काबा मस्जिद ए नवी और उंट घोड़े शामिल रहे सजी-धजी गाडियों पर उलेमाओं द्वारा नातेपाक व जश्ने ईद मिलादुन्नबी के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर आदर्श नगर पंचायत हरगांव के चेयरमैन गफ्फार खां, सभासद जलालीपुर मोहम्मद सलीम, पूर्व सभासद व सपा नेता नजीर अहमद, पूर्व सभासद काजी टोला अब्दुल लतीफ कुरैशी, पूर्व सभासद सरांय पित्थू दानिश नकवी, पूर्व सभासद प्रत्याशी वारिस मंसूरी, सभासद काजी टोला हारुन कुरैशी, सभासद मोहम्मद अनीस, सभासद परवेज आलम, एजाज अय्यूबी ठेकेदार, अनीस खां अंजुम असलम सिद्दीकी अंसारी जाहिद अली अंसारी शमीम इदरीसी इमरान अजीमुद्दीन सिद्दीकी सरफुद्दीन सिद्दीकी आढती अय्यूब आढती प्रधान मोहम्मद अनीस अंसारी गुड्डू चैहान तथा कमेटी के पदाधिकारियों सहित हरगांव क्षेत्र के समस्त सम्मानित जनता शामिल रही।

## निकास के लिए लगा खड़ंजा गंदे नाले में तब्दील प्रधान ने ठीक कराने से किया इंकार

मानपुर (सीतापुर)। मानपुर इलाके के ग्राम पंचायत कटिया मजरा पड़रिया में बृजलाल यादव के मकान से निकास के लिए लगा खड़ंजा पूरी तरह से नाले में तब्दील हो चुका है। पूरे खड़ंजे पर घास कीचड़ और गंदा पानी भरा हुआ है। जब इस समस्या के बारे में ग्राम प्रधान को अवगत कराया गया तो उन्होंने खड़ंजा ठीक कराने को पूरी तरह से इन्कार कर दिया। पीड़ित परिवार ने इस समस्या से निजात पाने के लिए संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से लिखित व मौखिक शिकायत की है। यदि समस्या का जल्द समाधान न किया गया तो आगे उचित वैधानिक कार्यवाही के लिए परिवार को आगे कदम बढ़ाने पर मजबूर होना पड़ सकता है। जानकारी करने पर इसका कारण ग्राम पंचायत में आने वाले वोटों की राजनीति होना बताया जाता है। इससे गांव के लोगों में भारी आक्रोश है।

संक्षेप

## नेमवि में 8 से होंगे प्रवेश प्रारम्भ

ललितपुर। नेहरू महाविद्यालय में प्रवेश समिति की बैठक प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री की अध्यक्षता में संस्कृत भवन में सम्पन्न हुई। प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री ने अवगत कराया कि बी..ए. प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025-26 में महाविद्यालय में 720 सीटों पर आरक्षण नियमों का पालन करते हुए प्रवेश संपादित किए जायेंगे। प्राचार्य प्रो. शास्त्री ने बताया कि बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में 08 सितम्बर से 10 सितम्बर तक समर्थ पोर्टल पर प्रवेश हेतु किए ऑनलाइन पंजीकरण फार्म की प्रतिलिपि महाविद्यालय में जमा किए जायेंगे तथा बी.ए.प्रथम सेमेस्टर की 11 सितम्बर 2025 को मेरिट सूची जारी किए जायेगी। 12 से 16 सितम्बर 2025 तक प्रवेश संपादित किए जायेंगे।

उन्होंने बताया कि मेरिट सूची में आने वाले प्रवेशार्थियों को अपना प्रवेश रजिस्ट्रेशन फार्म, फार्म पर अंकित मेल आई डी, मूल प्रमाण पत्रों एवं छायाप्रतियों सहित स्वयं उपस्थित होकर निर्धारित तिथि में प्रवेश ले लें। उन्होंने बताया कि बी.एस-सी. कृषि एवं एम.एस-सी. कृषि प्रथम सेमेस्टर एवं बी.एस-सी.(मैथ/बायो), बी.कॉम तथा एम.ए. समस्त विषय प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश 08 से 12 सितम्बर तक सम्पन्न किए जायेंगे।

# तहसील पाली में सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम- एसपी ने सुनीं जनशिकायतें

जिला संवाददाता



ललितपुर। जनता की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के लिए आज शनिवार को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अमनदीप डुली व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने तहसील में आये फरियादियों की शिकायतें सुनी और उनका निस्तारण भी कराया। उन्होंने कई शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया और शेष बची शिकायतों को सम्बंधित अधिकारियों को पृष्ठांकित करते हुए निस्तारण की समयसीमा निधारित की। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय में होना चाहिए, इसके लिए अधिकारी स्वयं संज्ञान लेकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराते हुए अवगत करायें। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता को अपने समक्ष बुलाकर पूरी गंभीरता से उनकी समस्या सुनी और उन्हें भरोसा दिलाया कि जल्द ही उनकी समस्या का निस्तारण करा दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं जनशिकायत प्रणाली की समीक्षा करते हैं, इसलिए कार्य में लापरवाही बरतने की कोई गुंजाइश नहीं है, अधिकारी पूरी निष्ठा से जनशिकायतों का निस्तारण करायें।

**● शिकायतकर्ताओं की समस्या सुन डीएम ने बोले शीघ्र करेंगे आपकी समस्या का निस्तारण**

तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 83 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 14, विकास के 03, पुलिस के 19, नगर पंचायत के 02, पूर्ति के 36, विद्युत के 05 तथा अन्य विभागों के 04 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 07 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 27 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 08, पुलिस के 06, विकास का 01, पूर्ति के 06, चकबंदी के 02, विद्युत का 01 तथा अन्य विभाग के 03 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 03 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया।

तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 07, पुलिस के 03, चकबंदी के 02, विद्युत के 03, समाज कल्याण के 07 तथा अन्य विभागों के 03 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 22 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 08, विकास के 02, पूर्ति के 10 तथा अन्य विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल हैं। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 04, विद्युत का 01 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 01 का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस दौरान सीएमओ, एसडीएम निशान्त तिवारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिकायतों का मौके पर डीएम ने कराया निस्तारण




बांदा। तहसील अतर्रा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता से निस्तारण करें। उन्होंने कई शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही अधिकारियों से कराया। समाधान दिवस में विद्युत, राजस्व, पुलिस, विकास, आपूर्ति एवं अन्य विभागों से सम्बन्धित 105 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें मौके पर 6 शिकायतों का निस्तारण ही हो सका। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शेष जन शिकायतों को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारित करें। समाधान दिवस में एक फरियादी ने अन्त्योदय राशन कार्ड बनाने तथा अपने पुत्र का इलाज कराने का आवेदन दिया, जिलाधिकारी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अन्त्योदय राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिये। अतर्रा के एक फरियादी ने कच्चा मकान गिर जाने पर आवास दिलाये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका से कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीणों के सड़क बनाये जाने के आवेदन पर बीडीओ नरैनी को रास्ता का निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये। एक किसान की नलकूप में विद्युत कनेक्शन की समस्या पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता विद्युत को शीघ्र विद्युत कनेक्शन दिलाये जाने के निर्देश दिये। ग्राम चैसड़ के एक फरियादी ने घर के बंटवारे में एक तिहाई हिस्सा दिलाये जाने का प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर जिलाधिकारी ने लेखपाल को मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश दिये। अतर्रा के कुछ फरियादियों ने घर में सड़क बनने से नाली का निर्माण न होने के कारण घरों में पानी जाने की समस्या पर डीएम ने लोक निर्माण अभियंता को सड़क के किनारे नाली का निर्माण कराने के निर्देश दिये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मदन मोहन वर्मा, उप जिलाधिकारी राहुल द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी, पीडी डीआरडीए, नायब तहसीलदारव अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**● समाधान दिवस में मिलीं 105 शिकायतें, 6 का निस्तारण**

# डीएम ने उ. प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा

जिला संवाददाता



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा जिले के 22 परीक्षा केन्द्रों में दो पालियों में संचालित यू0पी0एस0एस0एस0सी0 प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) 2025 को सुचारू, नकल विहीन, शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शनिवार को निरीक्षण के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रारंभिक अर्हता परीक्षा को शासन द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराया जाए ताकि किसी भी स्तर पर कोई व्यवधान अथवा अव्यवस्था न होने पाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में मोबाइल तथा किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट लेकर प्रवेश न करने पाए तथा सघन तलाशी के उपरांत ही परीक्षार्थी को परीक्षा कक्षा में प्रवेश कराएं। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के प्रति उन्होंने संतोष व्यक्त किया। तदुपरांत जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के साथ कोतवाली शहर क्षेत्रान्तर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल/गंगा बैराज का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

# शतरंज छात्रों के बौद्धिक, व्यक्तित्व विकास में उपयोगी




बांदा। शिक्षकों के सशक्तीकरण और विद्यार्थियों के मानसिक विकास के लिए भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी में शनिवार को शतरंज प्रशिक्षण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। ऑल इंडिया चेस फेडरेशन की चेस इन स्कूल मुहिम के तहत उत्तर प्रदेश शतरंज खेल संघ के संरक्षण में जिला शतरंज खेल संघ ने आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि शिवराज, अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ह्लआज की तेज रफ्तार जीवनशैली में शतरंज जैसे बौद्धिक खेल न केवल विद्यार्थियों की एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी सुदृढ़ करते हैं ह्व संगोष्ठी के मुख्य वक्ता फिडे अर्बिटर आनंद सिंह रहे, यह शतरंज नियमों और प्रशिक्षण के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखते हैं। उन्होंने शिक्षकों को तकनीकी मार्गदर्शन देते हुए विद्यालय स्तर पर शतरंज शिक्षण के लिए व्यावहारिक रणनीतियाँ साझा कीं। उत्तर प्रदेश शतरंज खेल संघ के संयुक्त सचिव अजय मिश्रा ने संगोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ह्लशतरंज विद्यार्थियों के बौद्धिक और व्यक्तित्व विकास में अत्यंत उपयोगी है। आज के युग में खेल शिक्षकों के लिए शतरंज का ज्ञान आवश्यक हो गया है, ताकि वह विद्यार्थियों के मानसिक विकास में अपना प्रभावी योगदान दे सकें और एक सशक्त राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें ह्व प्रशिक्षण में संत तुलसी पब्लिक स्कूल, सेंट मैरीज स्कूल, भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी, एवं भगवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज व जिले के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के 20 खेल शिक्षकों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का आयोजन एवं समन्वय अंकित कुशवाहा को जाता है, जिनके अथक प्रयासों से यह आयोजन शिक्षाविदों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से संभव हो सका। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य शिवेंद्र श्रीवास्तव, मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा पीयूष मिश्रा, समाजसेवी पत्रकार सुनील सक्सेना व विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।

# मुख्यमंत्री ने प्रधानाचार्या सरगम खरे को शिक्षक पुरस्कार से किया सम्मानित



महोबा। बुंदेलखंड के जनपद महोबा के लिए शिक्षा के क्षेत्र में गौरवशाली पलों का साक्षी बना पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा, जब विद्यालय की प्रधानाचार्या सरगम खरे को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक एवं प्रशासनिक योगदान के लिए शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक पुरस्कार से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान लोक भवन ऑडिटोरियम लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। बता दें कि प्रधानाचार्या सरगम खरे ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्राओं के सर्वांगीण विकास, नवाचार आधारित शिक्षण, डिजिटल शिक्षा एवं विद्यालय में छात्रांकन बढ़ाने तथा विद्यालय प्रबंधन में अनुकरणीय कार्य किए हैं। उनके कुशल नेतृत्व में विद्यालय पठन पाठन में पाठ्य सहगामी क्रियाओं नई ऊंचाइयों को छू रहा है। गौरतलब है कि प्रधानाचार्या की कड़ी मेहनत, लगन व कार्य कुशलता से 29 जुलाई को पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा ने प्रदेश के 47 उत्कृष्ट पीएमश्री विद्यालयों में भी अपनी जगह बनाकर जनपद का नाम रोशन किया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानाचार्या सरगम खरे को सम्मान मिलने के बाद से विद्यालय परिवार, शिक्षा विभाग और जिले भर के शिक्षकों में हर्ष का माहौल है। मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित होने पर शिक्षकों, अभिभावकों गणमान्य नागरिको, राजनीतिज्ञों, पत्रकारों, शिक्षाविदों व आमजनमानस ने सरगम खरे को बधाई देते हुए इसे महोबा जनपद के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण बताया।

# पुलिस लाठी चार्ज को लेकर एबीवीपी का मशाल जुलूस



बांदा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रामस्वरुप मेमोरियल विश्वविद्यालय लखनऊ में छात्रों पर बर्बर लाठी चार्ज को लेकर मशाल यात्रा निकालकर विरोध दर्ज कराया। बताते चलें कि विश्वविद्यालय में लगातार की जा रही अवैध वसूली व अनियमितताओं के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों व लखनऊ महानगर के एबीवीपी कार्यकताओं पर विश्वविद्यालय प्रशासन एवं आईएएस संजय प्रसाद की मिलीभगत से पुलिस ने बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया है।

सह जिला कार्तिकेय गुप्ता रामजी ने बताया कि पंडित जवाहर लाल नेहरू महाविद्याल से महाराणा प्रताप तक मशाल यात्रा निकाल कर विरोध दर्ज कराया गया। इसी प्रकार पूरे प्रदेश में मशाल जुलूस के माध्यम से विरोध दर्ज किया गया। कार्तिकेय गुप्ता ने चेतावनी देते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद ने 48 घंटे का समय दिया है अगर विश्वविद्यालय व आईएएस संजय प्रसाद के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं होती तो लखनऊ में बड़ा आंदोलन करने को एबीवीपी कार्यकर्ता बाध्य होंगे।

इस मौके पर प्रांत सह मंत्री दिव्यांशु मिश्रा, प्रांत सह स्वलंबी भारत संयोजक स्वतंत्र साहू, नीतीश निगम, सुभाष त्रिपाठी, रजत त्रिवेदी, श्लोक द्विवेदी, अर्पित द्विवेदी, युवराज सिंह, योगेश चंदेल, अनिल पाल, अजय गौतम, दिव्यांश त्रिवेदी, शशांक पाठक, आलोक सिंह व सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रोडवेज बस सिरफिरा लेकर भागा, बड़ा हादसा टला

बिजनौर। रोडवेज चालक और परिचालक की लापरवाही से बड़ा हादसा होने से बच गया। रोडवेज बस में चाबी लगी होने का फायदा उठाकर एक युवक रोडवेज बस को लेकर भाग निकला। बस अनियंत्रित होकर एक गड्ढे में जा फसी जिस कारण हादसा टल गया। शनिवार को रोडवेज चालक ने बस चाबी लगी छोड दी तो उसका फायदा उठाकर एक युवक रोडवेज बस को लेकर भाग निकला। बस को बिना नियंत्रण चलाते हुए वह कालागढ़-अफजलगढ मार्ग अगवानपुर क्षेत्र तक पहुंचा गया। बस जहां अचानक सड़क किनारे गड्ढे में जा उतरी। बस के अनियंत्रित होने से आसपास मौजूद कई लोग घायल हो गए और सड़क पर खड़े कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। मौके पर चीख-पुकार और अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल लोगों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने बस चलाने वाले युवक को हिरासत में ले लिया है। साथ ही रोडवेज चालक को भी पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाही शुरू कर दी है।

# अगले वर्ष जल्दी आने की कामना के साथ विदा किये गये गजानन



जिला संवाददाता

ललितपुर। भक्ति भाव से गणपति महोत्सव पूर्ण हुआ और उसके बाद अगले बरस तू जल्दी आ की प्रार्थना के साथ गणपति विसर्जन भी धूमधाम से किया गया। यह गणपति महोत्सव गणेश चैथ से लेकर अनंत चतुर्दशी तक चला। इन दिनों में विधिवत तरीके से प्रथम आराध्य पूज्य भगवान गणेश की भक्ति की गई और उसके बाद आज अनंत चतुर्दशी को भगवान श्रीगणेश का विधिवत तरीके से विसर्जन कर दिया। श्रद्धालुओं ने अपनी सुविधानुसार साधन जुटाकर भगवान गणेश की मूर्तियों को उस में रखकर पहले नगर परिक्रमा की, जिसमें ढोल नगाड़े डीजे की धुनों पर श्रद्धालु नाचते गाते विसर्जन स्थल तक गये। गणपतिजी की शोभायात्रा तुवन मंदिर चैराहा, घंटाघर, शनिचरा चैराहा, आजाद चैक से होते हुए शहजाद नदी से होते हुए पुराना सागर रोड पर शोभायात्रा का भक्तों ने भव्य स्वागत किया। ततपश्चात गोविन्द सागर बांध में विसर्जन किया गया।

**● विसर्जन स्थल का विधायक एवं अधिकारियों ने लिया जायजा**

विसर्जन स्थल पर विधायक सदर रामरतन कुशवाहा सहित अधिकारियों द्वारा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। शोभायात्रा में भगवान के विभिन्न स्वरूपों की मनमोहक झांकियां थीं, ढोल नगाड़ों की थाप पर सुन्दर नृत्य करते भक्तों ने रंग गुलाल की जम कर होली खेलते शोभायात्रा निकलते विसर्जन के लिये पहुँचे। विसर्जन स्थल पर हजारों भक्त मौजूद रहे। वहां पर भगवान श्री गणेश की विधिवत तरीके से पूजा अर्चना आरती की गई और उसके बाद उन्हें कुंड में विसर्जित कर दिया गया। विसर्जन के समय लोगों की जुबान पर एक ही शब्द था कि हे भगवान गणेश अगले बरस तू जल्दी आ। एक दिन पूर्व से ही श्रद्धालु गणेश पंडालों व घरों में हवन पूजन में लगे हुये थे। उसके बाद गणेश की मूर्ति को लेकर गोविंद सागर बांध की तलहटी में पहुंचे जहां पर जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा गणेश विसर्जन के लिए एक अलग कुंड बनाया गया था। जिसमें गणपति विसर्जन किया गया। गणपति विसर्जन के मौके पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा व्यवस्था चाक-चैबंद बनाई गई हैं सुरक्षा की दृष्टि से शहर और बांध पर भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया। जिससे कोई अप्रिय घटना न कर सके। पुलिस बल के साथ महिला पुलिस बल भी लगाया गया है। श्रीगणेश विसर्जन के दौरान अपराह्न के समय हल्की बारिश भी हुयी, जिससे श्रद्धालु मौजूद रहे। तेज बारिश को देखकर जहां भक्तजन हर्षित होते नजर आ रहे थे, तो वहीं दूसरी ओर भक्ति का रंग और लोगों पर चढ़ रहा था। डी.जे. और ढोल की थाप पर श्रद्धालु नाचते गाते हुये श्रीगणेश को विसर्जन के लिए गोविन्द सागर बांध तक ले गये, जहां अलग से बनाये गये कुण्ड में श्रीगणेश का विसर्जन किया गया।

## नम आंखों से श्रद्धालुओं ने किया गणेश विसर्जन

बांदा। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ शनिवार को महोत्सव का समापन हो गया। भक्तों ने नम आंखों से गणपति बप्पा को अगले वर्ष फिर आने का निमंत्रण देते हुए विदाई दी। दोपहर से शुरू हुआ विसर्जन जुलूस देर शाम तक चलता रहा। श्रद्धालुओं ने डीजे की धुन पर थिरकते हुए रंग और गुलाल उड़ाया। प्रशासन ने केन नदी में विसर्जन के लिए व्यवस्था की थी। नाविकों ने काउंटर बनाकर 251 रुपये की रसीद के बदले विसर्जन की सेवा प्रदान की।

# गुलदार का आतंक, किशोरी पर हमला कर मौत के घाट उतारा, परिजनों में कोहराम



बिजनौर। दुकान से दूध लेकर डेरे पर लोट रही 10 वर्षीय किशोरी को गुलदार उठाकर ले गया। किशोरी की चीख सुनकर परिजन व अन्य ग्रामीण दौडे तो गुलदार किशोरी को लहूलुहान कर जंगल में छोडकर भाग गया। घायल गुड़िया को लेकर नगीना अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार नगीना देहात थाना क्षेत्र के ग्राम कंडरवाली में लखीमपुर खीरी निवासी प्रेम सिंह परिवार सहित पूर्व प्रधान के डेरे रहते हैं। शुक्रवार की रात लगभग 8:30 बजे प्रेम सिंह की 10 वर्षीय पुत्री गुड़िया दुकान से दूध लेकर अपने डेरे पर लोट रही थी तभी गुलदार ने गुड़िया पर हमला कर दिया। किशोरी की चीख सुनकर परिजन शोर मचाते हुए दौड़े तो गुलदार बालिका को छोड़कर खेत में छोडकर भाग गया। परिजन गंभीर रूप से घायल गुड़िया को लेकर नगीना अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और गुलदार की तलाश में काफी देर तक खेतों में तलाशी अभियान चलाया। पिछले ढाई साल में गुलदार के हमले से 33 लोगों की मौत हो चुकी है। डीएफओ अभिनव राज ने बताया कि गुलदारों को पकड़ने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीणों से रात या दिन में बच्चों को खेतों के आसपास न भेजने को कहा गया है। ग्रामीणों को भी सतर्क रहने की जरुरत है।

# औषधि निरीक्षक और पुलिस की संयुक्त टीम ने प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ आरोपी को दबोचा



बिजनौर। औषधि निरीक्षक और पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान भारी संख्या में प्रतिबंध कैप्सूल के साथ आरोपी को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम औषधि निरीक्षक और रेहड थाना पुलिस की टीम रेहड़ क्षेत्र में बादीगढ़ चैराहे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान टीम ने जसपुर की तरफ से आ रही एक कार को रोका। चेकिंग के दौरान स्विफ्ट कार से 74 डिब्बे बरामद किए। डिब्बों से 17760 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद हुए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना जसपुर के गांव महुआ डाबरा निवासी इमरान पुत्र रहमतुल्ला को गिरफ्तार किया है। चेकिंग के दौरान पकड़ी गई प्रतिबंधित दवाई की कीमत एक लाख 32 दो सौ 40 रुपये आंकी गई है। प्रतिबंधित कैप्सूल का प्रयोग नशे के लिए किया जाता है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस संबंध में सीओ आलोक सिंह ने बताया की आरोपी का संबन्धित धाराओं में चालान कर न्यायालय में पेश कराया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक भीम सिंह, आरक्षी पुरुषोत्तम, आरक्षी ललित कुमार शामिल रहे।

# राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत नाटक का बेहतरीन मंचन



बांदा। शहर के गणेश भवन अलीगंज में चल रहे श्री गणेश महोत्सव में फिल्म अभिनेता आरिफ सहडोली व मुम्बई के कलाकारों ने ह्यराष्ट्र निर्माण के 100 वर्षह्न कहानी पर आधारित नाटक का बेहतर व राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत मंचन किया। संघ के शताब्दी वर्ष के नाटक में कलाकारों ने संघ की स्थापना से लेकर अभी तक के कार्यकाल का मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया। संघ के क्षेत्र मुख्य मार्ग प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश राजेंद्र सक्सेना ने पंच परिवर्तन पर चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए जीवन में पंच परिवर्तन लाना जरूरी है। इनमें पहला सामाजिक समरसता, दूसरा स्वदेशी अपनाना, तीसरा कुटुम्ब प्रबोधन, चैथा पर्यावरण संरक्षण व अंतिम नागरिक कर्तव्य है, यदि मनुष्य इन पांचो को अपने जीवन में धारण कर ले तो परिवार, समाज व देश का उत्थान अवश्य होगा। नाटक के मुख्य कलाकार फिल्म अभिनेता आरिफ सहडोली ने लेखक, निर्देशक परिकल्पना पर आधारित नाटक का जीवंत प्रस्तुतीकरण किया। संघ के संस्थापक डॉ0 केशवराव बलिराम हेडगेवार के बचपन के कार्यकाल से लेकर अंग्रेजों से संघर्ष व संघ की स्थापना का कलाकारों ने बेहद सारगर्भित ढंग से प्रस्तुतीकरण किया। नाटक में आलेख मार्गदर्शन एवं निमार्ता अशोक त्रिपाठी जीतू, निखिल सक्सेना रहे। गीत व गायन का सुन्दर प्रस्तुतीकरण संजीव दुबे, मनोज वर्मा व हेमंत सुरसरगम एवं रिकॉर्डिंग जयशंकर रैकवार ने किया। कलाकारों की भूमिका में डॉ0 हेडगेवार, संजय तिवारी, भारत माता, वर्षा ठाकुर, स्वर, वंशिका सिंह, सावरकर के रूप में संजीव दुबे, गोल्वरकर, वीरेंद्र भदौरिया, अंग्रेज, लक्ष्मी वर्मा, रामकुमार वर्मा, मदनमोहन मालवीय, फारुख, गुप्तचर, पिंटू तथा विशेष सहयोगी के रूप में माता प्रसाद शाक्य व आरिफ शहडोली ने भूमिका अदा की। संघ की प्रार्थना का प्रस्तुतीकरण वेदांत कटियार व वैभव वर्मा ने किया।

# गणेश विसर्जन के दौरान युवक गहरे पानी में डूबा, मौत



ललितपुर। नगर के विभिन्न इलाकों में गणेश विसर्जन विभिन्न जलाशयों में किया जा रहा था। श्रद्धालु टोलियों में आकर पूरी भक्ति भावना से गणेश विसर्जन कर रहे थे, लेकिन एक दुखद घटना उस समय घटित हो गई, जब एक नवयुवक विसर्जन के दौरान गहरे पानी में चला गया और डूब गया। जानकारी होते ही लोगों में हडकम्प मच गया। आनन फानन में पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की लाश को नदी से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पनारी स्थित बलखंडी मंदिर जहां से शहजाद नदी निकली हुई है, वहां पर गणेश विसर्जन हो रहा था। गणेश विसर्जन के दौरान मनीष पुत्र अशोक उम्र 17 वर्ष गहरे पानी में उतर गया और पानी में डूब गया। जब वह दिखाई नहीं दिया तो उसकी तलाश की गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर युवक के शव को नदी से बाहर निकाला। इस घटना से मृतक युवक के परिजनों में कोहराम मच गया है, और खुशी का माहौल गम में तब्दील हो गया।

संक्षेप

## नगर निगम ने दिया पिटबुल कुत्ता नहीं रखने का निर्देश

झांसी। नगर निगम ने एक पिटबुल कुत्ते को यहां अवैध रूप से घर में रखने वाले व्यक्ति को चेतावनी दी और इसे तुरंत हटाने के लिए शपथ पत्र सौंपने का निर्देश दिया है। हाल में, सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में यह देखा जा सकता था कि सीपरी बाजार क्षेत्र की एक महिला पर पिटबुल कुत्ते ने हमला कर दिया। इस संबंध में, झांसी नगर निगम के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राघवेंद्र सिंह ने शनिवार को बताया कि मामला सामने आने पर नगर निगम की टीम शुक्रवार शाम उक्त कुत्ते के मालिक के साथ-साथ महिला के घर भी गई। सिंह ने बताया कि महिला ने कोई शिकायत देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद कुत्ते को तुरंत नगर निगम सीमा क्षेत्र से बाहर किसी फार्म हाउस आदि में भेजने का उसके मालिक को निर्देश दिया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी ने यह भी बताया कि महिला पूरी तरह स्वस्थ है, जबकि कुत्ते के मालिक ने जल्द से जल्द नगर निगम सीमा क्षेत्र से बाहर एक फार्म हाउस में उसे स्थानांतरित करने का आश्वासन दिया। मार्च 2024 में, केंद्र सरकार ने पालतू कुत्तों के काटे जाने पर रेबीज के कारण लोगों की मौत होने को ध्यान में रखते हुए राज्यों को पिटबुल टेरियर, अमेरिकन बुलडॉग, रोटवीलर और मास्टिफ सहित 23 प्रजातियों के खूंखार कुत्तों की बिक्री और प्रजनन पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था।

## पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, 3 बदमाश गिरफ्तार

सुल्तानपुर। जिले के चांदा थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ में तीन बदमाशों के पैर में गोली और उन्हें पकड़ लिया गया जबकि तीन बदमाश फरार हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात जब चांदा पुलिस अपराधियों की धरपकड़ के लिए जांच कर रही थी तभी पुलिसकर्मियों को जौनपुर की तरफ से एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल आता दिखा। उन्होंने बताया कि वाहन में बैठे व्यक्ति पुलिस को देखकर वाहन से भाग लम्भुआ की तरफ भागने लगे। उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी चांदा ने लम्भुआ थाना प्रभारी को बदमाशों के भागने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों थानों की पुलिस द्वारा घेराबंदी करने पर बदमाशों ने अपना वाहन लम्भुआ थाना अंतर्गत मुरली नहर की तरफ मोड़ दिया लेकिन वाहन आगे एक गड्ढे में जाकर फंस गया। बदमाशों ने खुद को घिरा देखकर पुलिस पर गोली चला दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलायी जिसमें तीन बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए और तीन बदमाश फरार हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घायल बदमाशों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लम्भुआ में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि बदमाशों के पास से अवैध असलहे मिले हैं। उन्होंने बताया कि पकड़े गए बदमाशों की पहचान अजय मोना (जौनपुर), मोनू राज (आंबेडकर नगर) और जीतेन्द्र उर्फ रवींद्र (जौनपुर) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि अजय मोना के खिलाफ हत्या, डकैती व लूट के 50 से अधिक मामले दर्ज हैं।

## कचरा फेंकने पर चलीं गोलियां, एक व्यक्ति की मौत, तीन घायल

मैनपुरी। जिले में शनिवार को घर के सामने कचरा फेंकने को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद उस समय हिंसक झड़प में तब्दील हो गया जब अचानक एक पक्ष ने गोलियां चलाईं, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक फतेह बहादुर सिंह ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब जगरूपपुर निवासी योगेंद्र सिंह ने अपने घर के सामने भुदेव नाम के एक सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी और उसके परिजनों द्वारा कचरा फेंके जाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने बताया कि कहासुनी हिंसा में बदल गई और भूदेव व उसके परिवार ने कथित तौर पर गोलियां चलाईं। इस घटना में योगेंद्र सिंह (35) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि राम शिखा (16), राम सिंह (60) और विनय (22) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के लिए स्थानांतरित कर दिया गया। आरोपी मौके से फरार हो गए और जीतू, अवनीश व भुदेव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# गुणवत्तापूर्ण ढंग से निपटाएं शिकायतें



सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्यह्य का आयोजन सितम्बर,2025 महीने के पहले शनिवार को किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में डीएम बी0एन0 सिंह सिंह व एसपी अशोक कुमार मीणा ने तहसील दिवस में आये शिकायतकताओं की शिकायतों को सरल भाव से सुनते हुए उनके प्रकरणों का निस्तारण कराया गया। जो शिकायत मौके पर जाकर निस्तारण करने योग्य थी, ऐसे प्रकरणों में टीम गठित कर, क्षेत्र में टीम भेजकर शिकायतकताओं के शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया गया।

श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारयों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण करते हुए शिकायतकर्ता का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। जमीन सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि विवादित जमीन वाले स्थल पर जाकर संयुक्त रूप से जॉच किया जाये, इसके पश्चात न्यायोचित कार्यवाही करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में लगाये गये कैम्प का निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्बन्धित विभाग अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित योजना जैसे आयुष्मान कार्ड बनाने, विधवा पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग सर्टिफिकेट आदि बनाने का कैम्प सम्बन्धित सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर लगाया जायेगा। जिससे लोग आकर आयोजित कैम्प का लाभ भी उठा सकें। सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में लगाये गये कैम्प के माध्यम से 02 लाभार्थियों का दिव्यांग प्रमाण-पत्र, पेंशन के 09 पात्रों को प्रपत्रों की जानकारी दी गयी 3 का ई-के0वाई0सी0 कराया गया, 4 श्रमिकों का पंजीयन कराया गया, 02 दिव्यांगजनों प्रमाण-पत्र जारी के करने के साथ ही होमियोपैथिक से सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, तहसीलदार आदि ने 61 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 04 मामलें निस्तारित किये गये और 06 टीम को क्षेत्र में भेजकर 06 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 10 मामले निस्तारित हुए, बाकी 51 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, अपर जिला सूचना सूचना अधिकारी, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें। राबर्ट्सगंज में तहसीलदार अमित कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इस मौके पर तहसीलदार व अपर पुलिस अधीक्षक ने शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनी और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित की। तहसीलदार अमित कुमार, नायब तहसीलदार ने 128 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 25 मामलें निस्तारित किये और 5 टीमों को क्षेत्र में भेजकर 05 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में कुल 30 मामले निस्तारित हुए, बाकी 98 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। घोरावल में उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इस मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल, तहसीलदार प्रवीण सिंह, सी0ओ0 घोरावल आदि ने 69 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये गये और 02 टीम को क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 10 मामले निस्तारित हुए, बाकी 59 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। दुद्धी में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव तहसीलदार दुद्धी आदि ने 45 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 02 मामलें निस्तारित किये गये।

## डीएम से शपथ पत्र पर शिकायत कार्रवाई करने की मांग

धौरहरा खीरी। धौरहरा क्षेत्र के चकलखीपुर में स्थित सहकारी समिति में तैनात सचिव ने सहकारी बैंक की शाखा धौरहरा में किसान के खाते से दो लाख बीस हजार रुपये का कर्ज निकलवाकर किसान को एक लाख देकर बाकी पैसे हड़प लिए। जिसकी जानकारी होने पर किसान ने सीडीओ से शिकायत कर दी तो 50,000 रुपये देने का ऑफर देकर चुप न रहने पर देख लेने की धमकी दे दी। जिसको लेकर किसान ने डीएम से शपथपत्र पर शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।धौरहरा क्षेत्र के स्वर्गलोक मजरा रामलोक निवासी इतवारी पुत्र जोखे ने डीएम को शपथ पत्र दे बताया कि सहकारी साधन समिति चकलाखीपुर में उसके किसान क्रेडिट कार्ड संख्या 32/36399 सहकारी बैंक की शाखा धौरहरा में खाता संख्या-001300320036399 पर स्वीकृत कर्ज 2,20,000 रुपये समिति के सचिव नवीन अवस्थी पुत्र ओमकार अवस्थी निवासी ग्राम करौहा धौरहरा ने निकालकर उसे अपनी कार में बैठाकर केवल 1,00000 रुपये देकर पल्ला झाड़ लिया। जब उसे जानकारी हुई कि उसके खाते पर सचिव ने दो लाख बीस हजार रुपये निकाले है तो वह सचिव से मिला जहां सचिव ने उसे बाकी पैसे दो तीन महीने में वापस करने का अस्वासन दिया। समय गुजर जाने के बाद भी जब किसान इतवारी को पैसे वापस नही मिले तो उसने स्थानीय अधिकारियों से लेकर सीडीओ से शिकायत की। जिसको देख सचिव नवीन ने किसान से मिलकर पचास हजार वापस देने का ऑफर देते हुए कहा कि इतने लेने हो तो लो बाकी नही मिल पायेंगे साथ ही कहा कि तुम कोई गेंहू बेंचकर रुपये नही लाये थे, जहां जो करना है करो जाकर। इससे आहत हो किसान इतवारी ने अब जिला अधिकारी को शपथ पत्र पर शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## सपा की मासिक बैठक संपन्न

करमा, सोनभद्र। समाजवादी पार्टी घोरावल विधानसभा की मासिक बैठक शनिवार को करमा में जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें वक्ताओं ने भाजपा सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार ,बेरोजगारी ,किसानों की दुर्दशा आदि मुद्दों पर अपना-अपना विचार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि सांसद छोटेलाल खरवार ने कहा कि वर्तमान समय में किसानों की दुर्दशा, बेरोजगारी की समस्याओं से जूझ रहे युवाओं, की बातों को सदन में उठाने के साथ जनपद मुख्यालय में मुरी ट्रेन के ठहराव की मांग की गई है भरकवाह के ग्रामीणों ने गांव में जाने के लिए रेलवे क्रासिंग के लिए पत्रक दिया। करमा रेलवे स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेनों के ठहराव के बाद सांसद से ग्रामीणों ने मांग की। उन्होंने आगामी पंचायत चुनाव में छूटे मतदाताओं का नाम सूची में दर्ज कराने एवं आगामी विधानसभा के चुनाव में पार्टी के जीत के लिए रणनीति तैयार करने की बात कहीं। पूर्व विधायक घोरावल रमेश चंद दुबे कहां की बिहार में 7 लाख वोटरो के नाम काट दिए गए। यूरिया के लिए किसान दर-दर भटक रहा है। सड़क, बिजली और पानी की समस्या से आज जनता परेशान है। 2027 में प्रदेश में सपा की सरकार बनाने के लिए लोगों का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष रामनिहोर यादव ने पंचायत चुनाव की रणनीति बनाकर काम करने की बात कही। आज कमीशन खोरी बढ़ गई है उसे बचाने की जरूरत है। पूर्व जिला अध्यक्ष संजय यादव ने पिछड़ा, दलित एवं अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों से अपील की वे अपने मतदाताओं को वोटर लिस्ट में दर्ज कराए। सरकार ने 27हजार विद्यालयों को बंद किया है अगर अगली सरकार सपा की बनती है तो उन विद्यालय को चालू करने का काम सरकार करेगी। आज खाद की कालाबाजारी तेजी से हो रही है। उक्त अवसर पर अशोक पटेल, मुन्नू पांडे रामप्यारी पटेल, चंद्रभूषण यादव, रामेश्वर पटेल, रमेश सिंह यादव, अविनाश पटेल, त्रिपुरारी गौड, बुद्धि नाथ यादव, उषा कोल समेत अन्य वक्ताओं ने भी अपना विचार व्यक्त किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामनिहोर यादव, संचालन बाबूलाल यादव ने किया।



## रोटरी क्लब रेनुकूट में शिक्षक दिवस समारोह संपन्न




रेनुकूट/सोनभद्र। रोटरी क्लब रेनुकूट द्वारा 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास और गरिमामयी वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब से जुड़े एवं क्षेत्र के सम्मानित शिक्षकों को आमंत्रित कर उनका अभिनंदन एवं सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। क्लब अध्यक्ष रो. सुनील कांत पांडे ने सभी शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि ह्लशिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं, जो पीढ़ियों को संस्कार और ज्ञान देकर राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं।ह्व सीनियर रोटेरियन डॉ. प्रेमलता ने डॉ. राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक दिवस के महत्व को रेखांकित किया। संजय रूंथला ने विशिष्ट अतिथि छाया सिरोही के शैक्षणिक जीवन एवं अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए।

शशांक शेखर ने मुख्य अतिथि वीना वाष्णेय का परिचय कराते हुए उनके लंबे शैक्षणिक कार्यकाल एवं योगदान को सराहा। मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि ह्लशिक्षक सिर्फ किताबों का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं।ह्व समारोह में प्रमुख रूप से छाया सिरोही, सरस्वती मैडम, डॉ. स्मिता सिंह, प्रतिभा सिंह, अर्चना राठौर, रेनु मिश्रा प्रदीप यादव आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार एवं अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। आभार ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए क्लब सचिव अजित अस्थाना ने सभी आगंतुकों, शिक्षकों एवं सदस्यों का आभार प्रकट किया। अंत मे सभी ने मिलकर केक काटा एवं रात्रिभोज का आनंद लिया। रोटरी क्लब रेनुकूट के सभी सदस्यों के अथक परिश्रम से यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

## चंद्र ग्रहण और पितृपक्ष की शुरुआत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) आज से पितृपक्ष की शुरूआत हो रही है और पहले दिन भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा पर खग्रास चंद्र ग्रहण लगेगा। देवकली तीर्थ स्थित श्रीमती चंद्रकला आश्रम संस्कृत विद्यापीठ के महंत प्रमोद जी महाराज के अनुसार ग्रहण भारतीय मानक समयानुसार रात 9: 57 बजे स्पर्श, मध्यरात्रि 11: 41 बजे और मोक्ष 1:27 बजे होगा। यह ग्रहण शतभिषा नक्षत्र व कुंभ राशि में स्थित रहेगा।

### सूतक और धार्मिक नियम

ग्रहण से 9 घंटे पूर्व, दोपहर 12:57 बजे से सूतक काल प्रारंभ होगा। इस दौरान मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे। ग्रहण काल में स्नान, भोजन, यात्रा, मैथुन, पूजा-अर्चना और मूर्ति स्पर्श वर्जित है। ग्रहण मोक्ष के बाद मंदिरों की शुद्धि कर पुनः आरती और प्रसाद किया जाएगा।

### क्या करें और क्या न करें

ग्रहण लगने से पहले स्नान करें और मोक्ष के समय पुनः स्नान करना उत्तम है। भोजन सामग्री (दूध, दही, घी आदि) में कुशा या तुलसी पत्र डालकर रखें। ग्रहण काल में जप, मंत्रसाधना, दान और पितृकर्म करना अत्यंत फलदायी माना गया है। ग्रहण काल में भोजन, नींद और अनावश्यक गतिविधियां वर्जित हैं।

### गर्भवतियों के लिए विशेष सावधानियां

पेट पर गोबर का पतला लेप लगाने की परंपरा नकारात्मक प्रभाव से सुरक्षा करती है। तेज रोशनी में बाहर निकलना, कैंची/चाकू या धारदार वस्तु का प्रयोग करना वर्जित है। सिलाई-कढ़ाई, बाल काटना या कोई भी शारीरिक परिश्रम ग्रहण काल में नहीं करना चाहिए। शांत मन से मंत्र-जप करें और घर के भीतर ही रहें।

### पितृपक्ष की शुरुआत

महंत प्रमोद जी महाराज ने बताया कि ग्रहण काल में किया गया जप, दान और श्राद्ध विशेष शुभ फल देने वाला होगा।

## शिक्षा सागर फाउंडेशन गुजरात ने डॉक्टर बृजेश महादेव को किया सम्मानित

सोनभद्र। शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा सागर फाउंडेशन गुजरात द्वारा डॉ बृजेश महादेव को प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पत्र एसएसएफ के संस्थापक प्रजापति शैलेशभाई नरसिंह ने दिया। शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उन्होंने बताया कि यह प्रमाण पत्र डॉ. बृजेश महादेव सोनभद्र उत्तर प्रदेश को गर्व से प्रदान किया जाता है। शिक्षा सागर फाउंडेशन की हमारी टीम के प्रति आपकी कड़ी मेहनत, प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए है। हम आपकी सराहना करते हैं और आपके सहयोग के लिए आपके आभारी हैं। डॉ बृजेश महादेव एक नवाचारी शिक्षक हैं जिनके नवाचार से देश भर के शिक्षार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। आप द्वारा कौन लगाएगा शतक, मोबाइल क्लास, साहित्य सरोवर ई पत्रीका जैसे नवाचार देश के कोने कोने में पहुंच रहा है। डॉ बृजेश महादेव शिक्षक के साथ एक साहित्यकार भी है और एक दर्जन से अधिक पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं। डॉक्टर बृजेश महादेव को सभी शुभ चिंतकों ने बधाई दी है।

## कुएं में गिरा वन्य जीव, सूचना के बाद भी कोई सुध लेने वाला नहीं

मीरजापुर। जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अनंतरामपट्टी विगत दो-तीन दिन पूर्व एक वन्य जीव (सियार) भटकता हुआ कुएं में गिर गया ?। जानकारी होने पर ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी है, किंतु तीन दिन बीतने के बाद भी सियार को कुएं से बाहर निकाला नहीं जा सका। मजे की बात है कि गांव निवासी एक पत्रकार द्वारा शनिवार, 6 सितंबर 2025 को डीएफओ राकेश कुमार को लगभग 12:30 बजे दोपहर में सूचना दी गई। सूचना देने के 2 घंटे पश्चात वन विभाग के कुछ कर्मचारी वहां पर पहुंचे, लेकिन उनके पास सियार को निकालने के लिए कोई उचित सामग्री ना होने के कारण वह वापस लौट गए।

## सपा विधायक के कब्जे से 3.5 बीघा जमीन मुक्त करने की कार्रवाई शुरू

जिला संवाददाता(vol)

संभल। जिला प्रशासन ने समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक इकबाल महमूद द्वारा कथित तौर पर अतिक्रमण की गई साढ़े तीन बीघा सरकारी भूमि मुक्त कराने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी।

उपजिलाधिकारी विकास चंद्र ने बताया कि संभल तहसील में उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए एक टीम मंडलाई पहुंची है। उन्होंने बताया कि यह संज्ञान में आया था कि इकबाल महमूद ,फैज इकबाल ,मोहम्मद जैद, मोहम्मद जुनैद, मोहम्मद असलम, शान इकबाल और सुहेल इकबाल के नाम से दर्ज गाटा संख्या (खसरा नंबर) 198 और 222 के बीच में चार सरकारी गाटा थे, जिनका अस्तित्व खत्म कर दिया गया और इसका बाग के रूप में प्रयोग किया जा रहा था। अधिकारी ने बताया कि काफी पहले यह कब्जा किया गया था और लगभग साढ़े तीन बीघे के आसपास के क्षेत्र पर अतिक्रमण किया गया है। विधायक इकबाल महमूद को इस मामले में किसी प्रकार का नोटिस देने के बारे में पूछे जाने पर अधिकारी ने बताया कि फिलहाल हम जमीन को अपने कब्जे में ले रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि कटहल का एक पेड़ बिना अनुमति के काटे जाने का मामला सामने आया और इसमें भी नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

## स्वास्थ्य शिविर में निःशुल्क जांच व दी गयी दवा



करमा,सोनभद्र। स्थानीय बाबा बिहारी इंटर कालेज भकरवाह के परिसर मे शनिवार को स्वास्तिक हास्पीटल रावर्टस गंज के चिकित्सकों एवं पूरे स्टाफ द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमे भारी संख्या मे अभिभवकों, महिलाएं तथा छात्र छात्राओं की निःशुल्क जांच की गयी और दवा वितरित की गय।,

स्वास्तिक हास्पीटल के प्रबन्ध निदेशक डाक्टर संजय कुमार वर्मा ने बताया कि कालेज के सहयोग से आयोजित चिकित्सा शिविर मे पांच सौ से अधिक लोंगों की जांच की गयी और आवश्कता नुसार दवा दी गयी, आगे जब भी आवश्यकता होगी ऐसे जांच और चिकित्सा शिविर लगाये जायेगें, डाक्टर एम के यादव, डाक्टर विशाल वर्मा और डाक्टर पूजा सिंह ने उपस्थित मरीजों की जांच करते हुए दवा एवं परामर्श दिये , विद्यालय के एम डी अखिलेश यादव ने बताया कि अगले माह फिर से विद्यलय द्वारा चिकित्सा शिविर आयोजित किया जायेगा, जिससे असहाय, बुजुर्गों एवं महिलाओं के साथ ही छात्र छात्राओं का चिकित्सकीय जांच होती रहे, इस दौरान कालेज के प्रबन्धक बी एन यादव, पर प्रधानानाचार्य अनरूध प्रसाद, मुकेश कुमार, आशीष कुमार, पूनम मौर्या, बृजमा शुक्ला, किरन पांडेय, अर्पिता कुशवाहा, विलियम प्रेमपाल, धर्मेन्द्र कुमार, धीरज कुमार ,राकेश कुमार ,अमरजीत उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी सिंगरौली में मना शिक्षक दिवस



सोनभद्र। एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा शिक्षक दिवस 2025 का आयोजन आवासीय परिसर में स्थित मनोरंजन केंद्र में बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। शक्तिनगर टाउनशिप स्थित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों और प्रधानाचार्यों के अमूल्य योगदान को सम्मानपूर्वक सराहा गया। टाउनशिप स्थित आठ विद्यालयों संत जोसेफ विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी विद्यालय, विवेकानंद प्राथमिक विद्यालय, टाइनी टॉट्स विद्यालय, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, अंबेडकर विद्यालय, गवर्नमेंट इंटर कॉलेज के शिक्षकगण एवं प्रधानाचार्यगण ससम्मान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत सभी शिक्षकों के स्वागत के साथ की गई। इसके पश्चात एक संक्षिप्त वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से शिक्षा के महत्व और शिक्षकों की भूमिका को दशार्या गया। विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने सभा को संबोधित करते हुए शिक्षकों के समर्पण, परिश्रम और विद्यार्थियों के विकास में उनकी भूमिका की सराहना की। इसके उपरांत एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रधानाचार्यों और सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। एनटीपीसी सिंगरौली के मुख्य महाप्रबंधक (ऑपरेशन्स एंड मेंटेनेंस), जोसेफ बास्टियन ने अपने संदेश में कहा, ह्यशिक्षकों की भूमिका केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, दृष्टिकोण और मूल्यों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एनटीपीसी सिंगरौली की ओर से हम उनके इस निरंतर योगदान की सराहना करते हैं और उनके प्रयासों को सम्मान करते हैं।

कार्यक्रम का समापन फिल्म प्रदर्शन के साथ हुआ, जिससे सभी शिक्षकों और अतिथियों को एक सहज, आनंददायक एवं प्रेरणादायक वातावरण में समय बिताने का अवसर मिला। यह आयोजन न केवल शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का माध्यम रहा, बल्कि एनटीपीसी सिंगरौली की शिक्षा और सामुदायिक सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। कार्यक्रम का सफल संचालन अनुग्रह मिश्रा, उप प्रबंधक (मानव संसाधन) ने किया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के सी.एच. किशोर कुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एंड एडीएम), रश्मि रंजन मोहंती, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), पीयूष श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (बीई एंड रसायन), अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, आदि सम्मिलित रहे।

## डॉक्टर बृजेश महादेव को किया सम्मानित

सोनभद्र। शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा सागर फाउंडेशन गुजरात द्वारा डॉ बृजेश महादेव को प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पत्र एसएसएफ के संस्थापक प्रजापति शैलेशभाई नरसिंह ने दिया। शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उन्होंने बताया कि यह प्रमाण पत्र डॉ. बृजेश महादेव सोनभद्र उत्तर प्रदेश को गर्व से प्रदान किया जाता है। शिक्षा सागर फाउंडेशन की हमारी टीम के प्रति आपकी कड़ी मेहनत, प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए है। हम आपकी सराहना करते हैं और आपके सहयोग के लिए आपके आभारी हैं। डॉ बृजेश महादेव एक नवाचारी शिक्षक हैं जिनके नवाचार से देश भर के शिक्षार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। आप द्वारा कौन लगाएगा शतक, मोबाइल क्लास, साहित्य सरोवर ई पत्रीका जैसे नवाचार देश के कोने कोने में पहुंच रहा है। डॉ बृजेश महादेव शिक्षक के साथ एक साहित्यकार भी है और एक दर्जन से अधिक पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं। डॉक्टर बृजेश महादेव को सभी शुभ चिंतकों ने बधाई दी है।

## डीएम व एसपी ने निर्माणाधीन तहसील भवन का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। डीएम बीएन0 सिंह व एसपी अशोक कुमार मीणा ने शनिवार को निर्माणाधीन तहसील भवन ओबरा का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील भवन के निर्माण हेतु प्रयोग की जा रही ईंट, बालू व सीमेंट की मिलावट की मात्रा को देखें, उन्होंने कहा कि भवन निर्माण में प्रयोग की जा रही बालू व सीमेंट की मात्रा का सैम्पल लेकर लैब के माध्यम से जांच करायी जाये, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियन्ता आरईडी0 जांच की कार्यवाही अपनी देख-रेख में सुनिश्चित करायें।

श्री सिंह ने निमार्णाधीन तहसील के सभागार, उप जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष, तहसीलदार न्यायालय कक्ष सहित तहसील के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि विभिन्न कक्षों के दीवारों पर सीलन दिखायी पड़ी, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कान्ट्रैक्टर को नोटिस जारी करने के निर्देश दियें, उन्होंने कहा कि यदि दीवारों पर सीलन की समस्या समाप्त नहीं होती, तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी, उन्होंने उप जिलाधिकारी ओबरा को निर्देशित किया कि भवन निर्माण की निगरानी हेतु किसी कर्मचारी की तैनाती की जाये, जो प्रतिदिन भवन निर्माण की गुणवत्ता की निगरानी करें, इस दौरान उन्होंने प्रोजेक्ट मैनेजर, सी0एण्ड डी0एस0 को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील भवन के निर्माण के गुणवत्ता में किसी प्रकार की शिथिलिता व लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस मौके पर उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग शैलेश ठाकुर, अधिशासी अभियन्ता आर0ई0डी0 नूर आलम, प्रोजेक्ट मैनेजर सीएण्ड डीएस रमेश चन्द्र मौर्या सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

संक्षेप

## कांग्रेस के दबाव में सरकार ने जीएसटी प्रणाली में किए सुधारः राजेन्द्र प्रताप सिंह

अयोध्या। केंद्र सरकार जीएसटी कर प्रणाली में किए गए ताजा सुधारो पर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के इस कदम से स्पष्ट हो गया है कि वर्तमान सरकार ने आम जनता पर टैक्स का अनुचित भार डाल रखा था लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी जी ने इसे गब्बर सिंह टैक्स कहा था और चेतावनी दी थी कि 18 फीसदी से अधिक जीएसटी दर आमजन के लिए भारी बोझ बन जाएगी ।

श्री सिंह ने कहा कांग्रेस की दबाव में ही मोदी सरकार द्वारा जीएसटी प्रणाली में ताजा सुधार किए भाजपा सरकार वाकई जनता के हित में काम करना चाहती है तो केवल जीएसटी में कटौती तक सीमित ना रहे।

बल्कि पूरी कर व्यवस्था को पुनर्गठित कर छोटे व्यापारियों किसानों और मध्यम वर्ग को राहत दे साथ ही पेट्रोल डीजल पर टैक्स कम करें।

रसोई गैस की कीमत घटाएं और रोजगार के सामान की कीमतें कम करें तभी जीएसटी का असली लाभ आम जनता तक पहुंचेगी।

# रामस्वरूप विवि पर गरजे बुलडोजर

## एनिमल हाउस हुआ जमींदोज, एडीएम-एएसपी रहे मौजूद



जिला संवाददाता

बाराबंकी। बाराबंकी जिले में स्थित रामस्वरूप विश्वविद्यालय के अवैध कब्जे वाले भवन पर बुलडोजर गरजे। देखते ही देखते एनिमल हाउस धराशायी हो गया। इस दौरान एडीएम-एएसपी पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे।

श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में एलएलबी छात्रों और एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शनिवार को नाप के बाद अवैध कब्जे वाली बिल्डिंग पर बुलडोजर गरजने लगा। देखते ही देखते दीवारें ढहने लगीं। इस दौरान यूनिवर्सिटी परिसर में सन्नाटा है, मगर इनके कर्ताधर्ता और अधिकारियों के मोबाइल फोन घनघनाते रहे।

देवा-चिनहट रोड स्थित श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के कब्जे वाली सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटने लगा है। एडीएम न्यायिक राजकुमार सिंह यादव और एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी की अगुवाई में शाम को तीन बुलडोजर इस कार्य में लगा दिए गए। उन्होंने अवैध निर्माण ढहाना शुरू किया। देखते ही देखते कॉलेज के फॉर्मेसी विभाग का एनिमल हाउस का भवन जमींदोज हो गया।

तहसीलदार नवाबगंज की अदालत ने 25 अगस्त को फैसला सुनाते हुए यूनिवर्सिटी प्रबंधन पर 27 लाख 96 हजार रुपये का जुर्माना ठोंका था। साथ ही 30 दिन में जमीन खाली करने का आदेश दिया था। बताया जा रहा है कि करीब छह बीघा जमीन सरकारी रिकॉर्ड में ऊसर-बंजर दर्ज है। उस पर विश्वविद्यालय का कब्जा है। प्रशासन अब इस जमीन को खाली कराने की तैयारी में जुटा है।

शनिवार शाम करीब 4:45 बजे सरकारी जमीन पर बने एनिमल हाउस को बुलडोजर द्वारा हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। इसे लेकर शनिवार सुबह 11 बजे से ही प्रशासनिक तंत्र ने जमीन की पैमाइश शुरू कर दी थी।

## गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ...

अयोध्या। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ... विगत 10 दिनों से नगर में स्थापित भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं के पूजन और दर्शन के उपरांत सुबह से ही गुप्तार घाट पर विसर्जन का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। सार्वजनिक रूप से सजाए गए पूजा पंडालो द्वारा दोपहर 3:00 बजे जमुनिया बाग से भगवान श्री गणेश की भव्य और विशाल संयुक्त शोभायात्रा के रूप में गाजे-बाजे के साथ भक्तो की विशाल भीड़ के बीच भक्ति गानों पर नाचते हुए निकाली गई। शोभायात्रा की अगुवाई केंद्रीय समिति के संरक्षकगण महापौर मा. गिरिशपति त्रिपाठी, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, केंद्रीय दुगार्पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के साथ प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, भाजपा नेता अवधेश सिंह बादल, अमल गुप्ता, प्रतिपाल सिंह पाली, राजेंद्र सिंह, उग्रसेन मिश्रा, जसवीर सेठी, राजकुमार पांडे आदि कर रहे थे। गणपति बप्पा को विदाई देने के लिए अयोध्या निवासियों का विशाल जनसैलाब अयोध्या शहर की सड़कों पर उतर आया। केंद्रीय समिति के समन्वय में निकलने वाली शोभायात्रा में जमुनिया बाग में भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं अपराहन से ही एकत्र होना प्रारंभ हो गई। केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परंपरागत तरीके से शोभा यात्रा जमुनिया बाग में एकत्र होकर चैक, रिकाबगंज के रास्ते नियावां और कैंट होते हुए गुप्तार घाट को विसर्जन हेतु जा रही है।



## अनंत चतुर्दशी पर वासपूज्य भगवान की अष्ट द्रव्य से हुई पूजा अर्चना



बाराबंकी। अनंत चतुर्दशी पर सरावगी स्थित जैन मंदिर मे वासपूज्य भगवान की अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना करते हुये प्रभु के मोक्ष कल्याणक का निर्वाण लाडू, फल, फूल समर्पित किया गया। दसलक्षण के अंतिम दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना की गयी। आचार्य सौरभ सागर कहते हैं की जब भीतर की ऊर्जा बहार के सुख को भोगती है तो नए जीवन का सृजन होता है। वही वह ऊर्जा स्वयं के भीतर रहती है तो भगवान का स्वरुप भी प्रकट हो जाता है। हमारा प्रयास अधिक से अधिक उस ऊर्जा को संजोये रखना होना चाहिए। धनावत परिवार ने चंद्र प्रभु का केसर से अभिषेक व केसर लेपन व पुष्प वृष्टि किया। तो वही निलय जैन और महावीर बाकलीवाल ने पाश्र्वनाथ भगवान का भव्य पूजन की रचना किया। सायंकालीन सभा में भगवान का अभिषेक पूजन व भगवान की जयमाल का भव्य आयोजन हुआ। इसके उपरान्त आचार्य श्री गुप्तिनंदी जी का जूम पर लाइव प्रवचन हुआ। जिसमे गुरुवर ने दस धर्मों के बारे में विस्तार से बताया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन महिलाओं व बच्चों द्वारा किया गया। समाज के अनेकों युवाओं अर्चित गंगवाल, सुरभि गंगवाल, नमन जैन, आर्जव जैन, नमित जैन, सुलभ सेठी, रितिका सेठी, वात्सल्य जैन, संदीप जैन ने दस दिन के दस उपवास (निर्जल) कर अपनी आत्मा को शुद्ध कर दूसरों को कठिन तपस्या की प्रेरणा दी। जिनका पारणा 7 सितम्बर को होगा।

## ओडीओपी प्रशिक्षण के लिए साक्षात्कार कल

बहराइच। उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने बताया कि एक जनपद-एक उत्पाद योजना अन्तर्गत वर्ष-2025-26 हेतु चयनित उत्पाद गेहूँ के डण्ठल से निर्मित कलाकृति एवं खाद्य प्रसंस्करण के प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी चयन हेतु जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बहराइच में 08 सितम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11:30 बजे से साक्षात्कार का आयोजन किया गया है। श्री वर्मा ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते हैं।

## सीडीओ की अध्यक्षता मिहींपुरवा में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न

जिला संवाददाता

बहराइच। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये गये। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाया जाय। सीडीओ ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद भी की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 28 आवेदन पत्रों में से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्रासन्न भी कराया गया। उल्लेखनीय है कि तहसील महसी में अपर जिलाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुए 26 प्रार्थना-पत्रों में 02, पयागपुर में 37 में 04, तहसील सदर बहराइच में 09 में 03, कैसरगंज में 50 में 08 तथा नानपारा में 44 में 07 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया।

## अंत्योदय कार्डधारकों को मिलेगी चीनी

अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को अवगत कराया है कि माह सितम्बर, 2025 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत नियमित खाद्यान्न (गेहूँ/चावल) तथा अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास जुलाई, अगस्त व सितम्बर, के सापेक्ष चीनी का वितरण माह सितम्बर में 10 सितम्बर से प्रारम्भ होकर 25 सितम्बर तक सम्पन्न होगा।

उक्त अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 कि0ग्रा0 खाद्यान्न (14 कि0ग्रा0 गेहूँ व 21 कि0ग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि0ग्रा0 खाद्यान्न को माह जुलाई, अगस्त व सितम्बर, 2025 त्रैमास के सापेक्ष 03 कि0ग्रा0 चीनी प्रति कार्ड रु0 18 प्रति कि0ग्रा0 की दर से रु. 54 में वितरण सुनिश्चित कराया जायेगा।

## राम मंदिर पूरे देश की आस्था का प्रतिबिंबः पुरोहित

जिला संवाददाता

अयोध्या। महाराष्ट्र के मालेगांव विस्फोट मामले में हाल ही में बरी हुए लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित राम मंदिर में

- राम मंदिर में भारत की सच्ची भावना दिखाई देती है

दर्शन किये और मंदिर को पूरे देश की आस्था का प्रतिबिंब करार दिया। लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा, अयोध्या में बहुत ही पावन माहौल है। राम मंदिर की भव्यता, जो मैंने पहले कभी सुनी या तस्वीरों में देखी थी, उससे कहीं बढ़कर है।

यह पूरे देश की आस्था का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा, जिस तरह से श्रद्धालु आ रहे हैं, जो स्वयंसेवक काम कर रहे हैं, उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। राम मंदिर में भारत की सच्ची भावना दिखाई देती है, जहां हर क्षेत्र के लोग दिखाई देते हैं। पुरोहित ने कहा कि मैं पहले भी काम के सिलसिले में अयोध्या आ चुका हूं। उस समय यहां ज्यादा विकास नहीं हुआ था। आज अयोध्या मानो राजमाता जैसी लगती है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह लोग गहरी आस्था के साथ रामलला के दर्शन के लिए आते हैं, उसी तरह हम भी उसी समर्पण भाव से राष्ट्र की सेवा करते हैं। आम लोगों और सेवा करने वालों में कोई अंतर नहीं है, और भावनाएं एक जैसी हैं।

मुंबई की एक विशेष अदालत ने 31 जुलाई को मालेगांव विस्फोट मामले के सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया था।

## अनूप मल्होत्रा राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित



अयोध्या। बेसिक शिक्षा विभाग के पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय पाराताजपुर के सहायक अध्यापक अनूप मल्होत्रा को बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। उनकी मां डॉ स्वदेश मल्होत्रा भी वर्ष 2011 में राष्ट्रपति प्रतिभा देवीसिंह पाटिल से राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त चुकी हैं। पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा राष्ट्रपति रोवर पुरस्कार प्राप्त अनूप राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक भी हैं साहित्य जगत में शाही बचपन एवं जन मन के राम पुस्तकों का सह संपादन कर चुके अनूप बेसिक शिक्षा विभाग के पीएम श्री विद्यालयों की मासिक पत्रिका खिलता बचपन का भी संपादन सहयोग कर रहे हैं। आईसीटी प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान हासिल कर चुके अनूप एडुलीडर्स संस्था द्वारा महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनन्द के करकमलों से प्रदेश स्तरीय अवार्ड प्राप्त कर चुके हैं।

## सांप काटने से महिला घायल, राजस्व टीम की तत्परता से बची जान

बाराबंकी। सरयू-घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ने से तहसील रामसनेहीघाट अन्तर्गत ग्राम कोटेदार पुरवा, गोड़ियन पुरवा मजरे कोयलावर, पाठक पुरवा, लोनियनपुरवा मजरे गुनौली, मास्टर पुरवा, कंगणन पुरवा, सहाई का पुरवा मजरे ढेमा, छपटन पुरवा मजरे टिकरी, लोनियन पुरवा और मुखियनपुरवा मजरे जलालपुर तराई मे प्रभावित होने पर जिला प्रशासन ने तीन बाढ़ चैकियां सक्रिय की हैं। तो वही ग्राम गुनौली निवासी कुसुमा पत्नी शिवकुमार घर पर कार्य करते समय सांप के काटने से घायल होने की सूचना मिलने पर तहसीलदार महिमा मिश्रा के निर्देश पर राजस्व लेखपाल कपिलदेव सिंह, प्रमोद कुमार, कौशलेन्द्र कुमार, अमित कुमार तत्काल मौके पर पहुंच महिला को नाव द्वारा सुरक्षित तटबंध तक लाकर एंबुलेंस से अस्पताल भेजवाया। राजस्व टीम की तत्परता के चलते महिला को समय पर उपचार मिलने पर उनकी जान बच सकी।

## बाढ़ पीड़ितों को हलुआ बांटा गया



रामसनेहीघाट बाराबंकी। विकासखंड पूरेडलई के तटवर्ती क्षेत्रों में सरयू नदी की बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए तहसील प्रशासन नाव के माध्यम से प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाने मे जुटा हुआ है। तो वही तहसीलदार महिमा मिश्रा ने मानवता की अनूठी मिसाल पेश करते हुये आज शनिवार को अपने निजी खर्च से 3000 से अधिक लोगों को पूड़ी, सब्जी और गलका के साथ हलुआ का वितरण करवाया। बाढ़ पीड़ित परिवारों ने तहसीलदार द्वारा निजी खर्च से हलुआ वितरण की पहल की सराहना की। तहसीलदार ने बताया कि तहसील दिवस की व्यस्तता के कारण वे स्वयं हलुआ वितरण नहीं कर पाई। प्रशासन लगातार बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए प्रयासरत है।

## पत्रकार अजय अरोड़ा का आकस्मिक निधन

अयोध्या। पत्रकार अजय अरोड़ा का आकस्मिक निधन इलाज के दौरान हो गया है उनका अंतिम संस्कार सरयू तट पर किया गया। साथी पत्रकार के निधन पर अयोध्या के पत्रकारों, संपादकों में शोक की लहर व्याप्त है। वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार मिश्र, एस एन बागी, डॉ. आनंद उपाध्याय, अनूप श्रीवास्तव, आलोक निगम, अनुराग शुक्ला, सुमित्रानंदन यादव, डॉ. अशोक मौर्य सहित अन्य लोगों ने श्री अरोड़ा के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके प्रति शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## टीआरसी लॉ कॉलेज में मनाया गया शिक्षक दिवस




सतरिख, बाराबंकी। टीआरसी लॉ कॉलेज में पूर्व राष्ट्रपति डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयन्ती पर शिक्षक दिवस धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज के शासी निकाय अध्यक्ष/प्रबन्धक डा0 सुजीत चतुवेर्दी, प्राचार्य डा0 अश्वनी कुमार गुप्ता, प्रशासनिक निदेशिका रोली मिश्रा ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती और डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर किया। इसके उपरान्त विधि छात्र अनुराग सिंह ने सरस्वती वन्दना व छात्र जितेन्द्र राज साहू ने गुरू-शिष्य परम्परा के आलोक में एक गीत प्रस्तुत किया। महाविद्यालय प्रबन्धक डा0 चतुवेर्दी ने कहा कि विद्यार्थी का कर्तव्य है कि उसके मन में अपने विषय के प्रति जिज्ञासा का भाव उत्पन्न हो और शिक्षक को भी चाहिए कि वह अपने छात्रों के मनोभावों को समझकर उसकी समस्याओं का निदान करें। इस अवसर पर शिक्षकों के मध्य अनेक प्रकार के मनोरंजक खेल आयोजित किये गये। जिसमे विजयी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा0 दीपमाला श्रीवास्तव, डा0 मंजय यादव, डा0 नवीन कुमार सिंह, डा0 अमजद अंसारी, डा0 वीर विक्रम सिंह सहित समस्त शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## बभनियावां में नवनिर्मित पुलिस चौकी का हुआ उद्घाटन



बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह द्वारा थाना पयागपुर क्षेत्र अन्तर्गत बभनियावाँ में क्षेत्रीय संभ्रान्तजनों की उपस्थिति में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर जनसहयोग से नवनिर्मित पुलिस चैकी का बच्चे से फीता कटवाकर उद्घाटन किया गया। उदघाटन अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बताया गया कि नई पुलिस चैकी स्थानीय लोगों की सुरक्षा और सेवा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। चैकी के निर्माण से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था स्थापित होगी तथा आपातकाल की स्थिति में लोगों को नजदीकी पुलिस चैकी से सहायता मिल सकेगी। चैकी के निर्माण से अपराध की रोकथाम में भी पुलिस चैकी की भूमिका अहम होगी। डीएम ने कहा कि क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बेहतर होने से क्षेत्र का विकास भी बेहतर ढंग से हो सकेगा।

कार्यक्रम को अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, उप जिलाधिकारी पयागपुर अश्वनी कुमार पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर राज सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्रा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन चैकी प्रभारी शिवम कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी पयागपुर करूणाकर पाण्डेय, पुलिस बल के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण, प्रधान मल्लावां के प्रतिनिधि श्रवण द्विवेदी, बीआरसी राजेश मिश्रा सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# कारागार के मुख्य द्वार से आरोपियों को माला पहनाकर निकाला गया विजय जुलूस

सरदार भूपिन्दर पाल सिंह



बाराबंकी। मारपीट के एक मामले में हाईकोर्ट से अपील में जमानत पाये आरोपियो के समर्थन मे जिला कारागार बाराबंकी से विजय जुलूस निकाला गया। कारागार के मुख्य द्वार से निकलते ही आरोपियो के समर्थको ने जेल के ताले टूट गये के नारे लगाकर फूल-मालाओं से लादकर आरोपियो का स्वागत भी किया। सोशल मीड़िया पर वीड़ियो वायरल होते ही जेल प्रशासन के खिलाफ कई आपत्तिजनक टिप्पणिया भी शुरू हुई। लेकिन जिला कारागार प्रशासन विजय जुलूस के निकाले जाने के मामले मे अपना पल्ला झाड़ता हुआ नजर आया। जिला प्रशासन को सूचना देना तो दूर विजय जुलूस के समर्थन मे कई जेलकर्मी भी आरोपियो का हौसला बढ़ाते हुये देखे गये। साथ खड़ा अकेला जेल संत्री भी भीड़ को रोकने मे नाकाम दिखा। जेल प्रशासन ने पुलिस को सूचना देना भी उचित नही समझा। इतना ही नही पड़ोस मे थाना नगर कोतवाली की जेल पुलिस चौकी भी विजय जुलूस को रोक न सकी। जबकि जेल प्रशासन के अधिकारी आरोपियो द्वारा निकाले गये विजय जुलूस से ऐसे अंजान बने जैसे उनको कोई लेना-देना न हो। मामला जिला कारागार बाराबंकी से जुड़ा हुआ है। शुक्रवार को सोशल मीड़िया प्लेटफार्म पर वायरल हुये वीड़ियो के बाद जंहा जेल प्रशासन अपने आप के बचाव मे जुटा हुआ है। वही सोशल मीड़िया पर वीड़ियो वायरल करने वालो को सतर्क करता हुआ भी देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि थाना लोनीकटरा मे पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 175/2006 अन्तर्गत धारा 147,148,149,332,333,336,353,283,323,504,506,435,307 आईपीसी व 7 क्रिमिनल एमेन्टमेंट लॉ, 3/4/5 लोक सम्पत्ति निवारण अधिनियम के मामले मे आरोपी पुष्कर जायसवाल व प्रहलाद जायसवाल की रिहाई जिला कारागार बाराबंकी से हुई थी। जंहा उनके हजारो की संख्या मे समर्थको ने जेल के गेट पर मौजूद संत्री की उपस्थिति मे फूल-माला पहनाकर नारेबाजी करते हुये विजय जुलूस तो निकाला ही, साथ ही हजारो समर्थको के साथ रैलियो के हजूम की तरह जिला कारागार अधीक्षक कुंदन कुमार के आवास के आगे भी जमकर नारेबाजी की। अधीक्षक आवास के मुख्य द्वार पर तैनात जेलकर्मी भी मूकदर्शक बने रहे। इतना ही नही रंगबाजी देवा ओवरब्रिज पर भी देखने को मिली। जंहा पर सैकड़ो की संख्या मे समर्थको द्वारा प्रदर्शन करते हुये आमजन के लिये भी समस्या उत्पन्न करते हुये यातायात भी प्रभावित किया।

- कारागार के बाहर तैनात जेल संत्री भी भीड़ को रोकने में हुए नाकाम
- सोशल मीड़िया पर वायरल हुई वीड़ियो, जेल परिसर में पहुंची सैकड़ो गाड़िया
- कारागार द्वार से नारेबाजी करते हुएअधीक्षक आवास से देवा ब्रिज तक दिखा हुड़दंग

**दो लोगो की रिहाई हुई थी। जेल के बाहर से जुलूस निकाला गया है। जेल प्रशासन का जेल के बाहर से कोई मतलब नही है।**
**कुंदन कुमार**
**जेल अधीक्षक, बाराबंकी।**

**इस सम्बन्ध में जानकारी नही है। जेल चौकी इंचार्ज से जानकारी करके उचित कार्यवाही की जायेगी।**
**सुधीर कुमार सिंह**
**प्रभारी निरीक्षक**
**थाना नगर कोतवाली, बाराबंकी**

## ग्राम प्रधान की गायब पत्नी का गांव के ही तालाब में मिला शव

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी सत्तीचैरा क्षेत्र की ग्राम सभा बरई कला निवासी ग्राम प्रधान रामदीन की दो दिन से लापता पत्नी का शव गांव के मध्य बने एक तालाब में उतराता मिला। गाँव में फैली सूचना और तमाम कयासों के बीच सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाने के बाद पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शनिवार की सुबह एक गोहटा नामक जानवर तालाब से बाहर निकल कर भ्रमण कर रहा था। ग्रामीणों ने देखा और खदेड़कर इसे तालाब तक पहुंचे ही थे कि इन्हे तालाब में एक महिला का शव उतराता नजर आया। जिसकी पहचान ग्राम प्रधान की दो दिन से लापता 65 वर्षीय पत्नी सावित्री देवी के रूप में हुई। घटना की सूचना चैकी प्रभारी जितेंद्र सिंह को दी गयी। मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया।

इस सम्बन्ध में चैकी प्रभारी ने बताया कि मृतका का दिमागी संतुलन ठीक नहीं था।

लगभग दो दिन से तालाब मे होने के कारण चेहरा को पानी में जानवरों ने खराब कर दिया है। शव की पहचान कपड़ों से होने के कारण पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# जिले में बारा रबी उल अव्वल का जुलूस बहुत धूमधाम से निकाला गया

बहराइच। बहराइच मे बाराबीउलअव्वल के मौके पर नबी ए करीम स0अलैह वाले वस्सल्म का 1500 वाँ यौम ए पैदाइश का जश्न पूरे जिले में बड़ी ही शान ओर शौकत के साथ मनाया गया शहर में मरकजी सीरत कमेटी की कायदत में जुलूस ए मोहम्मदी अपनी साबिका रवायत के मुताबिक बाद नमाज फजिर मुस्लिम मुसाफिर खाना काजी पुरा से साबिक चेयरमैन हाजी तेजे खान की कायदत में निकाला गया जिसमें बहुत बड़ी तादाद में आशिकाने रसूल शामिल थे नात शरीफ के साथ ही सहाबा की शान में नारे बुलंद करतें हुवे जुलूस हजरत अमीर माह, चाँदपुरा होता हुआ छावनी चौराहा पहुंचा जहाँ पर सूबे के साबिक वजीर यासर शाह नें अपने हमराहियों अब्दुल मन्नान व दूसरे लोगो के साथ जुलूस का इस्तेकबाल किया यही पर दरगाह शरीफ की जानिब से दरगाह सदर बका उल्ला और दिलशाद अहमद एडवोकेट, हाजी अजमत उल्ला, मौलाना अरशदुल कादरी की रहनुमाई में पलरी बाग, घोषियाना, बखशीपुरा, गुलामअलीपुरा, सालारगंज के जुलूस के पहुंचने पर एक दूसरे जुलूस का मिलान हुआ और कमेटी के जिम्मेदारो को पगड़ी वगैरह बाँध एक दूसरे का इस्तेकबाल किया यहीं से जुलूस एक बार फिर दो हिस्सों में तकसीम हो गया दरगाह का जुलूस वापस मुड़कर आस्ताना हजरत सैय्यद सालार मसूद गाजी के लिये रवाना हो गया और तेजे खान की कवायद में चलने वाला जुलूस हाजी कबीर खान, शादाब रजा खान के घर की जानिब से होता हुआ छोटी तकिया, छोटी बाजार, बड़ीहाट, मेवातीपुरा, गुरुद्वारा होता हुआ नाजिरपुरा के लिये रवाना हुआ। बारारबीउल अव्वल के मौके पर इस साल शहर के सभी मोहल्लो में बहुत ही शानदार तरीके से सजावट की गई थी जगह जगह जुलूस के इस्तेकबाल के लिये बड़े बड़े गेट बनाये गये थे और जगह जगह लोगों की जानिब से लंगर व सबील का इंतिजाम किया गया था।

## ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूसे परचमे-ए-मोहम्मदी

बाराबंकी। बज्में रहमत कमेटी के तत्वाधान मे ईद मिलादुन्नबी पर जुलुसे परचमे-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस होते फजलुर्रहमान पार्क से शुरू होते हुये नाला, सट्टी बाजार, दर्पण, घंटाघर, धनोखर, बेगमगंज, छाया चैराहा, राजकमल रोड़, पीरबटावन, ईदगाह पर जाकर समाप्त हुआ। जुलूस मे समाजसेवियो द्वारा जायरीनो हेतु जगह-जगह भण्डारे का आयोजन किया गया। तो वही जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को सम्भाला। रोशनी सजावट को लेकर कमेटी द्वारा छोटे-छोटे बच्चो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कारी अजीम मसाइकी, कारी कलाम, अब्दुल हक, ताज बाबा राईन, जफर अंसारी, मो0 सलमान सल्लू, सभासद मुजीबुद्दीन अंसारी, जुनेद अंसारी, इरफान कुरैशी, नूरी मस्जिद कटरा सेक्रेटरी एजाज हुसैन, सकील सलमानी, दानिश सिद्दीकी, नसीम खान, आसिफ अंसारी आदि मौजूद रहे।



संक्षेप

## शारदा सहायक खंड में मिला युवती का शव

**अमेठी।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बीते 4 सितंबर को शाहपुर जामों निवासी धर्मराज मौर्य ने अपनी 19 वर्षीय बेटी आरती मौर्य की गुमशुदगी की सूचना थाना कोतवाली जामों में दी थी। परिजनों के मुताबिक आरती दोपहर करीब 12 बजे घर से खेत जाने के लिए निकली थी, लेकिन उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका। शनिवार को शारदा सहायक खंड-49 में मिसिरपुर के पास स्थानीय लोगों ने आरती मौर्य का शव देखा। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतका मानसिक रूप से परेशान और विकलांग थी। साथ ही, उसके पास मोबाइल फोन भी रहता था, जो गुमशुदगी के दिन से ही स्विच ऑफ मिल रहा था।

## बास्केटबॉल टीम रवाना

**सुलतानपुर।** माध्यमिक क्रीडा बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मंडल अयोध्या की टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में वाराणसी में प्रतिभाग करेगी जिले से मंडल में जिले से 13 बालक एवं सात बालिका का चयन हुआ, जिसमें बालक में कमलजीत सुजीत अंकुश आयुष मिश्रा रवि राजबहादुर ने बढ़िया प्रदर्शन मंडल में किया था। वहीं बालिकाओं में अंशिका यादव माही मौर्य विनीता साक्षी अनामिका साहू का प्रदर्शन सराहनीय रहा विदित है कि जनपद में ही मंडल स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न हुई थी जिसमें बालक वर्ग में सुल्तानपुर का दबदबा रहा वहीं बालिका वर्ग में अयोध्या के खिलाड़ियों ने परचम लहराया था 20 सदस्यीय टीम के साथ मौजूद टीम मैनेजर क्रीड़ा प्रभारी व्यायाम शिक्षक कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता 6 से लेकर 10 सितंबर तक आयोजित होनी है टीम कोच व्यायाम शिक्षक बम बहादुर यादव ने अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई स प्रतियोगिता में प्रदेश भर के बास्केटबॉल खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह एवं एसोसिएट जटाशंकर यादव ने खिलाड़ियों को शुभकामना दी। क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह ने बताया जिले से गए हुए खिलाड़ी अयोध्या मंडल के लिए बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## अनियमितता व शोषण के खिलाफ मशाल यात्रा और हस्ताक्षर अभियान शुरू

**सुलतानपुर।** श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय बाराबंकी में व्याप्त शैक्षिक अनियमितता, अवैध वसूली एवं गैर मान्यता के विधि विद्यार्थियों का प्रवेश लेने के विरोध में विश्वविद्यालय में शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे विद्यार्थियों एवं अभाविप के कार्यकताओं पर बर्बरतापूर्ण लाठी चार्ज के विरोध में आज कुशभवनपुर जिले के कार्यकताओं द्वारा मशाल यात्रा निकाली गई। जब तक दोषियों पर उचित कार्रवाई नहीं होती तब तक अभाविप का विरोध जारी रहेगा। आज अभाविप कुशभवनपुर जिले के कार्यकर्ताओं द्वारा राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान संपन्न हुआ। इस हस्ताक्षर अभियान में सभी विद्यार्थियों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। यह अभियान जब तक प्रदेश पर उचित कार्रवाई नहीं होती तब तक अभाविप का विरोध जारी रहेगा। जिला संयोजक तेजस्व पाण्डेय ने कहा कि यदि आठ सितंबर तक एसआरएम यूनिवर्सिटी पर कार्यवाही नहीं तो अभाविप कार्यकर्ता प्रदेश में ईंट से ईंट बजाने का कार्य करेगें, इसकी जिमेदारी उतर प्रदेश शासन की होगी।

# बहन ने कुल्हाड़ी से की भाई की निर्मम हत्या

## मृतक की नानी की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज



**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गांव में रिश्तों को तार तार करने व दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां सगी बहन ने अपने भाई की कुल्हाड़ी से गला काटकर हत्या कर दी। इस घटना ने न केवल रिश्तों को शर्मसार किया, बल्कि पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने आरोपी बहन को हिरासत में ले लिया है और हत्या के पीछे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्यारेपुर गांव के नंदा खेड़ा निवासी हिमांशु पुत्र स्वर्गीय शिवमंगल पासी, अपनी नानी के घर रहता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती रात हिमांशु ने घर में खाना खाया और फिर घर के बाहर चारपाई पर सोने चला गया। अगली सुबह, ग्रामीणों ने उसका खून से लथपथ शव चारपाई पर पड़ा देखा। इस भयावह दृश्य को देखकर इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना डायल 112 को दी।सूचना मिलते ही हरचंदपुर थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में मृतक की नानी ने पुलिस को बताया कि हिमांशु की सगी बहन ने रात में उस पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया था, जिसके परिणामस्वरूप उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की नानी की तहरीर के आधार पर आरोपी बहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर बहन ने अपने सगे भाई की हत्या क्यों की। शुरूआती जांच में कुछ सूत्रों ने प्रेम प्रसंग और पारिवारिक विवाद को हत्या का कारण बताया है, लेकिन पुलिस ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। इस घटना ने पूरे प्यारेपुर गांव और आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। लोग इस बात से स्तब्ध हैं कि एक बहन अपने सगे भाई के खिलाफ इतना क्रूर कदम उठा सकती है। क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं, और लोग हत्या के पीछे के असली कारणों का इंतजार कर रहे हैं। यह घटना रिश्तों की पवित्रता पर एक गहरा सवाल खड़ा करती है, खासकर रक्षाबंधन जैसे त्योहार के संदर्भ में, जो भाई-बहन के अटूट बंधन का प्रतीक माना जाता है।

हरचंदपुर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं, और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस हत्या के पीछे कोई अन्य व्यक्ति या साजिश शामिल है। आरोपी बहन से पूछताछ जारी है, और जल्द ही हत्या के सटीक कारणों का खुलासा होने की उम्मीद है।

## सपाइयों ने सरकार के खिलाफ तहसील में किया धरना प्रदर्शन

**लालगंज रायबरेली।** विधानसभा सरेनी के समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने राजा बाबा और विधानसभा अध्यक्ष जेपी यादव के नेतृत्व में सरकार की नीतियों के खिलाफ तहसील परिसर में धरना दिया और सरकार के खिलाफ जोरदार नारे बाजे भी की। पेट की परीक्षा होने के नाते कोई भी राजस्व का अधिकारी मौजूद नहीं था जिसके कारण समाजवादी पार्टी के नेताओं ने क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी को ज्ञापन देकर धरना प्रदर्शन समाप्त किया। हालांकि समाजवादी पार्टी के नेता एसडीएम को बुलाने की मांग पर अड़े थे, लेकिन अधिकारियों के ना आने के चलते उन्हें सीओ को ही ज्ञापनदेकर संतोष करना पड़ा। विधायक प्रतिनिधि दिव्यांबर सिंह उर्फ बाबा राजा ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार किसान विरोधी सरकार है। किसानों को बिजली और खाद के लिए चक्कर काटने पड़ रहे हैं। वही जेपी यादव ने कहा कि योगी सरकार में बेरोजगारी बढ़ गई है। सड़के खराब हो गई हैं। लेकिन सरकार जनता की समस्याओं पर ध्यान न देकर केवल अपनी जेब भरने पर तुली हुई है। विधायक राहुल लोधी ने भी योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार में गांव गरीब की जनता भ्रष्टाचार से ऊब चुकी है। आने वाला समय समाजवादी पार्टी काहै। इस अवसर पर बबलू बाजपेई, कल्लू सिंह, सतीश महाजन, जेपी सिंह चैहान अमित यादव ,योगेश यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गणेश चतुर्थी के अवसर पर विधि विधान से गणेश भगवान की पूजा कर किया गया विसर्जन

**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बे के एक प्रतिष्ठित व्यापारी द्वारा गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर घर पर प्रतिमा रखकर विधि विधान के साथ हवन पूजन कर त्यौहार मनाया। जिसमें कस्बे के अनेक प्रतिष्ठित व्यापारियों ने भी हिस्सा लिया। कस्बे के व्यापारी सदाशिव निकम ने अपने घर पर विधि विधान से बाबा गणेश की प्रतिमा गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर रखी थी जिसका नगर में भ्रमण के साथ विसर्जन के लिए ले जाया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा, शिव भजन स्वर्णकार, संदीप वैश्य, अंकुर वैश्य, घनश्याम चैरसिया, सचिन मौर्या, संतोष जायसवाल, शिव कैलाश सोनी, राजेश सोनी, श्याम प्रकाश वर्मा, धर्मेंद्र लोधी, कंचन, दीपक, शिव प्रकाश सहित नगर वासी उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता का मना जन्मदिन



**अमिता।** शनिवार को भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह 'पिन्टू' के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर उनके निज कार्यालय दुगार्पुर रोड खेरौना में क्षेत्र के संभ्रांत व गणमान्य लोगों के सनातन परंपरा के अनुसार जन्मदिन मनाया गया। जिसमें सुभाष आचार्य जी, अनुज आचार्य, आनंद शुक्ला आचार्य टीकरमाफी, संजय सिंह (मुन्ना) (प्रधान संघ अध्यक्ष संग्रामपुर) डंपी सिंह ,राजेश सिंह कोरारी मनोज तिवारी निवर्तमान मंडल अध्यक्ष भाजपा अमेठी, भूपेंद्र मिश्र मंडल महामंत्री भाजपा अमेठी,मुन्ना सिंह टीकरमाफी, विजय गिरि,चंद्रिका यादव बीडीसी,छविलाल सरोज,रितेश सिंह खदरी, करन मौर्य, अशोक मिश्र प्रधान प्रतिनिधि घाघूघार, राजपाल सरोज, रणविजय सेमरा, विक्रम सिंह सोनाली कला, ईश्वर चंद कोरी टिकावर, गिरीश सिंह टिकावर,कमल शुक्ला धोए, बृजेश सिंह रायपुर फुलवारी, अजय यादव हथकिला, शिवम सिंह मवईया, शिवा सिंह संग्रामपुर, दुर्गेश पासी सुबेदार का पुरवा, अभिषेक शुक्ल चतुर्भुज पुर, अनुजेंद्र मिश्र सहित क्षेत्र के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में किशोर की मौत

अमेठी । सड़क हादसे ने एक परिवार की जीवन लीला समाप्त कर दी । जिसके चलते परिजनों में कोहराम मचा हुआ है । इसके साथ ही परिजनों द्वारा हादसे पर सवाल खड़ा किया जा रहा है । मिली जानकारी के अनुसार पीपरपुर थाना क्षेत्र के ग्रामसभा मई निवासी राम स्वरूप एवं मीनू के 15 वर्षीय पुत्र अनूप तीन अन्य लड़कों के साथ एक बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहा था। हारीपुर गांव के पास उसकी बाइक आवारा पशु से टकरा गई। जिसमें चारों लड़के घायल हो गए। तीन लड़के तो मामूली रूप से घायल थे जबकि चौथा अनूप गंभीर रूप से घायल था। सभी घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहां से जिला अस्पताल सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया। जहां पर 15 वर्षीय अनूप की मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पीपरपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर रामराज कुशवाहा ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर बताया कि दुर्घटना के बाद गाड़ी सहित चारों लोग घिसट गए थे। जिसके चलते गाड़ी की डिग्गी पूरी तरह से टूट गई है। चारों लोगों को चोटें आई हैं। घटनास्थल पर आवारा पशु के बाल भी मिले हैं। लेकिन आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत अब मामले को अलग ही मोड़ दिया जा रहा है। अब मौजूदा ग्राम प्रधान को निशाना बनाया जा रहा है। परिजन यह कह रहे हैं कि बोलेरो से दुर्घटना करके लड़के की हत्या कर दी गई है। जबकि ऐसा कोई मामला नहीं है। यह केवल एक दुर्घटना है। परिजनों ने ग्राम प्रधान पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम प्रधान के द्वारा गाड़ी से एक्सीडेंट कर उसकी हत्या की गई।

## कार ने मासूम व किशोर को मारी टक्कर एक की मौत, एक ट्रामा सेंटर रेफर

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुरूवा पश्चिम गांव बाईपास तिराहे के पास रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रही एक कार ने पिकअप को ओवरटेक करने के चक्कर में साइकिल सवार एक किशोर और मासूम को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि साइकिल के पुर्जे खंडों में बिखर गए और किशोर व मासूम के चीथड़े उड़ गए। घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के दौरान मासूम की मौत हो गई और किशोर की हालत को गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार घायल किशोर सचिन पुत्र उदयराज उम्र 16 वर्ष एवं मासूम कल्लू उर्फ आशिक पुत्र सरबजीत उम्र 7 वर्ष निवासीगण ग्राम बल्दी खेड़ा मजरे सरौरा थाना बछरावां साइकिल से चुरुवा हनुमान मंदिर भंडारा खाने गए थे। जैसे ही वह भंडारा खाकर लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए चुरूवा पश्चिम गांव बाईपास तिराहे पर पहुंचे, तभी रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रही है तेज रफ्तार कार ने पिकअप को ओवरटेक करने के चक्कर में दोनों साइकिल सवार किशोर व मासूम को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि साइकिल के पुर्जे खंडों में बटकर हाईवे पर बिखर गए और किशोर व मासूम के चीथड़े उड़ गए। आसपास मौजूद लोगों के द्वारा तत्काल कार चालक को मय वाहन सहित पकड़ लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से दोनों को घायल अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के दौरान मासूम कल्लू ने दम तोड़ दिया, वहीं किशोर सचिन की हालत को नाजुक देखते हुए मौजूद चिकित्सक के द्वारा उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। मासूम की मौत से पारिवारिक जनों का रो रोकर बुरा हाल है। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# निमिषा कॉन्वेंट स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस




**सलोन, रायबरेली।** निमिषा कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और सम्मान के साथ किया गया। यह दिन भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद प्रधानाचार्य रीना मिश्रा ने सभी शिक्षकों का स्वागत करते हुए उनके योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं, जो विद्यार्थियों को सही दिशा दिखाते हैं।

शिक्षक दिवस के अवसर पर कक्षा 12 के छात्र छात्राओं ने सभी शिक्षकों की भूमिका निभाई व इसके बाद सभी छात्र अध्यापकों ने शिक्षण कार्य आरम्भ किया। जिसमें प्रिंसिपल मैम की भूमिका, हेड गर्ल अंजली सिंह और हेड ब्वॉय रूद्र प्रताप सिंह ने बखूबी निभाई।

विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें कविता पाठ, नृत्य, नाटक और भाषण शामिल थे। छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा, छात्रों ने अपने प्रिय शिक्षकों को धन्यवाद पत्र भी भेंट किए।कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों को सम्मानित किया गया और सभी शिक्षकों के लिए दोपहर के भोजन का आयोजन भी किया गया। सभी शिक्षकों को उनके अनुभव साझा करने का अवसर दिया गया। सभी ने मिलकर शिक्षक दिवस को एक यादगार दिन बना दिया।

## 20 वर्ष बाद भी परिवार को नहीं मिली बिजली

**गौरीगंज, अमेठी।** सुनने में आपको भले ही अजीब लग रहा है लेकिन बात सच है जनपद के विकासखंड शाहगढ़ के कपूर पुर गांव में एक बुजुर्ग परिवार को बीते 20 वर्षों से बिजली की रोशनी का इंतजार है लेकिन ग्राम प्रधान से लेकर बिजली विभाग की उच्च अधिकारियों का चक्कर लगाते लगाते थक जाने के बाद भी उन्हें अभी तक बिजली की रोशनी नहीं मिल पाई। विकासखंड शाहगढ़ के गुलाल पांडे पुरवा मौजा कपूरपुर में रहने वाले ननकू यादव पुत्र स्वर्गीय बैजनाथ यादव बीते 20 वर्षों से इस आस में बैठे हैं कि हमारा घर भी बिजली से रोशन हो जाएगा लेकिन अधिकारी है कि बुजुर्ग दंपति की पीड़ा को सुनने के लिए किसी भी कीमत पर तैयार नहीं है महज चार खंबे लगने हैं लेकिन अधिकारियों ने 45000 रुपए का एस्टीमेट बता कर मामले की इति श्री कर देते हैं जिसके चलते उन्हें 45 000 जमा कर पाने की हैसियत ना होने के चलते उनको आज तक बिजली नहीं मिल सकी फिलहाल इसके लिए अभी तक कोई आगे आया भी नहीं है। फिलहाली संबंध में जब बिजली विभाग के पनियार पावर हाउस से बात की गई तो उन्होंने कहा कि एस्टीमेट बने धन जमा हो खंबा लगे हो तभी बिजली मिल सकती है ।

# मंद गति से निपट रहीं समस्याएं



**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुन मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, मुख्यमंत्री द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील अमेठी में कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील तिलोई में 27 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 02 का निस्तारण किया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 18 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 01 शिकायत का निस्तारण किया गया, तथा तहसील गौरीगंज में 41 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 02 शिकायत का निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष कुमार सिंह, तहसीलदार अमेठी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## आईजीआरएस प्रणाली मेंपिछड़ रही सलोन तहसील ने आखिरकार लगायी बड़ी छलांग

**सलोन,रायबरेली।** जनशिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर शासन की आईजीआरएस प्रणाली में लगातार पिछड़ रही सलोन तहसील ने आखिरकार बड़ी छलांग लगाई है। उपजिलाधिकारी चंद्रप्रकाश की सख्त कार्यवाही और सतत निगरानी का नतीजा है कि तहसील ने जुलाई में प्रदेश स्तर पर अपनी रैंकिंग 274 से सुधार कर 127 पर पहुंचा दी, वहीं जिले की रैंकिंग में भी दूसरे स्थान पर आ गई। उपजिलाधिकारी ने बताया कि अप्रैल माह से जून माह तक लगातार यह स्थिति शासन की मंशा और जनता की अपेक्षाओं के विपरीत थी। शिकायतों के निस्तारण में न तो गुणवत्ता रही और न ही समयबद्धता। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए एसडीएम चंद्रप्रकाश ने 26 जुलाई को कड़ा कदम उठाते हुए राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों समेत अपने स्वयं के वेतन तक को रोकने का आदेश दिया था।जिसके बाद एसडीएम ने आईजीआरएस प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए नायब तहसीलदार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया और निर्देश दिया कि वे रोजाना प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही, एसडीएम चंद्रप्रकाश ने स्वयं भी मामलों की गहन समीक्षा शुरू की। परिणामस्वरूप, जुलाई माह में तहसील का प्रदर्शन सुधर गया और प्रदेश रैंकिंग 274 से उछलकर 127 पर पहुंच गई।विभाग के कर्मचारियों की मेहनत के बाद उन्होंने जुलाई माह का वेतन बहाल करने का निर्देश दिया है। बेहतर प्रदर्शन के बाद एसडीएम ने सभी कर्मचारियों का रोका गया वेतन जारी करने का आदेश दिया। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## भाईचारे के संदेश के साथ पैगाम-ए-इंसानियत कांफ्रेंस व जुलूस-ए-मोहम्मदी संपन्न



**तिलोई, अमेठी।** शाही जामा मस्जिद में 12 दिनों तक चली ह्नपैगाम-ए-इंसानियत 12 दिवसीय कांफ्रेंसह्न का समापन 5 सितम्बर को हुआ। कार्यक्रम डॉ. मौलाना मोहम्मद दिलशाद हनफी की सुपरविजन और देखरेख और गाँववासियों के आपसी सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।समापन अवसर पर निकला जुलूस शाही जामा मस्जिद से प्रारंभ होकर रामगंज, हनुमानगंज, श्यामगंज चौराहा, नई व पुरानी बाजार और कुरैशी मोहल्ला से गुजरा तथा अंत में पुनः शाही जामा मस्जिद पहुँचकर समाप्त हुआ। पूरे मार्ग में अनुशासन और सलीका देखने को मिला। 12 दिवसीय कांफ्रेंस में कारी अब्दुल मुजीब, हाफिज महमूद अहमद समेत कई उलमा-ए-केराम और हुफ्फाज-ए-केराम ने शिरकत की। आयोजन में इंसानियत, भाईचारे और अमन का पैगाम दिया गया।

## भारतीय संस्कृति पदयात्रा को संतों का मिला समर्थन



**सुलतानपुर।** भारतीय संस्कृति, परंपरा और सनातन मूल्यों के संरक्षण हेतु प्रस्तावित भारतीय संस्कृति पदयात्रा को अयोध्या के साधु-संतों और जनपद की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं का भरपूर समर्थन मिलने लगा है। यह पदयात्रा 10 सितंबर को सुबह7बजे अयोध्या से शुभारंभ होगी और दोपहर 2 बजे कटका बाजार से सुलतानपुर के लिए रवाना होगी। इस यात्रा को समर्थन देने वाली प्रमुख संस्थाओं में कटका क्लब सामाजिक संस्था, यूनीक फाउंडेशन, कुशभवनपुर उत्थान सेवा समिति, लक्ष्य सेवा समर्पण फाउंडेशन, अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद, राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल, भगवा आर्मी, कल्पवृक्ष सेवा समिति, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड कूरेभार और अद्वैत चैरिटेबल ट्रस्ट समेत कई जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु शामिल हैं। कटका क्लब के अध्यक्ष व अखिल भारतीय भगवान परशुराम एकता समिति के प्रतिनिधि सौरभ मिश्रा विनम्र ने कहा कि, यह केवल एक पदयात्रा नहीं, बल्कि हमारी आस्था, परंपरा और संस्कृति की पुकार है। यह उस गौरवशाली इतिहास की पुनर्स्थापना है, जहां से हमारी पहचान शुरू हुई थी। समिति के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभदेव शुक्ला ने बताया कि इस पदयात्रा के माध्यम से सुलतानपुर जनपद का नाम कुशभवनपुर किए जाने, गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने, देवी-देवताओं के वेष में होने वाले अशोभनीय नृत्य पर प्रतिबंध और सनातन बोर्ड के गठन जैसी मांगें उठाई जाएंगी। पदयात्रा को लेकर जिलेभर में उत्साह का माहौल है और लोगों में व्यापक समर्थन देखा जा रहा है।

## शांतिपूर्ण माहौल में पीईटी की परीक्षा संपन्न, प्रशासन रहा मुस्तैद

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले में प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 का आयोजन शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। परीक्षा के दोनों पालियों में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया और कहीं से किसी प्रकार की गड़बड़ी या अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की लंबी कतारें देखी गईं, लेकिन प्रशासन और पुलिस की सक्रियता से सभी व्यवस्थाएं नियंत्रित रहीं। परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए एसडीएम सदर बिपिन कुमार द्विवेदी और सीओ सिटी प्रशान्त सिंह ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों पर सुरक्षा प्रबंधों, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, प्रवेश प्रक्रिया और निष्पक्षता के पहलुओं का गहन अवलोकन किया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा में पूर्ण पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखा जाए। परीक्षा केंद्रों के बाहर भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल मुस्तैदी से तैनात रहा और किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को केंद्र परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। परीक्षार्थियों के परिजनों को निर्धारित सीमा से बाहर ही रोका गया जिससे केंद्रों के भीतर शांति बनी रही। पहली पाली में कुल 4920 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 3989 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 931 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में भी 4920 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 4009 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 911 अनुपस्थित पाए गए। जिला प्रशासन की निगरानी और चुस्त व्यवस्था से पीईटी परीक्षा सुलतानपुर में सफलतापूर्वक और निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हुई, जिसके लिए परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों की भूमिका सराहनीय रही।

- 1842 अभ्यर्थियों ने छोड़ी प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा

# विधि क्षेत्र में दक्षता नयापन व न्यायिक सोच जरूरी




**सुलतानपुर (वीओएल)।** राणा प्रताप पीजी कॉलेज में विधि के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं विषयक संगोष्ठी के दौरान बतौर मुख्य अतिथि हाईकोर्ट इलाहाबाद के न्यायमूर्ति बीआर सिंह ने विधि क्षेत्र में उत्पन्न होते रोजगार के नए अवसरों तथा वर्तमान चुनौतियों पर महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। उन्होने कहा कि आज के बदलते परिप्रेक्ष्य में विधि क्षेत्र में दक्षता, नयापन और न्यायिक सोच आवश्यक है, जिससे युवाओं को न केवल रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि समाज के विकास में भी उनका योगदान सुनिश्चित होगा। व्यक्ति अच्छा परिश्रम करता है तो पूरी कायनात उसे देखती है। विद्यार्थियों को लॉ के क्षेत्र में वैल्यू के साथ काम करने की आवश्यकता है। दृढ़ संकल्प से तैयारी सफलता दिलाती है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक बालचंद्र सिंह द्वारा जस्टिस सिंह का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करके किया गया। प्राचार्य प्रो. डीके त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए विधि क्षेत्र में युवाओं के समक्ष रोजगार की दिशा में विस्तार से संक्षिप्त रूप से जानकारी दी। अध्यक्ष क्षत्रिय शिक्षा समिति एडवोकेट संजय सिंह ने भी इस महत्वपूर्ण विषय पर अपने अनुभव एवं दृष्टिकोण साझा करते हुए बताया कि विधि क्षेत्र में अनुसंधान, कानूनी सलाहकारिता, विधिक सेवा, न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में रोजगार के अनेक अवसर हैं, जिन्हें आज के युवा सशक्त रूप से अपना सकते हैं। कार्यक्रम संचालन प्रो. निशा सिंह ने किया। इस अवसर पर जनपद के प्रतिष्ठित अधिवक्ता, प्रबंध समिति के सदस्य, शिक्षकगण, राणा प्रताप विधि महाविद्यालय के कर्मचारीगण और छात्रगण उपस्थित रहे। वरिष्ठ साहित्यकार मथुरा प्रसाद सिंह ने न्यायमूर्ति बीआर सिंह को अभिनन्दन पत्र प्रदान किया जिसको उन्होंने पद्य में रचित किया है। कार्यक्रम का समापन एक प्रेरणादायक संदेश के साथ हुआ, जिसमें न्यायमूर्ति ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी क्षमताओं का सही उपयोग करते हुए न्यायिक क्षेत्र में सेवा एवं उन्नति का मार्ग अपनाएं।

## बोलेरो-कार की भिड़ंत

**चांदा, सुलतानपुर।** लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार की दोपहर बड़ा हादसा टल गया। जौनपुर की ओर जा रही एक बोलेरो अनियंत्रित होकर कार से जा टकराई। यह दुर्घटना प्रतापपुर कमैचा गांव के समीप शिव मंदिर स्थित ओवरब्रिज पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बोलेरो अचानक नियंत्रण खो बैठी और तेज रफ्तार में सामने से आ रही कार से भिड़ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो डिवाइडर तोड़ते हुए बीच सड़क पर आकर रुक गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। बोलेरो और कार चालक दोनों ही बाल-बाल बच गए।

संक्षेप

## प्रधानाचार्य और घोष प्रमुख उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित

**मथुरा।** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह 2025 में मथुरा नगर के प्रतिष्ठित कृष्ण चन्द्र गान्धी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज माधवकुञ्ज मथुरा के विद्यालय ने एक बार फिर गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की। विद्यालय को बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह तथा विद्यालय के घोष प्रमुख सीताराम बघेल को राज्य स्तर पर घोष के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर सम्मान प्राप्त करते हुए प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने इस उपलब्धि का श्रेय संपूर्ण विद्यालय परिवार को दिया। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार हमारे श्रेष्ठ आचार्यों की कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। इन्हीं की मेहनत से इस वर्ष हमारे चार छात्र बोर्ड की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर सके। इस सम्मान से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय के अध्यक्ष अशोक कुमार भाटिया, प्रबन्धक समीर बंसल, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, समस्त प्रबन्ध कार्यकारिणी एवं विद्यालय स्टाफ ने दोनों सम्मानित शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान कीं।

# रिक्शा चालक की हत्या, पत्नी के अपहर्ता पांच आरोपी गिरफ्तार



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** महानगर के थाना सदर बाजार क्षेत्र के औरंगाबाद इलाके से गत दिनों एक रिक्शा चालक का संदिग्ध परिस्थितियों में अपहरण हो गया। पति का अपहरण होने के 5 दिन बाद आरोपियों ने उसकी पत्नी का भी अपहरण किया और उसे मारपीट कर मरा हुआ समझकर जंगल में फेंक गए। जहां से पीड़ित पत्नी किसी तरह बचकर घर पहुंची जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। इस मामले में बताया जाता है कि नामजदों ने रिक्शा चालक की कदम्ब विहार में निर्मम हत्या कर शव को पुल से यमुना नदी में फेंक दिया।

गौरतलब हो कि थाना सदर बाजार क्षेत्र के औरंगाबाद इलाके की कृष्णा कुंज कॉलोनी निवासी आनंद का उर्फ सुखा रिक्शा चलाता है। आनंद 1 सितंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। इसकी सूचना परिजनों ने 2 सितंबर को पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आनंद के गायब होने की जांच कर रही थी इसी दौरान जानकारी हुई कि वह गायब नहीं हुआ बल्कि उसका अपहरण किया गया था। सूत्र बताते हैं कि आरोपियों ने 1 सितंबर को आनंद का अपहरण किया और उसके बाद मारपीट कर उसे यमुना में फेंक दिया लेकिन शव अभी तक बरामद नहीं हुआ। पुलिस आनंद के मामले की जांच कर रही थी कि इसी दौरान आरोपियों ने उसकी पत्नी संजू को आनंद के फोन से कॉल कर कहा कि आनंद शराब के नशे

में पड़ा हुआ है उसे ले जाओ। संजू जब मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने उसका भी अपहरण कर लिया और उसे फरह इलाके में ले गए। जहां उसके साथ मारपीट की और मरा हुआ समझ कर उसे जंगल में फेंककर फार हो गए। किसी तरह संजू वहां से निकलकर अपने घर पहुंची और वारदात की जानकारी दी। आनंद 1 सितंबर को बैंक से ढाई लाख रुपए निकाल कर लाया। इसी दौरान उनका अपहरण कर लिया गया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने उसका अपहरण किया और फिर उसे यमुना में फेंक दिया। इसके बाद आरोपी उसकी पत्नी संजू की भी हत्या करने की योजना थी। लेकिन वह किसी तरह बच निकली। मारपीट के कारण संजू के दो दांत टूट गए वहीं उसके गले पर रस्सी के भी निशान थे। इस मामले में आयोजित पत्रकार वार्ता में क्षेत्राधिकारी नगर आशना चैधरी ने बताया कि मृतक के चचेरे भाई आदि ने चोरी के उद्देश्य से इस घटना को अंजाम दिया।

## जनजीवन को दर्शाने का माध्यम है चित्रकला: जिपं अध्यक्ष

**मथुरा।** ब्रज में मंदिरों के अलावा भी ग्रामीण संस्कृति और यहां की प्राचीनकला तथा यहां का जन जीवन देखने योग्य है, सम्पूर्ण ब्रज के जनजीवन को दशार्ने का माध्यम है चित्रकला, जिससे ब्रज को प्रदर्शित किया जा सकता है, ब्रज के जन जीवन को जिस प्रकार से यहां दशार्या गया है, वह पुरानी यादों को ताजा करता है।



यह बात आज जिला पंचायत अध्यक्ष व के.एम. यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति किशन चैधरी ने चित्रकला प्रदर्शनी के समापन के अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढी को इस प्रकार की कला को सिखाने के प्रयास होने चाहिए जिससे युवाओं में भी अपने ग्रामीण जन जीवन से जुड़े रहने का अवसर मिलेगा। इस दौरान जिपंअ और केएमयू के चांसलर सलाहाकार डा. एसपी गोस्वामी ने प्रदर्शनी के सभी चित्रों को बहुत रूचि के साथ देखा और चित्रकार उमाशर्मा द्वारा बनाई कलाकृतियों की प्रशंसा की। इस अवसर पर जिला अस्पताल के सीनियर सर्जन डाक्टर विकास मिश्रा व सीमा मिश्रा व अन्य लोगों ने भी चित्रकला प्रदर्शनी को देखने में विशेष रूचि दिखाई। चित्रकला प्रदर्शनी देखने के उपरान्त जिला पंचायत अध्यक्ष ने ब्रज लोक कला एवं शिल्प संग्रहालय में रखी प्राचीन ग्रामीण वस्तुओं कलाकृतियों का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर गीता शोध संस्थान वृन्दावन में ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डॉ० उमेश चन्द्र शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। सात दिन तक चलने वाली चित्रकला प्रदर्शनी को देखने पहुंचे देशी व विदेशी दर्शकों ने प्रदर्शनी को देखने में खूब रूचि दिखाई। इस अवसर पर गीता शोध संस्थान के डायरेक्टर डॉ. दिनेश खन्ना, महामण्डलेश्वर एस. एस. जौहरी, कल्पना सारस्वत, अर्चना, साधना, नंदिनी, मुकेश सारस्वत, अनिकेत, अनुकृति, कमलेश्वर, तनु शर्मा, प्रीति, शशि, गीता व्याख्याता महेश शर्मा, सुनील शर्मा, गीता शोध संस्थान के कोडिनेटर चन्द्र प्रताप सिंह सिकरवार, आदि उपस्थित थे।

## डीएम व एसएसपी ने पीईटी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया



**फिरोजाबाद।** प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पी0ई0टी0 के सकुशल संचालन के दृष्टिगत जनपद में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने भ्रमण कर जायजा लिया, जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र में बने कंट्रोल रूम को देखने के साथ-साथ सी0सी0टी0वी0 कैमरो इत्यादि को देखा, डीएम एसएसपी ने इस दौरान डी0ए0वी0 इंटर कॉलेज, दाऊ दयाल महिला पी0जी0 कॉलेज, वी0डी0एम0 म्युनिसिपल गर्ल्स इंटर कॉलेज ए0 के0 कॉलेज में बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता, कंट्रोल रूम की जांच की और व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ डिवाइस पर पूर्ण प्रतिबंध का सख्ती से पालन करने और ड्यूटी में तैनात पुलिस की निगरानी को सुदृढ़ करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा भी मौजूद रहें।

## भैंस को लगा करंट तो हो गया बवाल, दो पक्षों में खूनी संघर्ष, छह लोग घायल

**आगरा।** खंदौली थाना क्षेत्र के नगला जालिम गांव में खेत पर लगी झटका मशीन से भैंस को करंट लगने पर दो पक्षों में विवाद बढ़कर खूनी संघर्ष में बदल गया। खंदौली थाना क्षेत्र के नगला जालिम गांव में शुक्रवार दोपहर खेत पर लगी झटका मशीन से भैंस को करंट लगने से दो पक्षों में विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों ओर से लाठी-डंडे और फरसा चले, तीन महिलाओं सहित आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नगला जालिम निवासी महेंद्र सिंह के खेत में फसल लगी हुई है। आरोप है कि पास के खेत में बटाई पर खेती कर रहे पवन, अर्जुन, सुरेश और हरवीर ने झटका मशीन का तार खेत में लगा रखा था। महेंद्र सिंह का कहना है कि भैंस खोलते समय उसे झटका मशीन से करंट लग गया। जब उसने इस पर आपत्ति जताई तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। महेंद्र का आरोप है कि कुछ देर बाद आरोपी उसके घर पर एक राय होकर पहुंच गए और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में बीच-बचाव करने पहुंचे महेंद्र का भतीजा जितेंद्र, पत्नी वर्षा, सुरेश देवी, चंद्रावती और मुरारी लाल भी गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी ने किया ग्राम बेगमपुर, डांगौली अड्डा मल्हान, दौलतपुर व बसाऊं का निरीक्षण

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने यमुना जी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत तहसील मांट के ग्राम डांगौली में स्थापित शेल्टर होम / बाढ़ शरणालय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों से वार्ता की तथा सभी का हाल-चाल जाना। डीएम ने सभी को धैर्य/संयम बनाए रखने हेतु प्रेरित किया तथा कहा कि कुछ दिनों में सब सामान्य हो जाएगा। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य टीम की उपस्थिति चेक की तथा उनके द्वारा दिए जा रहे उपचार की जानकारी ली। ग्राम डांगौली के निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने तहसील मांट के विकास खंड नौहझील के प्राथमिक विद्यालय अड्डा मल्हान में स्थापित बाढ़ राहत शिविर / बाढ़ शरणालय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को दूध, केला, फल, चॉकलेट, बिस्किट आदि का वितरण करने के निर्देश दिए। डीएम ने राहत कैंप में रह रहे बाढ़ प्रभावित परिवारों से कुशलक्षेम जाना। ग्राम अड्डा मल्हान के निरीक्षण के उपरांत डीएम ने तहसील मांट के ग्राम दौलतपुर में स्थापित बाढ़ शरणालय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने माइक के माध्यम से ग्रामवासीयों से अपील की कि आप सभी अपनी सुरक्षा के दृष्टिगत बाढ़ राहत शिविरों में शिफ्ट हो जाए। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि उक्त कार्य को प्राथमिकता पर करे। डीएम ने उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को ससमय भोजन एवं अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने आम-जनमानस से यमुना जी/ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के पास न जाने की अपील की। जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित ग्राम बसाऊं का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों की सुविधाओं हेतु भोजन, पेयजल, साफ-सफाई, शौचालय, मेडिकल टीम, विद्युत, जेनरेटर, पंखे, गद्दे, चादर, तकिया आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को सुरक्षित बाढ़ शरणालय स्थलों पर ससमय पहुंचाया जाए। डीएम ने विभिन्न परिवारों की समस्याओं को सुना तथा अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उप डीएम को निर्देश दिए कि सभी पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करे, भोजन की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। कोई भी पशु भूखा नहीं रहना चाहिए।

# संस्कृति विवि में रंगारंग कार्यक्रमों से मना शिक्षक दिवस

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने शिक्षकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों के महत्व पर कहा कि आपके अंदर वह सामर्थ्य है जो एक सामान्य शिक्षार्थी को उदीयमान विद्यार्थी बना दें। शिक्षकों के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है और उन्हें इस जिम्मेदारी को समझते हुए विद्यार्थियों को अपना श्रेष्ठतम देना चाहिए।



डा. गुप्ता ने कहा कि आज के समय में शिक्षकों को स्वयं भी लगातार हो रहे परिवर्तनों से सामंजस्य बनाए रखना होता है। जो शिक्षक अपने विषयों में अपडेट होते रहते हैं वही विद्यार्थियों को सही शिक्षा दे पाते हैं। उन्होंने विवि के शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए समर्पण और लगन के साथ छात्रों का उत्थान जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान उन मार्गदर्शकों का सम्मान किया जिनके मार्गदर्शन से छात्रों का भविष्य बनता है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शिक्षकों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के स्तंभ के रूप में महत्व दिया गया। समारोह की शुरूआत गणमान्य व्यक्तियों के पारंपरिक स्वागत के साथ टीका और उपहारों के साथ हुई, जिसके बाद कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता और सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने विश्वविद्यालय के वरिष्ठ सदस्यों के साथ दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में सम्मानित संकाय सदस्यों द्वारा काव्य पाठ और व्यक्तिगत विचार प्रस्तुत किए गए। डॉ. के. के. पाराशर और श्री बैरिस्टर सिंह ने भावपूर्ण कविताएँ सुनाईं, जबकि डॉ. फहीम अख्तर ने कक्षा के अनुभव साझा किए, जिसमें शिक्षकों और छात्रों के बीच के संबंधों पर प्रकाश डाला गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने इस अवसर को और भी जीवंत बना दिया, जिसमें गौरव सर्वांग, हर्ष सिंह, दिशा शर्मा और कंचरस तोगी ने एक गतिशील नृत्य प्रस्तुति दी जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नंदिनी व्यास और शीतल कुशवाहा की अन्य प्रस्तुतियों ने मंच पर विविधता और उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम में मनोरंजक खेल और गतिविधियाँ भी शामिल थीं, जिन्हें संकाय के लिए सोच-समझकर आयोजित किया गया था, जिससे आनंद और एकजुटता का माहौल बना। पुरुष और महिला दोनों संकाय सदस्यों की उत्साही भागीदारी ने समारोह को जीवंत और यादगार बना दिया। कार्यक्रम का संचालन शिवम भारद्वाज, संस्कृति स्कूल आफ होटल मैनेजमेंट के डीन डा.रतीश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में आयोजन में सुश्री शुभ्रा पांडे (सहायक प्रोफेसर) और अन्य संकाय सदस्यों ने विशेष रूप से सहयोग किया। समारोह का समापन एक जोशीले नृत्य प्रदर्शन के साथ हुआ, जिसने एकता, सम्मान और आनंद की अनमोल यादें अपने पीछे छोड़ दीं।

## जीजा के मुंह में कपड़ा ठूंस अपहरण करने वालों में एक को जेल भेजा

**आगरा।** खंदौली के खेरिया गांव में ससुराल विवाद के चलते साले अपने जीजा को रस्सी से बांधकर कार की डिक्की में डालकर अगवा कर ले गए। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने पीछा कर पीड़ित को छुड़ाया। एक आरोपी को जेल भेजा गया, जबकि बाकी फरार हैं। पीड़ित का अस्पताल में इलाज चल रहा है। खंदौली थाना क्षेत्र के गांव खेरिया में बहन की पिटाई करने से नाराज उसके भाइयों ने अपने जीजा को हाथ-पैर और मुंह बांधकर कार की डिकी में रखकर अगवा कर ले गए थे। पुलिस ने किसान की पत्नी के तीन भाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने एक आरोपी को जेल भेज दिया। वहीं जीजा का अस्पताल में उपचार चल रहा है। खेरिया गांव निवासी हरदेव सिंह का आरोप है कि वह बृहस्पतिवार सुबह घर में पूजा-पाठ कर रहे थे। तभी सादाबाद के गांव विलारा निवासी राजपाल, सत्यपाल और धर्मपाल अपने साथियों के साथ आए। मारपीट कर रस्सी से हाथ-पैर बांध दिए। मुंह पर कपड़ा बांध दिया। इसके बाद डिकी में रखकर अगवा कर ले गए थे। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की। पड़ाव चौराहे पर कार को रोककर हरदेव को मुक्त कराया गया था। पुलिस के सामने ही दोनों पक्षों में गाली गलौज और मारपीट हुई थी। पुलिसकर्मियों से भी धक्का-मुक्की की गई। किसान हरदेव सिंह को बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि जिस समय घटना हुई, उस समय आरोपी सत्यपाल सिंह पहले से ही चौकी पर था। वह अपने जीजा हरदेव सिंह की शिकायत करने आया था। जांच में पाया गया कि सत्यपाल अपहरण की घटना में शामिल नहीं था। इस पर उसका शांति भंग की धारा में चालान किया गया है। हालांकि हरदेव ने उसे भी अपहरण में शामिल बताया है। एसीपी एत्मादपुर देवेश सिंह के मुताबिक, पुलिस ने राजपाल को जेल भेजा है। अन्य की तलाश की जा रही है।

## शिक्षामित्रों ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**मथुरा।** उप्रप्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर शनिवार को संघ के जिला अध्यक्ष खेमसिंह चैधरी के नेतृत्व में अपने 6 सूत्रीय मांगों के संदर्भ में दर्जनों शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम के माध्यम से कार्यालय में दिया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि उत्तर प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में विगत 25 वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षामित्र जो कि स्नातक बीटीसी उत्तीर्ण है। मंहगाई के इस दौर में शिक्षामित्रों को मात्र 10,000/- 11 माह का मानदेय विगत 2017 से मिल रहा है, जिससे शिक्षामित्रों के परिवार का पालन पोषण नहीं हो पा रहा है। इस कारण शिक्षामित्र आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान होकर आत्म हत्या जैसे प्राणघातक कदम उठा रहे है। प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा के निर्देशन में निदेशक की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन 14 नवम्बर, 2023 में किया गया था।

# बारावफात के जुलूस में हुड़दंग करने वाले 33 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा



- 14 बाइककें सीज की गयीं ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने पर एसएसपी ने 5 पुलिसकमीयी को निलंबित किया

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम ने शुक्रवार को बारावफात के जुलूस की समाप्ति के बाद गैरपरम्परागत मार्ग पर हुडदंग करने वाले 33 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की है। साथ ही 14 मोटरसाइकिलें सीज की गयी हैं। दिनांक 05.09.2025 को बारावफात के जुलूस के बाद 40 से 50 नवयुवक गैरपरम्परागत मार्ग से हुड़दंग करते हुए वापस जा रहे थे। पुलिस द्वारा वीडियो के आधार पर तत्काल कार्यवाही करते हुए लोगों को चिह्नित किया गया जिसमें थाना उत्तर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा वीडियो के आधार पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना उत्तर पर तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया गठित पुलिस टीम द्वारा वीडियो के आधार पर तत्काल कार्यवाही करते हुए लोगों को चिह्नित कर 33 अभियुक्तों को तीन अलग-अलग स्थानों से 14 मोटर साइकिलों सहित गिरफ्तार किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करते हुए जिला कारागार भेजा है। वहीं 14 मोटरसाइकिलों को सीज किया गया है। साथ ही 5 पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने पर निलंबित किया गया है।

## जीएसटी पर सरकार जनता को घुमा रही बच्चों की कॉपी-किताबें 6% तक महंगी

**आगरा।** बच्चों की पढ़ाई-लिखाई अब और महंगी हो गई है। नई जीएसटी दरों ने स्कूल बैग, कॉपी और किताबों की कीमतों में सीधा इजाफा कर दिया है। सरकार भले ही यह प्रचार कर रही हो कि कॉपियों को करमुक्त कर दिया गया है, लेकिन असलियत यह है कि कागज पर 18% जीएसटी थोपने से कॉपी और किताब दोनों ही 6% से ज्यादा महंगी हो गई हैं। इससे सीधे तौर पर हर घर के बजट पर बोझ बढ़ेगा। सरकार का दावा है कि कॉपी को करमुक्त कर दिया गया है, जिससे आम जनता को राहत मिलेगी। लेकिन हकीकत इसके उलट है। करमुक्त वस्तुओं पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (कळउ) का लाभ नहीं मिलता। इस बीच कागज पर जीएसटी की दर 12% से बढ़ाकर 18% कर दी गई है। ागरा कागज व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष विजय बंसल का कहना है कि सरकार जनता को गुमराह कर रही है। कॉपी और किताबों को करमुक्त बताकर प्रचार किया जा रहा है, जबकि वास्तव में कागज पर बढ़े टैक्स ने इनकी कीमतें आसमान पर पहुंचा दी हैं। शिक्षा सामग्री का महंगा होना सीधे-सीधे पढ़ने वाले बच्चों और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ है। विजय बंसल कहते हैं, कॉपी निमार्ता को अब कागज 18% जीएसटी के साथ खरीदना पड़ेगा। पहले वह 12% पर कागज खरीदकर उसी दर पर कॉपी बेचता था, जिससे केवल निर्माण लागत पर ही कर देना पड़ता था। लेकिन अब बढ़ी हुई दरों से कॉपियों की कीमत 6% से अधिक बढ़ जाएगी। कॉपी की तरह किताबों पर भी असर पड़ा है। प्रकाशकों को अब 18% पर कागज खरीदना होगा। इससे उनकी लागत मूल्य सीधे तौर पर बढ़ेगी और किताबें भी कम से कम 6% महंगी हो जाएंगी। सही मायनों में सरकार की नई जीएसटी नीति ने शिक्षा को सुलभ बनाने की जगह महंगा कर दिया है। कॉपी और किताबें दोनों ही अब 6% तक महंगी हो चुकी हैं।

## यमुना का पानी खादर तक पहुंचा, किसान चिंतित



**टूंडला।** पिछले एक हफ्ते से कालिंदी का जलस्तर निरंतर बढ़ रहा है। कालिंदी का जलस्तर बढने से किसानों की खादरों में स्थित कई बीघा फसल जलमग्न हो चुकीं हैं। नदी के पानी ने अब गांवों की ओर रूख करना शुरू कर दिया है। जिससे ग्रामीणों में हड़कम्प मचा हुआ है। कालिंदी का जलस्तर बढने से किसानों की खादरों में स्थित कई बीघा बाजरा, मक्का, तिलहन व सब्जियों की फसल जलमग्न हो चुकीं हैं। सुबह से दो फुट यमुना नदी का जलस्तर में तेजी से बढ़ रहा है। यही कारण है कि नदी का जो पानी अब तक खादर की फसलों तक ही सीमित था अब पानी गांवों की ओर बढ़ने लगा है। खादर में बसे गांवों के किनारे तक पानी पहुंच गया है। जिससे किसानों में हड़कम्प मचा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है यदि नदी का पानी इसी भांति बढ़ता रहा तो खादर की कई गांव उसकी जद में आ जायेंगे। यदि ऐसा हुआ तो फिर जान माल का बड़ा नुकसान होना सकता है।

## आगरा में जर्जर बिल्डिंग मालिकों को दिये जा रहे नोटिस, 17 को निकलेगी रामबारात

**आगरा।** एतिहासिक रामबारात 17 सितंबर को निकलेगी। इस देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। रामबारात में निकलने वाली झांकियों को देखने के लिए लोग छतों और छज्जों पर एकत्रित हो जाते हैं। ऐसे में जर्जर भवन खतरनाक साबित हो सकते हैं। ऐसे में श्रीराम की बारात को सुरक्षित तरीके से निकालने के लिए नगर निगम सतर्क हो गया है। नगर निगम द्वारा चिह्नित जर्जर बिल्डिंगों पर लाल झंडियां लगाकर लोगों को पहले से सावधान किया जाएगा। निगम द्वारा कराए गए सर्वे में शोभायात्रा मार्ग पर चार दर्जन से अधिक जर्जर भवन चिह्नित किए गए हैं। इन भवनों के छज्जे और ऊपरी हिस्से काफी कमजोर हालत में पाए गए हैं, जो किसी भी समय हादसे को जन्म दे सकते हैं। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल के निर्देश पर मुख्य अभियंता (निर्माण) बीएल गुप्ता के नेतृत्व में निगम की टीम ने रावतपाड़ा, दरेसी क्षेत्र, छत्ता बाजार, कचहरी घाट, बेलनगंज, धूलियागंज, किनारी बाजार, सिटी स्टेशन रोड, छिली ईंट घटिया, फुलट्टी बाजार और सेब का बाजार जैसे क्षेत्रों का सर्वे किया। यह सभी इलाके राम बारात शोभायात्रा मार्ग का हिस्सा हैं। सर्वे के बाद निगम ने जर्जर और कमजोर छज्जों वाले भवनों के स्वामियों को नोटिस जारी कर दिया है। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि भवन स्वामी अपने स्तर पर छज्जों और मकानों को सुरक्षित करें। साथ ही शोभायात्रा के दौरान इन भवनों का उपयोग न करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी अप्रिय घटना की आशंका से बचा जा सके। नगर निगम ने इन भवनों की सूची जिला प्रशासन और पुलिस कमिश्नर कार्यालय को भी भेज दी है। जिससे कि सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए जा सकें। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने बताया कि राम बारात मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। निगम की टीम ने जिन भवनों को जर्जर पाया है, उनके स्वामियों को नोटिस जारी कर दिया गया है।

# रौद्र रूप में यमुना, विश्राम व बंगाली घाट से पानी सड़कों तक पहुंचा

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** यमुना का जलस्तर निरंतर बढ़ने से पानी बाजारों में आने लगा है। यमुना का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। तेजी से बढ़ते जल की आवाज सुनकर ही लोग सिहर उठते हैं। लगातार जल वृद्धि के कारण निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की मुसीबतें बढ़ गई हैं। अभी जलवृद्धि और होने की संभावना जतायी जा रही है। बढ़ते जलस्तर के चलते यमुना के सभी घाट चपेट में हैं। बुर्जियां, घाटों पर लगी कुर्सियां सभी डूबती जा रही हैं। बंगाली घाट से लेकर विश्राम घाट तक सड़कों पर पानी बहने लगा है। इधर स्वामी घाट क्षेत्र और असकुंडा घाट भी जलवृद्धि कीचपेट में हैं। जबकि स्वामी घाट से लेकर कंसकिला और आकाशवाणी तक के क्षेत्रों में पानी का असर भयानक दिखाई पड़ रहा है। आसपास रहने वाले लोग चिंतित हैं। जयसिंहपुरा क्षेत्र में तमाम कालोनियां यमुना के बाढ़ की चपेट में हैं। वृन्दावन और उससे जुड़े



ग्रामीण अंचल और यमुना किनारे बसे इलाकों में लोग परेशान हैं। खाने-पीने की परेशानी सामने आ गई है, वहीं पशुओं को कहां ले जाएं यह चिंता लोगों को सता रही है। निरंतर जलवृद्धि के चलते मथुरा वृन्दावन के घाट लगभग डूबते जा रहे हैं। विश्राम घाट पर आरती स्थान और मंदिर पानी की चपेट में हैं। लगातार जलवृद्धि से बाजारों तक पानी पहुंच रहा है। इस सबसे आसपास के क्षेत्रों में गंदगी फैलती जा रही है। लोग अभी और पानी आने की संभावना से भयभीत हैं। हालांकि प्रशासन इसके लिए निरंतर निरीक्षण कर रहा है और लोगों की परेशानी समझते हुए निदान में लगा है। बाढ़ शरणालय स्थल पर भी अफसरों का ध्यान है।

पीड़ितों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया जा रहा है। यमुनाजल की स्थिति दिन-ब-दिन भयावह हो रही है। रेल पुल से यमुना का रौद्र रूप दिखाई पड़ रहा है। ग्रामीण इलाकों में भी लगातार बाढ़ का पानी बढ़ने से ग्रामीणों के आगे समस्या खड़ी हो गई है। पशु चारा के अलावा पशुपालन व परिवार का भोजन और रहन-सहन अव्यवस्थित हो गया है। अभी जलस्तर कम होने की संभावना नहीं है। यमुना से जुड़े मांट, नौहझील के ग्रामीण इलाकों में भी स्थिति खराब है। लोग भगवान का नाम लेकर समय काट रहे हैं। मौसम के बिगड़ते मिजाज और बांधों से छोड़े जा रहे पानी के कारण परेशानियां बढ़ गई हैं। वहीं वृंदावन के ज्ञानगुदड़ी इलाके में यमुना का पानी प्रवेश कर चुका है। मथुरा वृंदावन और यमुना से लगी सैकड़ों कॉलोनियां इस समय बाढ़ की चपेट है। वृंदावन में यमुना जल से करीब एक किमी दूर ज्ञानगुदड़ी इलाके में यमुना का पानी पहुंच गया है। परिक्रमा मार्ग और यमुना किनारा क्षेत्र की बात करें तो चीरघाट, केशीघाट पानी में डूब गए हैं। यमुना का जल जगन्नाथ घाट पर पहुंच गया है। यमुना का पानी वराह घाट पर दो फीट तक बह रहा है तथा कालीदह पर 4 फीट तक सड़कों पर यमुना का पानी है।

## जल प्रभावित लोगों से मिले विधायक

**मथुरा।** गोवर्धन विधायक मेघश्याम सिंह ने आज अपने विधानसभा गोवर्धन के अंतर्गत सौंख, रसुलपुर, लोरिहापट्टी, नगला, खारी, मगोर्रा, बछगांव अपने विधानसभा गोवर्धन के अंतर्गत गांव में जल प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। आपदा की इस घड़ी में उनकी पीड़ा को समझा और हर संभव सहायता व सहयोग का आश्वासन दिया। संकट के समय जनता की सेवा ही हमारा पहला धर्म है, उनके सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ा रहना मेरा संकल्प है। इस अवसर पर सौंख चेयरमैन मण्डल महामंत्री हेमराज कुंतल विजय सिंह ओमवीर सिंह पालेन्द्र प्रधान दौलत प्रधान व पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



संक्षेप

## अमेरिकी नियोक्ताओं में बेरोजगारी बढ़ी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आर्थिक नीतियों पर अनिश्चितता के बीच श्रम बाजार में नरमी के चलते अमेरिकी नियोक्ताओं ने पिछले महीने केवल 22,000 नौकरियां जोड़ीं। श्रम विभाग ने कहा कि इससे पहले जुलाई 2025 में 79,000 नियुक्तियां हुई थीं। श्रम विभाग ने कहा कि बेरोजगारी दर बढ़कर 4.3 प्रतिशत हो गई, जो अनुमान से अधिक और 2021 के बाद से उच्चतम स्तर पर है। श्रम विभाग ने एक महीने पहले जब नौकरियों पर निराशाजनक रिपोर्ट जारी की थी, तो ट्रंप ने गुस्से में आंकड़ों को संकलित करने के प्रमुख अर्थशास्त्री को बर्खास्त करके और उनकी जगह अपने एक भरोसेमंद को नामित कर दिया था। ट्रंप ने इन आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रोगजार के वास्तविक आंकड़े एक साल बाद सामने आएंगे। अर्थशास्त्री हीथर लॉन्ग ने कहा कि श्रम बाजार में कमजोरी के संकेत दिख रहे हैं, हालांकि यह अभी तक कोई खतरे की घंटी नहीं है। लेकिन इस बात संकेत बढ़ते जा रहे हैं कि कंपनियां कर्मचारियों की छंटनी शुरू कर रही हैं।

## दिल्ली में माप उल्लंघन पर देना होगा ज्यादा जुर्माना

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार खुले और पैकेटबंद सामानों के लिए गैर-मानक वजन और माप के उपयोग के खिलाफ निर्धारित दिशानिर्देशों के उल्लंघन पर जुर्माना बढ़ाने की तैयारी में है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। संशोधित नियमों के मसौदे में फेरीवालों को भी शामिल किया गया है, जिन पर तय वजन, माप और संख्या का उल्लंघन करने पर 500 रुपये का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। शनिवार को प्रकाशित दिल्ली विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) संशोधन नियम, 2025 की मसौदा अधिसूचना के अनुसार, हितधारक एक महीने के भीतर दिल्ली सरकार के नियंत्रक कानूनी माप विज्ञान को अपनी आपत्तियां और सुझाव दे सकते हैं, जिसके बाद सरकार इसे लागू करने पर विचार करेगी।

## 23वां द्विवार्षिक सम्मेलन संपन्न

कानपुर। ऑल इंडिया सीजीएचएस कर्मचारी संगठन का 23वां द्विवार्षिक सम्मेलन राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्वप्निल शिंदे को राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा शशिकांत शर्मा को राष्ट्रीय महासचिव के पद पर मनोनीत किया गया। इसमें कानपुर और दिल्ली शाखाओं का उल्लेखनीय योगदान रहा। वहीं, दिल्ली शाखा से सत्यनारायण (अध्यक्ष, दिल्ली शाखा), तिलक राज राणा, जय भगवान (महासचिव, दिल्ली शाखा) और विनीत चौहान जैसे पदाधिकारी सक्रिय रूप से जुड़े रहे।

## न्यू रेनो काइगर लॉन्च

लखनऊ। न्यू रेनो काइगर की भव्य लॉन्चिंग की गई। नई रेनॉल्ट काइगर में 35 से अधिक डिजाइन, सुविधा एवं सुरक्षा से जुड़ी खूबियाँ जोड़ी गई है, जो



इसे और भी दमदार बनाती हैं। इसकी मुख्य विशेषताओं में 22 नए इंटीरियर और एक्सटीरियर अपग्रेड 3 डुअल टोन व 6 मोनो टोन रंगों के नए विकल्प 7 नई कंफर्ट फीचर्स जैसे वायरलेस स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, ऑटो हैडम्लैंप्स है।

## एडैप्टिव रेडियेशन थेरेपी के क्षेत्र में परिवर्तन ला रहा है इलेक्टा

लखनऊ। भारत में हर साल कैंसर के 1.4 मिलियन (14 लाख) नए मरीज सामने आते हैं। इनमें से ज्यादातर मरीजों में कैंसर का निदान काफी एडवांस्ड स्टेज में पहुँचने के बाद होता है। लेकिन फिर भी कैंसर के इलाज के लिए एडवांस्ड रेडियेशन थेरेपी की उपलब्धता काफी असमानतापूर्ण बनी हुई है। मुख्यतः मेट्रो शहरों के बाहर स्थिति और अधिक चिंताजनक है। एडवांस्ड रेडियेशन थेरेपी में कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने और ट्यूमर को सिकोड़ने के लिए अत्यधिक उच्च तीव्रता की एक्स-रे का उपयोग किया जाता है।

## जश्न का जोश भर मचाई धूम

नयी दिल्ली। रॉयल चैलेंज अमेरिकन प्राइड ने रेडियो नाइट्स की शुरूआत की और शहर में जश्न का जोश भर दिया। बिग डैडी का मकसद युवाओं को अमेरिकाना की भावना, आजादी और सांस्कृतिक खोज का अनुभव देना है। ये एक नया और ताजा अंदाज है। आज का युवा सिर्फ. ऐसे अनुभव चाहता है जो उसकी पहचान और सोच को दर्शाएं। उसी सोच का विस्तार है एक ऐसा प्लेटफॉर्म जहां उपभोक्ता सीधे ब्रांड से जुड़ सकते हैं।



# सीतारमण ने राज्यों के वित्त मंत्रियों का आभार जताया



नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सभी राज्यों के वित्त मंत्रियों को पत्र लिखकर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव को लागू करने में उनके समर्थन और सक्रिय भूमिका के लिए आभार व्यक्त किया है।

सीतारमण ने कहा कि राज्यों ने कर दरों में बदलाव के प्रस्ताव पर अपने विचार रखे, लेकिन अंततः इस बात पर सहमत हुए कि जीएसटी दरों में कटौती आम आदमी के हित में है। इसी तर्क के आधार पर इस सप्ताह की शुरुआत में जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी दरों में कटौती का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। जीएसटी परिषद की बैठक में तीन सितंबर को जीएसटी में व्यापक सुधारों पर सहमति बनी थी। इसके तहत मक्खन से लेकर चॉकलेट, शैंपू से लेकर ट्रैक्टर और एयर कंडीशनर तक कई उत्पादों की दरें कम हुई हैं। सिगरेट, तंबाकू जैसे अहितकर वस्तुओं समेत जीएसटी के दायरे में आने वाली सभी वस्तुओं पर नयी दरें 22 सितंबर से लागू होंगी। जीएसटी परिषद की अध्यक्षता सीतारमण कर रही हैं और इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कल मैंने राज्यों के वित्त मंत्रियों को पत्र लिखकर उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि आप कितनी भी गहन चर्चा और तर्क कर सकते हैं, लेकिन अंततः परिषद ने इस अवसर पर कदम उठाया और देश के सभी लोगों को राहत प्रदान की। और मैं इस सद्भावपूर्ण रुख के लिए आभारी हूं। इसलिए मैंने यह पत्र लिखा। सीतारमण ने कहा कि परिषद का काम वाकई उल्लेखनीय रहा है। केंद्र के प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा के लिए परिषद की तीन सितंबर से दो दिन की बैठक होनी थी, लेकिन दिन भर चली लंबी बैठक के बाद पहले ही दिन इसे मंजूरी दे दी गई। सीतारमण ने कहा, परिषद की भावना यह थी कि यह एक ऐसा प्रस्ताव है, जिससे निस्संदेह आम आदमी को लाभ होगा। इसके खिलाफ खड़े होने का कोई मतलब नहीं है... आखिरकार सभी एक अच्छे उद्देश्य के लिए एक साथ आए और मैं सचमुच बहुत आभारी हूं। मंत्री ने कहा कि राज्य हमेशा से दरों में कमी के पक्ष में रहे हैं और उनकी एकमात्र चिंता कर कटौती के बाद उनके राजस्व पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर थी। मैंने उनसे अपील की थी, देश के लोगों की खातिर, कृपया...। सिर्फ राज्य ही नहीं, केंद्र भी इस कटौती से प्रभावित होने वाला है। लेकिन हम इसकी भरपाई कर लेंगे, क्योंकि एक बार दरें कम हो जाएंगी, तो लोग खरीदारी के लिए निकलेंगे और इससे का मुद्दा सुलझ जायेगा।

# विदेशी मुद्रा भंडार 3.51 अरब डॉलर बढ़कर 694.23 अरब डॉलर पर



मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 29 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 3.51 अरब डॉलर बढ़कर 694.23 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.39 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर रह गया था।

जारी आंकड़ों के अनुसार, 29 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.69 अरब डॉलर बढ़कर 583.94 अरब डॉलर हो गयी। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.77 अरब डॉलर बढ़कर 86.77 अरब डॉलर हो गया। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) चार करोड़ डॉलर बढ़कर 18.77 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 1.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.75 अरब डॉलर हो गया।

# अमेरिका में हुंदै के कारखाने पर छापा, 475 लोग हिरासत में

एलाबेल (अमेरिका)। अमेरिका में आव्रजन अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने जॉर्जिया में एक विशाल विनिर्माण स्थल पर छापा मारा, जहां कोरियाई वाहन कंपनी हुंदै इलेक्ट्रिक वाहन बनाती है।

उन्होंने कहा कि इस दौरान 475 लोगों को हिरासत में लिया, जिनमें से ज्यादातर दक्षिण कोरियाई नागरिक हैं। गृह सुरक्षा जांच के प्रमुख जॉर्जिया एजेंट स्टीवन श्रैंक ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह छापा मारने से पहले उस स्थल पर अवैध रूप से काम पर रखने के आरोपों की महीनों तक जांच की गई थी। इस कारखाने में हंदै मोटर समूह ने एक साल पहले 7.6 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश से इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्माण शुरू किया था। इस सप्ताह दायर किए गए अदालती रिकॉर्ड से संकेत मिलता है कि अभियोजकों को यह नहीं पता कि सैकड़ों अवैध विदेशियों को किसने काम पर रखा था। अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय ने बृहस्पतिवार को अदालत में दायर एक दस्तावेज में लिखा, अवैध विदेशियों को काम पर रखने वाली वास्तविक कंपनी या ठेकेदार की पहचान फिलहाल अज्ञात है। दूसरी ओर दक्षिण कोरिया की सरकार ने पूरे मामले पर चिंता जताते हुए अपने नागरिकों को निशाने पर चिंता और खेद जताया है।

# फर्जीवाड़ा पर सेबी ने निवेशकों को किया आगाह



नयी दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों को आगाह किया कि वे सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर उसके नाम से प्रसारित हो रहे धोखाधड़ी वाले संदेशों और सूचनाओं को लेकर सतर्कता बरतें।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेशकों से कहा कि वे ऐसे संदेशों के आधार पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने या धनराशि देने से बचें। सेबी ने कहा कि उसके संज्ञान में कई ऐसे मामले आए हैं जिनमें धोखेबाजों ने सेबी अधिकारियों के रूप में खुद को पेश करने के साथ प्रतीक चिह्न (लोगो), लेटरहेड और मुहर का दुरुपयोग किया तथा फर्जी ई-मेल आईडी बनाकर संदेश भेजे। कुछ मामलों में तो इन धोखेबाजों ने सेबी के नाम से फर्जी नोटिस जारी कर अनुपालन सेवाओं, दंड या जुर्माना भरने के नाम पर धन की भी मांग की। सेबी ने एक बयान में कहा, भोले-भाले निवेशक इन धोखेबाजों पर विश्वास कर अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं। उसने लोगों से अधिक सतर्क रहने का आह्वान किया। नियामक ने निवेशकों से कहा है कि वे किसी भी सूचना या भुगतान संबंधी संदेश की प्रामाणिकता जरूर जांच लें और गैर-आधिकारिक ईमेल आईडी से आए संदेशों का जवाब न दें। निवेशकों की सुरक्षा के लिए सेबी ने स्पष्ट किया कि उसके सभी प्रवर्तन कार्वाई के विवरण उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। सेबी को किसी भी निपटान या वसूली संबंधी भुगतान केवल उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के जरिये ही किए जा सकते हैं। बयान के मुताबिक, सेबी से आने वाले असली ई-मेल केवल उन पते से भेजे जाते हैं, जिनके अंत में सेबी.गॉव.इन लिखा होता है। इसके अलावा सेबी के कार्यालयों के पते भी उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। सेबी ने निवेशकों को फर्जीवाड़े से सावधान करने के लिए जून में भी इसी तरह की चेतावनी जारी की थी।

# कर सुधारों से 10 फीसद की वृद्धि दर हासिल होगी

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि कर सुधारों की मदद से भारत को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि इन सुधारों में निकट भविष्य में देश को 10 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने में सक्षम बनाने की क्षमता है। मुख्यमंत्री ने यहां मध्यस्थता पर एक सम्मेलन में कहा भारत 2047 के आसपास विश्व स्तर पर शीर्ष अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

इस कार्यक्रम में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीशों ने भाग लिया। सभी कर सुधारों के साथ, हम अभी छह से सात प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रहे हैं। निकट भविष्य में 10 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की क्षमता है। अगर ये सभी बातें हो जाती हैं, तो भारत को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि ईएंडवाई ने भविष्यवाणी की है कि भारत 2038 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि 11 साल पहले भारत 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, लेकिन अब यह चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। नायडू ने कहा कि आबादी संबंधी लाभ से बढ़त पाने वाली अर्थव्यवस्था को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा एक मजबूत नेता मिला है। यह लोकतंत्र और कानून के शासन की रक्षा करती है।

# सीमेंट पर जीएसटी में कटौती से बुनियादी लागत होगी कम

नयी दिल्ली। एक प्रमुख निर्माण सामग्री - सीमेंट पर जीएसटी को तर्कसंगत बनाने से बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की पूंजीगत लागत कम करने और नकदी प्रवाह की स्थिति में सुधार लाने में मदद मिलेगी। उद्योग के जानकारों का यह मानना है।

जीएसटी परिषद ने बुधवार को अपनी 56वीं बैठक में कई वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती को मंजूरी दी। सीमेंट पर परिषद ने शुल्क को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने की सिफारिश की। नई वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर 22 सितंबर से प्रभावी होगी। सरकार ने सीमेंट जैसी महत्वपूर्ण निर्माण सामग्री पर जीएसटी कम करने का एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इसे तर्कसंगत बनाने से बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा मिलने और इसके आर्थिक विकास में उत्प्रेरक का काम करने की उम्मीद है। प्रमुख लागत वस्तुओं पर प्रस्तावित कटौती से सड़क क्षेत्र को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा, निर्माण लागत कम होगी और बेहतर नकदी प्रवाह डेवलपर की वित्तीय स्थिति को मजबूत करेगा। सीमेंट पर जीएसटी में कमी से कार्यशील पूंजी की उपलब्धता बढ़ने, नकदी प्रवाह दक्षता में सुधार और परियोजनाओं को पूरा करने की समय-सीमा में तेजी आने की उम्मीद है। इस सुधार से निजी क्षेत्र के पूंजीगत व्यय को बढ़ावा मिलने और इस क्षेत्र में अधिक निवेश आकर्षित होने की संभावना है।

प्रमुख निर्माण सामग्री पर जीएसटी में कमी से इनपुट लागत में उल्लेखनीय कमी आने, परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आने और इस क्षेत्र को आवश्यक गति मिलने की उम्मीद है। सीमेंट और इस्पात परियोजना लागत का लगभग 40-45 प्रतिशत हिस्सा होते हैं, इसलिए इस बदलाव (जीएसटी में कमी) से सामग्री कर का बोझ लगभग 10 प्रतिशत कम हो जाएगा। इस तरह की बचत, परियोजनाओं को अधिक लाभप्रद बनाएगी, क्रियान्वयन में तेजी लाएगी और सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देगी।

# टोयोटा इनोवा ने पूरे किये 20 साल, मनाया जश्न

लखनऊ। टोयोटा इनोवा ने पूरे किए 20 गौरवशाली वर्ष 12 लाख ग्राहकों का विश्वास सनी टोयोटा में हुआ भव्य समारोह टोयोटा इनोवा, जिसने भारत में पिछले दो दशकों से लाखों ग्राहकों का दिल जीता है, आज अपने 20 गौरवशाली वर्षों का जश्न मना रही है। इस दौरान इनोवा ने 12 लाख से अधिक संतुष्ट ग्राहकों का विश्वास अर्जित किया है और भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग में विश्वसनीयता, मजबूती और आराम का प्रतीक बन चुकी है। इस विशेष अवसर पर सनी टोयोटा में भव्य समारोह आयोजित किया गया, जहाँ टोयोटा इनोवा का अनावरण बृजेश सिंह, जीएम सेल्स द्वारा किया गया। इस मौके पर ग्राहकों और डीलरशिप टीम ने इनोवा की शानदार यात्रा को सेलिब्रेट किया। टोयोटा इनोवा सिर्फ एक कार नहीं, बल्कि भारतीय परिवारों का भरोसा और भावनाओं का हिस्सा है। 20 साल की इस यात्रा में 12 लाख से ज्यादा ग्राहकों ने जिस तरह हम पर विश्वास जताया है। वह हमारे लिए गर्व की बात है।

# भारतीय किसानों की कीमत पर अमेरिका के साथ कृषि आयात पर कोई समझौता नहीं: चौहान



भोपाल। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि भारतीय किसानों के हितों की कीमत पर अमेरिका के साथ कृषि उत्पादों के आयात को लेकर कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के बाद नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। इस वृद्धि में भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है। जब उनसे एक संवाददाता सम्मेलन में पूछा गया कि क्या अमेरिकी कृषि उपज पर आयात शुल्क में थोड़ी रियायत देकर भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने की कोई गुंजाइश है, तो उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने कहा है कि किसानों के हितों की कीमत पर कोई समझौता नहीं होगा। उनके हितों की रक्षा की जाएगी। विपक्ष के इस आरोप पर कि ट्रंप द्वारा शुल्क लगाए जाने के कारण ही जीएसटी संरचना में बदलाव किए गए हैं, उन्होंने कहा कि भारत में होने वाले हर अच्छे काम के पीछे वे ट्रंप को देखते हैं... प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया को दिखाया है कि उनके लिए देश का हित सर्वोपरि है और इस पर कोई समझौता नहीं होगा। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि हमारे किसानों, मुर्गी पालकों, मछुआरों और गरीबों के हितों की रक्षा की जाएगी। भारत अपने फैसले खुद लेता है।

## पेज एक का शेष

### भारत-अमेरिका

है। इस मुनाफे से रूस की संघर्ष क्षमता को ताकत मिलती है। यूक्रेनी और रूसी लोग मारे जा रहे हैं। अमेरिकी करदाता इसकी कीमत चुका रहे हैं। भारत सच्चाई का सामना नहीं कर सकता, बस बहानेबाजी करता है। नेशनल इकनॉमिक काउंसिल के निदेशक और ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार केविन हैसेट ने भारत को लेकर एक गंभीर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप और उनकी व्यापारिक टीम इस बात से निराश हैं कि भारत रूस से तेल खरीद के माध्यम से रूस-यूक्रेन युद्ध को परोक्ष रूप से आर्थिक मदद पहुंचा रहा है। हैसेट ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि व्यापार टीम और राष्ट्रपति इस बात से निराश हैं कि भारत रूस के यूक्रेन युद्ध को धन देना जारी रखे हुए है, यह एक कूटनीतिक मुद्दा है और उम्मीद है कि इसमें जल्द ही सकारात्मक प्रगति होगी।

### ट्रंप की

हैं। भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के ट्रंप के फैसले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। इसमें से 25 प्रतिशत शुल्क रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर लगाया गया था। भारत ने अमेरिकी कार्वाई को अनुचित और विवेकहीन बताया था।

इससे पहले, भारत के साथ संबंधों को पुनः स्थापित करने की संभावना के बारे में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच विशेष संबंध हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। ट्रंप ने कहा, मैं हमेशा (नरेन्द्र) मोदी का मित्र रहूंगा, वह एक महान प्रधानमंत्री हैं। लेकिन वह इस समय जो कर रहे हैं, मुझे पसंद नहीं है। उन्होंने ओवल ऑफिस में कहा, भारत और अमेरिका के बीच विशेष संबंध हैं। चिंता की कोई बात नहीं है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार कहा था कि अमेरिका भारत को चीन के हाथों खो रहा है। इस पोस्ट के बारे में पूछे जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मुझे नहीं लगता कि ऐसा हुआ है। मैं इस बात से बहुत निराश हूं कि भारत रूस से इतना तेल खरीद रहा है। उन्होंने कहा, मैंने उन्हें बताया कि हमने भारत पर बहुत बड़ा शुल्क लगाया है - 50 प्रतिशत शुल्क, बहुत ज्यादा सुल्क। जैसा कि आप जानते हैं, मोदी के साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं, वह कुछ महीने पहले यहां आए थे।

### विकसित यूपी

जानें नहीं गईं, उससे अधिक लोग हर साल सड़क हादसों में मारे जाते हैं। इनमें अधिकतर युवा होते हैं, जिससे परिवार उजड़ जाते हैं। यह समाज और सरकार दोनों के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलने वाले हर व्यक्ति की सुरक्षा परिवहन विभाग की जिम्मेदारी है। यदि किसी यात्री की जान बचती है तो यह विभाग की सकारात्मक छवि बनाता है, लेकिन लापरवाही से जान जाने पर न केवल विभाग की बदनामी होती है, बल्कि आर्थिक क्षति भी होती है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बस चालकों का नियमित मेडिकल और फिजिकल फिटनेस टेस्ट हर तीन महीने में अनिवार्य रूप से कराया जाए। विशेष रूप से आंखों की जांच जरूरी है ताकि दृष्टि दोष के कारण दुर्घटनाएं न हों। सड़क पर अंदाजे से गाड़ी चलाने की छूट नहीं दी जा सकती।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाना होगा। इसके लिए आईआईटी खड़गपुर जैसी संस्थाओं की तकनीकी मदद, पुलिस और अन्य विभागों का समन्वय, साथ ही स्कूलों में ट्रैफिक नियमों पर शिक्षा जरूरी है। उन्होंने हेलमेट, सीट बेल्ट, नशे में ड्राइविंग, ओवरस्पीडिंग जैसी स्थितियों पर कड़े नियम लागू करने और मीडिया—डिजिटल, प्रिंट, सोशल व विजुअल—के माध्यम से प्रचार-प्रसार बढ़ाने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकार या विभाग की नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग—गांव-शहर, युवा-बुजुर्ग, महिला-पुरुष की साझा जिम्मेदारी है। जब सभी लोग इसमें जुड़ेंगे तो सड़क हादसों को न्यूनतम स्तर तक लाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा विकसित एक ऐप के जरिए अत्यधिक दुर्घटना वाले क्षेत्रों की पहचान की गई, जिससे कई स्थानों पर हादसों की संख्या घटकर महीने में 18 से घटकर 3 तक हो गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेट जीरो एमिशन लक्ष्य को पूरा करने के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल महत्वपूर्ण माध्यम हैं। परिवहन और नगर विकास विभाग गांव-गांव कनेक्टिविटी और बेहतर पब्लिक ट्रांसपोर्ट के जरिए न सिर्फ प्रदूषण कम कर सकते हैं, बल्कि 3 लाख तक नए रोजगार भी सृजित कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस स्टेशन विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस हों, बसें सड़कों पर अव्यवस्थित खड़ी न रहें और यात्रियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित माहौल मिले, इसके लिए ठोस प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स को और सुदृढ़ किया जाए और विभाग जवाबदेही के साथ काम करे। इस अवसर पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक जय देवी, अमरेश कुमार, ओपी श्रीवास्तव, योगेश शुक्ल, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, मुकेश शर्मा, प्रमुख सचिव (परिवहन) अमित गुप्ता, परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह, परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश में हो

स्टेडियम योगी-योगी के नारों से गूंज उठा। सीएम योगी ने बीसीसीआई वरिष्ठ पदाधिकारियों, सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों के साथ मैच का लुत्फ भी उठाया। सीएम योगी ने कहा कि यूपी टी-20 लीग युवाओं के लिए बेहतर है। सरकार सूबे में कई क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण करा रही है। सीएम योगी ने मैदान में पहुंचकर दोनों टीमों के कप्तानों और खिलाड़ियों से मुलाकात कर परिचय प्राप्त किया और ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। उन्होंने स्टेडियम में तैयारियों में जुटे कर्मचारियों से भी बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन किया। सीएम योगी ने रोबोट चुलबुल से सिक्का लेकर फाइनल मैच का टॉस कराया और घंटा बजाकर मैच के शुभारंभ किया।

बीसीसीआई उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने सीएम का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से बन रहा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम इस वर्ष के अंत तक पूरा होगा, जिसमें 70% कार्य पूर्ण हो चुका है। अयोध्या और गोरखपुर में भी स्टेडियम निर्माणाधीन हैं, जबकि मेरठ में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के साथ अंतरराष्ट्रीय मानकों के स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश की खेल नीति की सराहना करते हुए कहा कि हर गांव में खेल मैदान, हर विकासखंड में मिनी स्टेडियम और हर जनपद में स्टेडियम बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। पुराने खिलाड़ियों को कोच के रूप में नियुक्त कर उभरते खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देने की योजना भी लागू की जा रही है। उन्होंने बीसीसीआई से अनुरोध किया कि 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश को कम से कम दो टीमें दी जाएं, ताकि स्थानीय खिलाड़ियों को अधिक अवसर मिलें। सीएम योगी ने खिलाड़ियों और दर्शकों के उत्साह की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए उत्तर प्रदेश को खेलों में अग्रणी बनाने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर बीसीसीआई के वरिष्ठ पदाधिकारी, यूपीसीए के वरिष्ठ पदाधिकारी, बीसीसीआई के उपाध्यक्ष व राज्य सभा सांसद राजीव शुक्ला, यूपी टी 20 लीग के चेयरमैन डॉ. डीएम चौहान, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत कई गणमान्य भी मौजूद रहे।

### बिहार के

हेरफेर के विपक्षी दलों के आरोपों के बीच निर्वाचन आयोग गहन पुनरीक्षण के तहत अतिरिक्त कदम उठाए हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अवैध प्रवासियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज न हो। मतदाता बनने के इच्छुक या राज्य के बाहर से आने वाले आवेदकों की श्रेणी के लिए एक अतिरिक्त घोषणा पत्र पेश किया गया है। उन्हें यह शपथपत्र देना होगा कि उनका जन्म एक जुलाई 1987 से पहले भारत में हुआ था और जन्मतिथि औराया जन्मस्थान को प्रमाणित करने वाला कोई भी दस्तावेज पेश करना होगा।

### जनजातीय

सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल के जरिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। हमारा प्रयास है कि उत्तराखंड का पानी और जवानी, यहीं के काम आए। युवा पलायन करने के बजाय, रोजगार प्रदान करने वाले बने।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनियुक्त शिक्षक नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई योजनाएं जनजातीय क्षेत्रों की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के साथ ही स्थानीय निवासियों को बेहतर अवसर और संसाधन उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देशभर में आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए ऐतिहासिक पहल की जा रही हैं। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाना इसका बड़ा उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारें केवल घोषणाओं तक सीमित रहीं, जबकि वर्तमान में केंद्र सरकार ने जनजातीय बजट को तीन गुना बढ़ाकर शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका से जुड़ी योजनाओं को मजबूती दी है।

धामी ने जानकारी दी कि उत्तराखंड के 128 गांवों को प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान में शामिल किया गया है। राज्य में कालसी, मेहरावना, बाजपुर और खटीमा में चार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जहां बच्चों को निःशुल्क शिक्षा एवं छात्रावास की सुविधा मिल रही है। साथ ही पिथौरागढ़ में भोटिया और राजी जनजाति के विद्यार्थियों के लिए नए एकलव्य विद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास, उमेश शर्मा काऊ, सविता कपूर, दलीप सिंह रावत, प्रमोद नैनवाल, जनजाति आयोग की अध्यक्ष लीलावती राणा, समाज कल्याण सचिव श्रीधर बाबू अद्दांकी, जनजाति कल्याण निदेशक संजय टोलिया, समाज कल्याण निदेशक चंद्र सिंह धर्मशक्तू समेत अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

### भारी बारिश

की आवाजाही के लिए बंद हैं। कठुआ से कश्मीर तक करीब 3700 से ज्यादा वाहन फंस गए हैं। श्रीनगर और बडगाम में भारी बारिश के बाद कई इलाकों में पानी भर गया। माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार 11 दिन से बंद है। 26 अगस्त को हुए भूस्खलन के बाद यात्रा स्थगित कर दी गई थी। गुजरात के सूरत और वडोदरा जिलों में लगातार हो रही भारी बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। नर्मदा और किम नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने से बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। प्रशासन ने निचले इलाकों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। बड़वानी में शनिवार को मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित लोकप्रिय पर्यटन स्थल तोरणमाल में लगातार बारिश के कारण भूस्खलन हुआ है। पहाड़ी से बड़ी चट्टानें सड़क पर गिर गई हैं। इस कारण दोनों तरफ यातायात पूरी तरह रुक गया है। कई वाहन दोनों तरफ फंसे हुए हैं। प्रशासन मार्ग को खोलने के प्रयास कर रहा है। तोरणमाल एक हिल स्टेशन है, जहां बारिश के मौसम में पर्यटकों की विशेष आवाजाही रहती है। जिलेभर से लोग यहां छुट्टियां बिताने आते हैं।

### पीईटी में दूसरे

पाली 6,32,999 अभ्यर्थियों में 4,83,884 अभ्यर्थी उपस्थित रहे।




# यूपी में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कर रहे प्रयास : योगी

- मुख्यमंत्री ने बीसीसीआई से की मांग, प्रदेश को दी जायें कम से कम दो क्रिकेट टीमें,
- चुलबुल से सिक्का लेकर फाइनल मैच का टॉस कराया
- घंटा बजाकर किया मैच के शुभारंभ
















खेल संवाददाता

लखनऊ। यूपी टी 20 लीग का भव्य समापन शनिवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर फाइनल मैच का टॉस उछालकर शुभारंभ किया। काशी रुद्रास और मेरठ मावेरिक्स के बीच हुए इस रोमांचक मुकाबले ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया। उन्होंने इस अवसर पर बीसीसीआई से अनुरोध किया कि 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश को कम से कम दो टीमें दी जाएं, ताकि स्थानीय खिलाड़ियों को अधिक अवसर मिलें। सीएम योगी के आगमन पर दर्शकों का उत्साह चरम पर दिखा। पूरा स्टेडियम 'योगी-योगी' के नारों से गूंज उठा। सीएम योगी ने बीसीसीआई वरिष्ठ पदाधिकारियों, सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों के साथ मैच का लुत्फ भी उठाया। सीएम योगी ने कहा कि यूपी टी-20 लीग युवाओं के लिए बेहतर है। सरकार सूबे में कई क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण करा रही है। सीएम योगी ने मैदान में पहुंचकर दोनों टीमों के कप्तानों और खिलाड़ियों से मुलाकात कर परिचय प्राप्त किया और ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। उन्होंने स्टेडियम में तैयारियों में जुटे कर्मचारियों से भी बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन किया। सीएम योगी ने रोबोट चुलबुल से सिक्का लेकर फाइनल मैच का टॉस कराया और घंटा बजाकर मैच के शुभारंभ किया। बीसीसीआई उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने सीएम का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से बन रहा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम इस वर्ष के अंत तक पूरा होगा, जिसमें 70% कार्य पूर्ण हो चुका है। अयोध्या और गोरखपुर में भी स्टेडियम निमार्णाधीन हैं, जबकि मेरठ में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के साथ अंतरराष्ट्रीय मानकों के स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश की खेल नीति की सराहना करते हुए कहा कि हर गांव में खेल मैदान, हर विकासखंड में मिनी स्टेडियम और हर जनपद में स्टेडियम बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। पुराने खिलाड़ियों को कोच के रूप में नियुक्त कर उभरते खिलाड़ियों को मिलेगा मौका।

## मेरठ मावरिक्स ने 9 विकेट पर बनाये 144 रन

खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश टी-20 लीग 2025, सीजन 3 का फाइनल के रोमांचक मुकाबले में अपनी दूसरी पारी की शुरूआत अत्यंत धमाकेदार अंदाज में की—जिसे हम 'फास्ट इनिंग' कह सकते हैं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और अपनी पारी 144/9 पर समाप्त की। जबकि ने सिर्फ 24 रन देकर 2 सफल विकेट लिए, जो के लिए चिंता का विषय था। आखिरकार मैच की तस्वीर पलटने को तैयार हो गई। इसके बाद आते ही ने अपनी पारी को आग लगा दिया। पहले 2.2 ओवर तक ने सिर्फ 8 गेंदों में 19 रन बनाए—जो कि चार छक्कों की बरसात थी। साथ ही, काशी रूद्रास ने 4 गेंदों में 2 रन बनाकर ओवर को मिलाकर 22/0 कराया।

आगे बढ़ते हुए, 4.3 ओवर तक साझेदारी 46 रन पर पहुंच चुकी थी, जिसमें करन शर्मा 15 गेंदों में 29 रन (स्ट्राइक रेट लगभग 193) और गोस्वामी 12 गेंदों में 8 रन बना चुके थे। इस तेज साझेदारी ने रूद्रास को जीत की राह पर जमाया। उनके पास 99 रनों का लक्ष्य था जिसे उन्होंने 93 गेंदों में साधने थे। यह तेज और आक्रामक शुरूआत काशी रूद्रास के लिए न केवल आत्मविश्वास बढ़ाने वाली थी, बल्कि मैच पर मानसिक दबाव बनाए रखने का अहम हथियार साबित हुई। मावरिक्स के गेंदबाजों की रणनीति भी पहले ओवर में पूरी तरह चरमरा गई थी। अगर मैच का पूरा स्कोरकार्ड और परिणाम चाहिए—जैसे की जीत किसने हासिल की, प्लेयर ऑफ द मैच कौन रहा, और अंत तक मैच कैसा मोड़ लिया—तो उससे संबंधित और अपडेट्स भी मैं आपके लिए ला सकता हूँ। यह सीजन युवा प्रतिभाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा। डीएस चौहान (लीग चेयरमैन) ने कहा कि यह एक शानदार मंच रहा, जहाँ रेलवे के उत्तर प्रदेश निवासी खिलाड़ियों को शामिल किया गया, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा मिला। खिलाड़ियों जैसे प्रशांत वीर, आदर्श सिंह, अराध्या यादव ने अच्छा प्रदर्शन किया। इस सीजन में 4 शतक, 50 अर्धशतक, छह 200+ टीम स्कोर, 550 छक्के, और 813 सीमाएँ लगीं। रिंक सिंह की अनुपस्थिति के बावजूद मेरठ मावरिक्स के कप्तान माधव कौशिक ने सकारात्मक नजरिया रखा, और काशी रूद्रास के कप्तान करन शर्मा ने टीम की सतत मेहनत को जोर दिया। 4.3 ओवर में, दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर 46 रन (27 गेंदों में) की साझेदारी पूरी कर ली, जिसमें करन शर्मा ने सिर्फ 15 गेंदों में 29 रन बनाए (लगभग 193 की स्ट्राइक रेट) और काशी रूद्रास ने 12 गेंदों में 8 रन जोड़े। इस तेजी ने काशी रूद्रास को 99 रनों की विजयी राह पर मजबूती से रखा, जहाँ उन्हें 93 गेंदें बची हुई थीं, और स्ट्राइक रेट भी 10.22 था—विजय लक्ष्य 145 रन दर्ज था।

## एशिया कप : सूर्यकुमार के नेतृत्व में भारत ने शुरू की तैयारी

एजेंसी

दुबई। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप की तैयारी के लिए ट्रेनिंग के पहले दिन अपने साथी खिलाड़ियों की ऊर्जा और प्रतिबद्धता की सराहना की।

उन्होंने कहा कि साथी खिलाड़ियों की ऊर्जा और कौशल ने उन्हें टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए आत्मविश्वास दिया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ करेगा। उसके बाद 14 सितंबर को पाकिस्तान और 19 सितंबर को ओमान के खिलाफ अहम मुकाबला होगा। प्लेऑफ 20 सितंबर से शुरू होंगे। गत चैंपियन भारत ने शुक्रवार को आईसीसी अकादमी में एशिया कप की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए पूर्ण अभ्यास सत्र में भाग लिया। स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी के बाद वापसी कर रहे सूर्यकुमार ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, इतने अविश्वसनीय कौशल वाले शानदार खिलाड़ियों की टीम होना शानदार है। जब भी मैं मैदान पर इन लड़कों को देखता हूं, मेरे चेहरे पर हमेशा मुस्कान आ जाती है। उन्होंने कहा मैं उनसे जैसा चाहता हूं, वे वैसा ही प्रदर्शन करते हैं। साथ ही वे मैदान पर इसका आनंद लेते हैं। हाल में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भारत को 2-2 से ड्रॉ कराने वाले उप-कप्तान शुभमन गिल ने भी कप्तान की बातों से सहमत होते हुए दोहराया, मैं बहुत उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि यह एक बेहतरीन टीम है। और जिस तरह से हम टी20 में खेल रहे हैं, यह मनोरंजक और शानदार है। इसलिए इस टीम के साथ खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। पंजाब के इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने फिटनेस अभ्यास और नेट सत्र के दौरान सभी का ध्यान आकर्षित किया। संजू सैमसन, जितेश शर्मा, तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा ने भी शुक्रवार को ट्रेनिंग के पहले दिन काफी बल्लेबाजी की।



इंग्लैंड में 2-2 से ड्रॉ हुई टेस्ट श्रृंखला के बाद टीम पहली बार ट्रेनिंग कर रही है। गिल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव सहित कई खिलाड़ियों ने टीम में वापसी करने से पहले एक महीने का आराम किया था। सीनियर खिलाड़ियों में बुमराह भी ब्रिजटाउन में 2024 विश्व कप फाइनल के बाद से टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी से उत्साहित हैं। बुमराह ने कहा, लंबे समय के बाद टी20 टीम में शामिल होकर वाकई अच्छा लग रहा है।

## हॉकी : चीन को भारत ने 7-0 से हराया

एजेंसी

राजगीर। स्ट्राइकर अभिषेक के दो गोल की बदौलत भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां सुपर चार के आखिरी मैच में चीन को 7-0 से हराकर एशिया कप टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। अभिषेक ने मैच के 46वें और 50वें मिनट में गोल दागे। उनसे पहले इस एकतरफा मुकाबले में शिलानंद लाकड़ा (चौथे मिनट), दिलप्रीत सिंह (सातवें), मनदीप सिंह (18वें), राजकुमार पाल (37वें) और सुखजीत सिंह (39वें) के गोल ने टीम की बड़ी जीत पक्की कर दी। रविवार को खेले जाने वाले फाइनल में भारत के सामने मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया की चुनौती होगी। इस जीत के साथ भारत सुपर




चार लीग तालिका में सात अंकों के साथ शीर्ष पर रहा जबकि दक्षिण कोरिया चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। चीन और मलेशिया दोनों तीन-तीन अंकों के साथ उनसे पीछे रहे। इससे पहले भारत ने सुपर चार चरण के अपने शुरुआती दो मैचों में दक्षिण कोरिया के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था और मलेशिया को 4- । से हराया था।

## दूबे और यादव के अर्धशतकों से मध्य क्षेत्र ने हासिल की बढ़त

एजेंसी

बेंगलुरु। हर्ष दूबे (75 रन) और उपेंद्र यादव (87 रन) ने अलग अलग अंदाज में अर्धशतक जड़कर मध्य क्षेत्र को शनिवार को यहां पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई जिससे टीम दलीप ट्रॉफी के फाइनल की दहलीज पर पहुंच गई।

सेमीफाइनल के तीसरे दिन स्टंप तक मध्य क्षेत्र ने आठ विकेट पर 556 रन बनाकर पहली पारी के हिसाब से 118 रन की बढ़त बना ली। दिन के अंतिम ओवर में दीपक चाहर (33 रन) के आउट होने के बाद सारांश जैन 37 और यश ठाकुर चार रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। दूबे और यादव ने छठे विकेट के लिए 134 रन की भागीदारी निभाकर पश्चिम क्षेत्र से मैच छीन लिया। दोनों की बल्लेबाजी का अंदाज अलग था। यादव ने जहां संयम से बल्लेबाजी की तो वहीं दूबे ने आक्रामकता दिखाई।

महाराष्ट्र के ऑलराउंडर दूबे ने शुरुआत से ही ताबड़तोड़ चौके जड़े। उन्होंने शुरूआती 25 रन के अंदर पांच बाउंड्री लगा दी थीं। पर फिर भी 62 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। यादव ने 37 रन पर मिले जीवनदान का फायदा उठाया और 84 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

## भारतीय तीरंदाजों का कम्पाउंड पुरुष व मिश्रित में पदक पक्का

एजेंसी

ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया)। भारतीय तीरंदाजों ने विश्व चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए शनिवार को कम्पाउंड पुरुष टीम और मिश्रित स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचकर कम से कम दो पदक पक्के कर लिए।

पुरुष टीम ने दबाव में अद्भुत संयम दिखाया और तीनों मुकाबलों में पिछड़ने के बाद वापसी करते जीत दर्ज की। टीम के सामने अब रविवार को फाइनल में फ्रांस की चुनौती होगी। भारतीय टीम ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया को शूट-ऑफ में हराया। टीम ने इसके बाद अमेरिका को एक अंक और फिर तीसरी वरीयता प्राप्त तुर्की को दो अंकों



से हराया। विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण कर रहे 23 वर्षीय ऋषभ यादव 709 अंक हासिल कर आठवें स्थान के साथ भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे। वह दोहरा पदक जीतने की दौड़ में है। पुरुष टीम को फाइनल तक पहुंचाने के बाद उन्होंने अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम के साथ मिलकर मिश्रित टीम खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने जर्मनी, अल सल्वाडोर और चीनी ताइपे को एकतरफा मुकाबलों में हराया। भारतीय जोड़ी रविवार को स्वर्ण पदक के लिए नीदरलैंड से भिड़ेगी। ज्योति पहले ही अभिषेक वर्मा के साथ यांकटन 2021 में मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीत चुकी हैं और 29 साल की इस खिलाड़ी का लक्ष्य इस बार एक कदम और आगे बढ़ना होगा।

वह सातवीं बार विश्व चैंपियनशिप में भाग ले रही हैं। इससे पहले क्वालीफिकेशन में यादव के 709 अंकों के अलावा अमन सैनी (707, 15वां स्थान) और प्रथमेश फुगे (706, 19 वां स्थान) की तिकड़ी दूसरे स्थान पर रही। इस तिकड़ी ने 232-232 के स्कोर के बाद शूट-ऑफ में आठवें स्थान पर रहे ऑस्ट्रेलिया को हराकर 30-28 से मुकाबला जीत लिया। उन्होंने अमेरिका के खिलाफ 234-233 से मामूली अंतर से जीत हासिल की।

## तोक्यो विश्व चैंपियनशिप : चोपड़ा और नदीम के बीच होगा मुकाबला

एजेंसी

नयी दिल्ली। शीर्ष भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम इस महीने के अंत में तोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में फिर से पेरिस ओलंपिक भाला फेंक फाइनल की तरह मुकाबले के लिए तैयार हैं।

मौजूदा विश्व चैंपियन चोपड़ा 13 से 21 सितंबर के बीच होने वाली इस प्रतियोगिता में 19 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व कर रहे हैं जबकि नदीम पाकिस्तान के एकमात्र एथलीट हैं।




नदीम ने अगस्त 2024 में पेरिस में 92.97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड थ्रो के साथ चोपड़ा को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। तब से दोनों प्रतिद्वंद्वी एक-दूसरे के खिलाफ नहीं खेले हैं।

# भारत को बेहतर विपक्षी नेताओं की जरूरत

## जीएसटी की आलोचना गलत जानकारी पर आधारित: सीतारमण

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी सुधारों को लेकर मोदी सरकार की आलोचना को गलत जानकारी पर आधारित करार देते हुए शनिवार को कहा कि भारत को बेहतर विपक्षी दल और बेहतर विपक्षी नेताओं की जरूरत है। सीतारमण ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दल ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू किये जाने के समय चार कर दर रखने के लिए भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को जिम्मेदार ठहराया था। वित्त मंत्री ने कहा कि चार कर दर रखने का फैसला भाजपा का नहीं था और न ही ऐसा था कि तत्कालीन केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली अलग-अलग कर दर या किसी खास वस्तु पर जीएसटी दर तय कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों के मंत्री भी इस फैसले में शामिल थे। सीतारमण ने सवाल किया, क्या उन्हें (विपक्ष को) इसकी जानकारी नहीं है? जुलाई 2017 में जीएसटी के क्रियान्वयन से पहले चार जीएसटी दर तय करने में विपक्षी दल शासित राज्यों की भूमिका के बारे में बताते हुए सीतारमण ने कहा कि देश को पेड़ कटाई जैसे मुद्दों के खिलाफ व्यापक जन आंदोलन की तर्ज पर बेहतर विपक्ष और बेहतर विपक्षी नेताओं के लिए भी मुहिम चलाने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अगर विपक्षी नेता तथ्य पेश कर उन्हें गलत साबित कर दें, तो उन्हें माफी मांगने में कोई हिचकिचाहट



नहीं होगी। सीतारमण ने कहा, मुझे कोई अहम नहीं है। मैं लोगों से माफी मांगने के लिए भी तैयार हूं। लेकिन वे (विपक्षी नेता) जो कह रहे हैं, वह बकवास है। उन्होंने कहा, कांग्रेस अब हरकत में आ गई है। अगर आप मुद्दे को नहीं समझते हैं, तो कम से कम आप चुप रह सकते हैं। सीतारमण ने मुख्य विपक्षी दल को याद दिलाया कि राज्यों के वित्त मंत्रियों की एक अधिकार प्राप्त समिति ने ही जीएसटी लागू होने से पहले चार कर दर रखने का फैसला किया था। उन्होंने कहा कि 2017 से जीएसटी में क्या लागू किया जाना है, इसका खाका इसी समिति ने तैयार किया था। बुधवार को, केंद्र और राज्यों के वित्त मंत्रियों की भागीदारी वाली जीएसटी परिषद ने जीएसटी के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया। सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के कार्यकाल सहित कई वर्षों तक चले विचार-विमर्श के दौरान विपक्षी दल शासित अन्य राज्यों के वित्त मंत्रियों के अलावा वामपंथी नेता और पश्चिम बंगाल के तत्कालीन वित्त मंत्री असीम दासगुप्ता अधिकार प्राप्त समिति के प्रमुख के रूप में परामर्श को आगे बढ़ाने में शामिल रहे थे। अधिकार प्राप्त समिति ने विभिन्न राज्यों में किसी वस्तु पर कर की विभिन्न दरों का आकलन किया, एक औसत निकाला और फिर उस उत्पाद को औसत के निकटतम चार जीएसटी दरों में से एक में रखने पर सहमति जताई। वित्त मंत्री के पद पर सीतारमण का यह सातवां वर्ष है। वित्त मंत्री के तौर पर उन्होंने उपभोक्ताओं को राहत देने के मकसद से सरकार के कुछ प्रमुख सुधारों की अगुवाई की, जिसमें पिछले आम बजट में आयकर छूट की सीमा बढ़ाकर 12 लाख रुपये किया जाना और उद्योगों की मदद के लिए कई उपायों की घोषणा शामिल है, लेकिन आर्थिक मुद्दों पर उन्हें अक्सर विपक्ष की आलोचना का सामना करना पड़ा है।

# भारी कर बोझ झेलने वाले लोगों को जीएसटी सुधारों से बड़ी राहत मिली

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से न केवल आम लोगों को फायदा होगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि केंद्र में उसके शासनकाल के दौरान कर का भारी बोझ था।



माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद का अहितकर और विलासिता की वस्तुओं की श्रेणी को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की श्रेणी में लाने तथा कई आवश्यक वस्तुओं पर कर को शून्य करने का निर्णय 22 सितंबर को नवरात्रि के पहले दिन से लागू होगा। यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहा, आगामी 22 तारीख, नवरात्रि का पहला दिन, हम सभी के लिए, सभी मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए और इस देश के 140 करोड़ नागरिकों के लिए एक नयी खुशी लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का काम करेंगे। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि इस सुधार से देश के 140 करोड़ लोगों के जीवन में बड़ी राहत आई है। 2014 से पहले (कांग्रेस के शासन के दौरान) हर वस्तु पर लगने वाले विभिन्न प्रकार के करों के जाल के कारण आम लोगों पर भारी बोझ था। वैष्णव ने कहा कि नवीनतम जीएसटी सुधार और पहले घोषित 12 लाख रुपये तक की आयकर छूट देश में मध्यम वर्गीय परिवारों सहित आम लोगों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। भाजपा नेता ने कहा कि सरकार लगभग डेढ़ साल से जीएसटी सुधारों पर काम कर रही थी और प्रधानमंत्री लगातार इस पर नजर रख रहे थे और हर कदम पर मार्गदर्शन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लिया गया यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय है। उन्होंने लाल किले की प्राचीर से देश को एक नया आश्वासन दिया था। उन्होंने इस घोषणा के साथ उस संकल्प को वास्तविकता में बदल दिया है।

## संक्षेप

### पीएम के दौरे के लिए इंफाल में बनाया जा रहा मंच

इंफालाचुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अगले सप्ताह संभावित मणिपुर दौरे के मद्देनजर मणिपुर के इंफाल स्थित कांगला किले में एक भव्य मंच बनाया जा रहा है और इलाके में सफाई व रंग-रोगन का काम भी जारी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने किले में निर्माण व सफाई कार्यों के उद्देश्य का जिक्र नहीं किया लेकिन बताया कि इन कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री के 13 सितंबर को मणिपुर आने की संभावना है। मेइती और कुकी लोगों के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद प्रधानमंत्री मोदी पहली बार राज्य का दौरा करेंगे। एक अधिकारी ने बताया, इंफाल के कांगला किले में एक भव्य मंच का निर्माण कार्य जारी है। मंच के सामने 15,000 से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। किले के अंदर सफाई और रंग-रोगन का काम भी जारी है। कांगला किला पूर्व मणिपुरी शासकों की पारंपरिक सत्ता का केंद्र रहा है। एक अन्य अधिकारी ने बताया, मंच के निर्माण के लिए सामग्री मणिपुर के बाहर से मंगवाई जा रही है और निर्माण कार्यों में 100 से ज्यादा मजदूर लगाए जा रहे हैं। साथ ही, सुरक्षाकर्मियों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। किले में प्रवेश करने वाले आगंतुकों की पहचान दर्ज की जा रही है।

# खालिस्तानी चरमपंथियों को प्राप्त हुई कनाडा में वित्तीय सहायता

ओटावा। आतंकवाद के वित्तपोषण पर कनाडा सरकार की एक नयी रिपोर्ट के अनुसार कम से कम दो खालिस्तानी चरमपंथी समूहों को देश के भीतर से वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है। 2025 असेस्मेंट ऑफ मनी लॉन्डरिंग एंड टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क इन कनाडा शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कनाडा के अंदर से वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले खालिस्तानी चरमपंथी समूहों की पहचान बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन के रूप में की गई। ओटावा की खुफिया एजेंसी की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि 1980 के दशक के मध्य से कनाडा में राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसक चरमपंथ का खतरा खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा भारत के पंजाब में खालिस्तान नामक एक स्वतंत्र राष्ट्र बनाने के लिए हिंसक तरीकों का इस्तेमाल करने की कोशिश के माध्यम से उत्पन्न हुआ था।

उक्त रिपोर्ट के दो महीने बाद कनाडा सरकार की नयी रिपोर्ट आयी है। नयी रिपोर्ट के मुताबिक, राजनीति से प्रेरित हिंसक चरमपंथ ने नयी राजनीतिक व्यवस्थाएं या मौजूदा व्यवस्थाओं के भीतर नयी संरचनाओं और मानदंड स्थापित करने के लिए हिंसा के इस्तेमाल को प्रोत्साहित किया। रिपोर्ट के अनुसार, राजनीति से प्रेरित हिंसक चरमपंथ में धार्मिक तत्व शामिल हो सकते हैं लेकिन इसके कारक नस्लीय या जातीय वर्चस्व के बजाय राजनीतिक आत्मनिर्णय या प्रतिनिधित्व पर ज्यादा केंद्रित होते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कनाडा में आपराधिक संहिता के तहत सूचीबद्ध और राजनीति से प्रेरित हिंसक चरमपंथ में शामिल कई आतंकवादी संगठन जैसे हमास, हिज्बुल्ला और खालिस्तानी हिंसक चरमपंथी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल तथा इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन कनाडा के अंदर से ही वित्तीय सहायता प्राप्त करते पाये गए हैं।

# कांग्रेस ने भागवत के तीन बच्चों वाले बयान को लेकर कटाक्ष किया

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत के तीन बच्चों से संबंधित हालिया बयान को लेकर शनिवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि क्या हम दो, हमारे दो केवल मोदी सरकार पर लागू होगा।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने इस बात का उल्लेख किया कि कुछ भाजपा शासित राज्यों में दो से अधिक बच्चे होने पर स्थानीय चुनाव लड़ने और सरकारी पद पर नियुक्ति से रोक जैसे कदम उठाए गए हैं। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, गुजरात में जिन व्यक्तियों के दो से अधिक बच्चे हैं, उन्हें स्थानीय निकायों (पंचायत,



नगरपालिका और नगर निगम) के चुनाव लड़ने से अयोग्य करार दिया जाता है। असम में जिन व्यक्तियों के दो से अधिक बच्चे हैं, वे राज्य सरकार की किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तराखंड में जिन व्यक्तियों के दो से अधिक बच्चे हैं, उन्हें पंचायत चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। रमेश का कहना है, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पांच दिन में 75 वर्ष के होने वाले है। उन्होंने प्रत्येक भारतीय दंपति से हम दो, हमारे तीन की नीति अपनाने की अपील की है। उन्होंने तंज कसते हुए सवाल किया कि क्या हम दो हमारे दो केवल मोदी सरकार पर लागू होगा? भागवत ने बीते 28 अगस्त को कहा था कि जनसंख्या को पर्याप्त और नियंत्रण में रखने के लिए प्रत्येक भारतीय परिवार में तीन बच्चे होने चाहिए। आरएसएस के सौ साल होने पर आयोजित व्याख्यानमाला के अंतिम दिन प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान उन्होंने कहा था, किसी सभ्यता को जीवित रखने के लिए, भारत की जनसंख्या नीति 2.1 (औसत बच्चों की संख्या) का सुझाव देती है, जिसका मूलतः अर्थ तीन बच्चे हैं।

# हजरतबल में लगी पट्टिका में राष्ट्रीय प्रतीक के इस्तेमाल की निंदा

जम्मू। कश्मीर के राजनीतिक दलों ने श्रीनगर के हजरतबल दरगाह में वक्फ बोर्ड द्वारा नवीनीकरण पट्टिका पर राष्ट्रीय प्रतीक के इस्तेमाल की आलोचना की। वहीं कुछ दलों ने इस घटना को लेकर जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष दरख्शां अंद्राबी को बर्खास्त करने की मांग की।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि राष्ट्रीय प्रतीक सरकारी समारोहों के लिए है, धार्मिक संस्थानों के लिए नहीं जबकि पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने इस चिह्न के इस्तेमाल को ईशनिंदा करार दिया। कुछ धार्मिक नेताओं ने दलील दी कि यह इस्लाम की शिक्षाओं के विरुद्ध है। यहां हजरतबल मस्जिद के जीर्णोद्धार की जानकारी देने वाली



पट्टिका पर राष्ट्रीय प्रतीक का इस्तेमाल करने को लेकर विवाद हो गया है, जिसके बाद शुक्रवार को सामूहिक नमाज के ठीक बाद अज्ञात लोगों ने पट्टिका पर लगे चिह्न को तोड़ दिया। जम्मू और कश्मीर वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने राष्ट्रीय चिह्न को हटाने वालों के खिलाफ जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) सहित विभिन्न धाराओं में कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शनिवार को इस घटना के संबंध में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ शांति भंग करने, दंगा करने और आपराधिक साजिश रचने का मामला दर्ज किया। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जम्मू-कश्मीर इकाई ने न केवल पट्टिका को क्षतिग्रस्त करने के दोषियों के खिलाफ बल्कि नेशनल कांफ्रेंस के नेताओं पर सवाल उठाते हुए अशोक स्तंभ को विकृत करने के लिए पर्दे के पीछे काम करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड को उस गलती के लिए माफी मांगनी चाहिए जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। सबसे पहले, यह सवाल उठता है कि क्या इस पट्टिका पर राष्ट्रीय प्रतीक का इस्तेमाल किया जाना चाहिए था या नहीं।

# प्रधानमंत्री मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च-स्तरीय सत्र में नहीं होंगे शामिल

संयुक्त राष्ट्र। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने के अंत में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक उच्च-स्तरीय सत्र में शामिल नहीं होंगे। यहां जारी वक्ताओं की संशोधित अनंतिम सूची से यह जानकारी मिली है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा का 80वां सत्र नौ सितंबर को शुरू होगा। उच्च स्तरीय सत्र 23 से 29 सितंबर तक होगा जिसमें ब्राजील पारंपरिक रूप से सत्र का पहला वक्ता होगा उसके बाद अमेरिका दूसरे स्थान पर होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 23



सितंबर को यूएनजीए के मंच से वैश्विक नेताओं को संबोधित करेंगे। व्हाइट हाउस में अपने दूसरे कार्यकाल में संयुक्त राष्ट्र सत्र में यह उनका पहला संबोधन होगा। उच्च स्तरीय सत्र में शामिल होने वाले वक्ताओं की शुक्रवार को जारी संशोधित अनंतिम सूची के अनुसार भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। वह 27 सितंबर को सत्र को संबोधित करेंगे। दरअसल इससे पहले जुलाई में जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची में यह जानकारी दी गई थी कि प्रधानमंत्री मोदी 26 सितंबर को सत्र को संबोधित करेंगे। इजराइल, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के शासनाध्यक्ष 26 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र को संबोधित करेंगे।

## इंटरटेनमेंट...

# द बंगाल फाइल्स के सामने आ रहीं दिक्कतें

मुंबई। फिल्मकार विवेक अग्निहोत्री ने पश्चिम बंगाल सरकार और पुलिस अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि वे राज्य के सिनेमा मालिकों को उनकी फिल्म द बंगाल फाइल्स को प्रदर्शित न करने के लिए धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में फिल्म निर्माता कानूनी कार्वाई की तैयारी कर रहे हैं।

द बंगाल फाइल्स अग्निहोत्री की द फाइल्स शृंखला की तीसरी और अंतिम फिल्म है। इस शृंखला में इससे पहले द ताशकंद फाइल्स (2019) और द कश्मीर फाइल्स (2022) शामिल रही हैं। नई फिल्म 1946 के अगस्त महीने में कोलकाता में हुए सांप्रदायिक दंगों की पृष्ठभूमि पर आधारित है। द बंगाल फाइल्स शुक्रवार को रिलीज़ होने जा रही है और इसमें मिथुन चक्रवर्ती, अनुपम खेर, पल्लवी जोशी, सास्वत चटर्जी और दर्शन कुमार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के बृहस्पतिवार को आयोजित प्रीमियर के मौके पर अग्निहोत्री ने संवाददाताओं से कहा, पश्चिम बंगाल सरकार जो कुछ भी कर रही है, वह पूरी तरह से अवैध और




असंवैधानिक है। हम रिट याचिका दाखिल करने की योजना बना रहे हैं, लेकिन कल की स्थिति के आधार पर ही अंतिम निर्णय लेंगे और आगे की कानूनी कार्वाई करेंगे।

निर्देशक ने दावा किया कि राज्य के कई सिनेमाघर मालिकों ने उन्हें जानकारी दी है कि उन्हें फिल्म के प्रदर्शन को लेकर डराया जा रहा है। उन्होंने कहा कई थिएटर मालिकों, जिनमें प्रमुख मल्टीप्लेक्स चेन भी शामिल हैं, का कहना है कि उन्हें पुलिस की ओर से धमकी दी गई है कि अगर वे फिल्म रिलीज़ करते हैं तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। वे डरे हुए हैं। अग्निहोत्री ने बताया कि फिल्म को बांग्ला भाषा में डब किया गया है क्योंकि लाखों बंगाली दर्शक इसे देखना चाहते हैं। इस मौके पर फिल्म की निर्माता और अभिनेत्री पल्लवी जोशी ने बताया कि उन्होंने इस मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी हस्तक्षेप की अपील की है। उन्होंने कहा, हमने राष्ट्रपति महोदय से भी गुहार लगाई है। एक महिला होने के नाते मैंने व्यक्तिगत रूप से उन्हें पत्र लिखकर फिल्म की शांतिपूर्ण रिलीज़ सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

# अभिनेता आशीष वारंग का निधन

मुंबई। सूर्यवंशी और दृश्यम जैसी फिल्मों में अभिनय के लिए जाने जाने वाले अभिनेता आशीष वारंग का 55 वर्ष की आयु में हृदय गति रुकने से निधन हो गया है। उनकी टीम ने शनिवार को यह जानकारी दी। अभिनेता की टीम ने उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर एक पोस्ट में कहा कि अभिनेता ने शुक्रवार को अंतिम सांस ली। पोस्ट में कहा गया गहरे दुख के साथ हमें यह सूचित करना पड़ रहा है कि आशीष वारंग का पांच सितंबर को रात 12:00 बजे निधन हो गया, वह बीमारी से बहादुरी से जूझ रहे थे और हृदयाघात से पीड़ित थे। वह एक तेजस्वी व्यक्ति थे जिनकी दयालुता और गर्मजोशी ने कई लोगों के जीवन को छुआ। हालांकि वे हमें छोड़कर चले गए हैं, लेकिन उनका प्यार और यादें हमेशा हमारे दिलों में रहेंगी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

# कॉमेडी की जीवंतता उसे दर्शकों के साथ साझा करने में : सुनील ग्रोवर



नयी दिल्ली। हास्य कलाकार सुनील ग्रोवर का मानना है कि दर्शकों के साथ साझा करने पर ही कॉमेडी सबसे अधिक जीवंत प्रतीत होती है। अभिनेता सुनील ग्रोवर शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में अपने शो कॉमेडी ओवरलोड के जरिये मंच पर प्रस्तुति देंगे। ग्रोवर इस कार्यक्रम के तहत अपराह्न दो बजे और शाम सात बजे 100-100 मिनट की दो प्रस्तुतियां देंगे। द कपिल शर्मा शो में बहुचर्चित किरदार गुत्थी, रिंकू भाभी और डॉ. मशहूर गुलाटी के जरिये अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले ग्रोवर ने कहा कि कॉमेडी ओवरलोड के साथ उनका उद्देश्य दिल्ली के दर्शकों को एक आनंदमय शाम का अनुभव कराना है। ग्रोवर (47) ने एक बयान में कहा, मैं दो साल बाद दिल्ली में प्रस्तुति दे रहा हूं। दिल्ली के लोगों के साथ मेरा पिछला अनुभव वाकई जबरदस्त रहा। मैं एक बार फिर ऐसा ही अनुभव करने के लिए उत्सुक हूं और मुझे उम्मीद है कि इस बार मैं और भी बेहतर प्रदर्शन करूंगा।

# बागी-4 ने पहले दिन कमाये 13.20 करोड़

नयी दिल्ली। टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त अभिनीत फिल्म बागी 4 ने रिलीज के पहले दिन देशभर के सिनेमा घरों की टिकट खिड़की पर 13.20 करोड़ रुपये की कमाई की। निर्माताओं ने शनिवार को यह जानकारी दी। लोकप्रिय कन्नड़ निर्देशक ए. हर्षा की यह पहली हिंदी फिल्म है। यह फिल्म शुक्रवार को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला के बैनर नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट ने सोशल मीडिया पर पहले दिन की कमाई का आंकड़ा साझा किया। पोस्ट में लिखा गया पहले दिन 13.20 करोड़ रुपये। दहाड़ बस शुरू हुई है, प्यार के लिए सभी को धन्यवाद। नजदीकी सिनेमाघरों में देखें बागी 4। यह फिल्म टाइगर की फिल्म बागी की चौथी कड़ी है। फिल्म बागी वर्ष 2016 में रिलीज हुई थी जिसके बाद बागी 2 (2018) और बागी 3 वर्ष 2020 में आई थी। फिल्म से पूर्व मिस यूनिवर्स हरनाज संधू ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। इसके अलावा सोनम बाजवा, श्रेयस तलपड़े और सौरभ सचदेवा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।







आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com